CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, शनिवार 20 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त पेज 2



महिला क्रिकेट विश्वकप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी खेल टाइम्स



पीर अली खान: आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ सम्पादकीय



ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका पेज 12

# स्कूबा डाइविंग हादसे में बॉलीवुड सिंगर जुबीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- इमरान हाशमी के या अली सॉन्ग से मिला था फेम
- सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे जुबीन गर्ग



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग की सिंगापुर में मौत हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार स्कूबा डाइविंग करते वक्त उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी। उन्हें गाड्र्स ने समुद्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई।

जुबीन गर्ग को 2006 में आई इमरान हाशमी स्टारर फिल्म गैंगस्टर के सॉन्ग या अली से फेम मिला था। 52 साल के जुबीन सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे। जुबीन ने असमिया, बंगाली और हिंदी भाषा की फिल्मों में गाने गाए थे। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के प्रतिनिधि अनुज कुमार बोरूआ ने संवाददाताओं को बताया कि हमें बहुत दुख के साथ जुबीन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। स्कूबा डाइविंग के दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद, उन्हें आईसीयू में दोपहर 2.30 बजे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने भी सोशल मीडिया पर सिंगर के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारे प्रिय जुबीन गर्ग के असामयिक निधन से गहरा दु:ख हुआ। असम ने न केवल एक आवाज, बल्कि एक धड़कन भी खो दी है। जुबीन दा एक गायक से कहीं बढ़कर थे, वे असम और राष्ट्र के गौरव थे, जिनके गीतों ने हमारी संस्कृति, हमारी भावनाओं और हमारी आत्मा को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। उनके म्यूजिक में पीढ़ियों ने आनंद, सांत्वना और पहचान पाई। उनके निधन से एक ऐसा शून्य पैदा हुआ है, जो कभी नहीं भरेगा। असम ने अपना सबसे प्रिय सपूत खो दिया है, और भारत ने अपने सबसे बेहतरीन सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनकी विरासत सदैव प्रेरणा देती रहे। शांति

# 'बुकर' विजेता बानू मुश्ताक करेंगी मैसूर दशहरा उत्सव का उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बानू मुश्ताक को दशहरा उत्सव में बुलाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मैसूर चामुंडी मंदिर में दशहरा उत्सव के उद्घाटन में बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

कार्यक्रम 22 सितम्बर को होगा। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट पीबी सुरेश ने दलील दी कि किसी गैर-हिंदू व्यक्ति को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उनके इस तर्क पर कहा कि खारिज। एडवोकेट सुरेश ने दलील दी कि मंदिर के अंदर पूजा को धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक है। कोई कारण नहीं है कि उन्हें धार्मिक उत्सव के लिए मंदिर के अंदर लाया जाए। जस्टिस नाथ ने फिर दोहराया कि खारिज। सीनियर -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर: सुरक्षाबलों पर हमला, असम राइफल्स के दो जवान शहीद, चार घायल

**इम्फाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने रिम अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल जवानों के लिए एम्बुलेंस बुलाई और अस्पताल रवाना किया। रिम अस्पताल में 4 घायल जवानों का इलाज जारी है। घायल जवानों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

## शरजील इमाम, उमर खालिद की जमानत पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितम्बर के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी।
याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर 2025 के संबंधित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था।

## भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 में निर्धारित

**बेंगलुरु।** भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिए गए हैं।

# 'चुनाव का चौकीदार' जागता रहा, चोरी देखता रहा: राहुल

## चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा: 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन वोट चोरी और वोट हटाने के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।

राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी। राहुल ने 18 सितम्बर को दिल्ली में वोट चोरी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें एक व्यक्ति को भी मंच पर बुलाया गया, जिसका नाम हटाया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को राहुल के जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। वे अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं। राहुल ने कहा था कि देश के युवा देश के छात्र, देश के जेन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मैं आलंद चुनाव का पार्टी इन्चार्ज था, मुझे विश्वास था कि वह सीट भाजपा जीतेगी, क्योंकि कांग्रेस ने कभी वह सीट जीती ही नहीं थी। अगर वाकई वोट चोरी हुई है, तो कांग्रेस को इलेक्शन कमीशन का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद पहली बार आलंद सीट जीती।

**गिरिराज ने जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया, कहा: राहुल गांधी अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं**



## पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता वही प्रचार करते हैं राहुल : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता है उसी प्रकार की कहानी गढ़ने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी कंपनी करती है। पिछले कई वर्षों से राहुल गांधी और उनका ग्रुप जो कुछ कहता है, भारत-विरोधी ग्रुप और पाकिस्तान के लोग इस्तेमाल करते देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। देश का गरीब, किसान, देश का हर एक लोग पीएम मोदी को देश का नेता मानता है। राहुल गांधी हो या कोई और बार-बार चुनाव हारने के बाद अपनी कमजोरी को छुपाकर संस्थाओं को ही गाली देंगे, तो कोई नहीं मानेगा। देश बदल चुका है और देश का मिजाज बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत आगे बढ़ चुका है और राहुल गांधी जैसे लोग देश के तेज गति से चलने वाले इंजन को रोकना चाहते हैं जो हो नहीं सकता है। देश उनको माफ नहीं करेगा।

# पाक सोचता था हमलों से हम डर जाएंगे: रक्षा मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 1965 जंग की डायमंड जुबली कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा: आतंकियों को हमने सबक सिखाया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में 1965 की जंग के 60 साल पूरे होने पर एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम भारतीय सेना ने आयोजित किया था।

पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है। हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। कार्यक्रम में उन्होंने उन बहादुर सैनिकों और शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने 60 साल पहले पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में भारत को जीत दिलाई थी। कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वेस्टर्न कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, दिल्ली एरिया के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भावनीश कुमार साथ ही अन्य बड़े अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी का जिक्र किया। अब्दुल हमीद ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था।

# उप्र में बिजली गिरने से सात की मौत, मकान जला, हिमाचल में लैंडस्लाइड

- उत्तराखंड में 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकला शख्स

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में 3, कौशांबी में 2 और हमीरपुर-चंदौली में 1-1 की जान गई है। प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव में बिजली गिरने से एक घर में आग लग गई, हालांकि काबू पा लिया गया है।

वहीं उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदनगर में 18 सितम्बर की रात बादल फटा था। इसके बाद से 14 लोग लापता थे। कुछ लोग मलबे में दब गए थे। घटना के 16 घंटे बाद एक शख्स को मलबे से जिंदा रेस्क्यू किया गया। यहां पर 200 लोग प्रभावित हुए हैं। 35 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हैं। देहरादून-मसूरी रोड अभी भी क्षतिग्रस्त है। मसूरी में मौजूद 2 हजार के करीब टूरिस्ट्स सेफ हैं। इधर, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हुआ। कौशांबी में बिजली गिरने से 2 महिलाओं की मौत हुई। शिमला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सर्कुलर रोड बंद है। एडवर्ड स्कूल की दो दिन की छुट्टी की गई है। कुमारसैन की करेवथी में भी तीन मंजिला मकान धंस गया।

## मुख्तार के बेटे उमर अंसारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमर अंसारी फिलहाल जेल में बंद हैं। जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की एकल पीठ के समक्ष याची उमर की तरफ से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा। गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में उमर पर मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़ाने के लिए फर्जी दस्तावेज और मां के हस्ताक्षर किए हैं।

# आर्यन मान बने डूसू अध्यक्ष, ABVP को 3 सीटें मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एनएसयूआई को मिली उपाध्यक्ष की सीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व विद्यालय छात्र संघ चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए हैं। एबीवीपी ने इस बार तीन सीटों पर जीत हासिल की है, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव का पद शामिल है।

वहीं एनएसयूआई के राहुल झासला ने उपाध्यक्ष का पद जीता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) को संयुक्त रूप से कोई सीट नहीं मिली। छात्र संघ के नए अध्यक्ष मान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत पर 100 प्रतिशत भरोसा था। उन्होंने कहा कि मुझे सभी कॉलेजों के छात्रों का समर्थन प्राप्त था। मेरी पहली प्राथमिकता डीयू छात्रों के लिए मेट्रो रियायती पास की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। इसके अलावा, सभी एथलीटों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना भी मेरी प्राथमिकता होगी। मान ने अपने समर्थकों से विजय उत्सव के दौरान शांतिपूर्ण रहने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, हमें किसी भी प्रकार का विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं है।

# तीन गलतफहमियों के कारण 1965 की लड़ाई में पस्त हुआ था पाक

नई दिल्ली, वार्ता

- पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने कहा: हमारे जवानों ने हौसले और जज्बे का दिया था परिचय



**पाकिस्तान के खिलाफ** 1965 की लड़ाई में बहादुरी और साहस के लिए वीर चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सतीश नाम्बियार ने कहा है कि पाकिस्तान को भारतीय सैनिकों के टूटे मनोबल और हौसले सहित तीन गलतफहमियों के कारण इस लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने 1965 की लड़ाई के 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को यहां आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य पूर्व सैनिकों की मौजूदगी में कहा कि उस समय पाकिस्तान को भारत तथा उसकी सेनाओं को लेकर तीन गलतफहमी थी और उसे इनकी कीमत हार के रूप में चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले तो पाकिस्तान को लगा कि चीन से हार के बाद भारतीय सेनाओं का हौसला पस्त है, दूसरा उसे लगा कि कश्मीर के लोग उसका साथ देंगे और तीसरा उसे गलतफहमी थी कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर से शेष भारत का सड़क मार्ग से संपर्क आसानी से तोड़ देगा। जनरल नाम्बियार ने कहा कि चीन के साथ 1962 की लड़ाई में भारत की शिकस्त के बाद पाकिस्तान को लगा कि भारतीय सेनाओं के हौसले पस्त हैं और जवानों का मनोबल टूटा हुआ है जबकि यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी रणनीतिक गलती या गलतफहमी साबित हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने चीन के साथ बेहद प्रतिकूल और सीमित संसाधनों के बल पर लड़ाई लड़ी। भारत के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय के पुराने हथियार थे सेना के पास प्रतिकूल मौसम में जरूरी वर्दी तक नहीं थी। जनरल नाम्बियार ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत हुई, तो हमारे जवानों ने जिस हौसले और जज्बे का परिचय दिया पाकिस्तान को इसकी उम्मीद नहीं थी। पाकिस्तान के सैनिक भारतीय सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के सामने टिक नहीं सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक और रणनीतिक भूल की कि वह कश्मीर के लोगों के मूड को नहीं समझ सका। उसे लगा था कि कश्मीर के लोग भारत के विरुद्ध हो जाएंगे तथा उसका साथ देंगे, लेकिन कश्मीर के लोगों ने हमारा साथ दिया और पाकिस्तानी सेना के बारे में समय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसका लड़ाई में फायदा मिला। तीसरा -शेष पृष्ठ दो पर

# पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन केस: पतंजलि को फटकार

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला: हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस सी. हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है और कैसे बनता है। बेंच ने कहा कि सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी, तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराएं सीएमः बार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बीते दिनों अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच हुए विवाद को लेकर वकीलों के समर्थन में बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश उतर आया है। काउंसिल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के साथ ही अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि मांगों पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेकर ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो अधिवक्ता समाज विवश होकर प्रदेश स्तरीय एक बड़ा आंदोलन करेगा।

### चुनाव आयोग को हमसे परहेज क्योंः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग जब भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तथा एक निजी कंपनी को डाटा दे सकता है, तो कांग्रेस को यह डाटा देने में परहेज क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने आधिकारिक पेज में आयोग से सवाल किया है कि चुनाव आयोग से बार-बार डाटा मांगा जा रहा है, लेकिन आयोग पार्टी को डाटा नहीं दे रहा है जबकि इससे पहले वह बीआरएस तथा एक निजी कंपनी को डाटा उपलब्ध करा चुका है। आयोग ने इस निजी कंपनी को पेंशनर लाइव वेरिफिकेशन के लिए यह डाटा सौंपा था। पार्टी ने सवाल किया, चुनाव आयोग ने तेलंगाना की बीआरएस सरकार और प्राइवेट कंपनी को वोटरों का डेटा दिया था। इसमें वोटरों की तस्वीर और उनका पता शामिल था। तेलंगाना सरकार ने 2019 में 'पेंशनर लाइव वेरिफिकेशन सिस्टम' लॉन्च किया था और इस काम को एक प्राइवेट कंपनी को सौंपा गया था।

# छह साल से चुनाव न लड़ने पर 474 पार्टियां डीलिस्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 359 पर एक्शन शुरू, चुनाव आयोग ने दो महीने में 808 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को 474 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों को डीलिस्ट कर दिया है। इन पार्टियों ने पिछले छह साल से कोई चुनाव नहीं लड़ा था। इस कार्रवाई के बाद पिछले दो महीने में अब तक 808 पार्टियों को लिस्ट से बाहर किया जा चुका है।

आयोग ने बताया कि इससे पहले 9 अगस्त को भी 334 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए थे। इसके अलावा आयोग ने 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 359 पार्टियों को भी चिन्हित किया है। इन पार्टियों ने तीन साल (2021-22, 2022-23 और 2023-24) से अपने ऑडिटेड अकाउंट्स और चुनावी खर्च की रिपोर्ट जमा नहीं की। ये पार्टियां चुनाव में उतरी थीं, लेकिन जरूरी रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की, जिसकी वजह से अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को इन पार्टियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

पार्टियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा और सुनवाई के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। 26 अगस्त को आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात में रजिस्टर्ड 10 गुमनाम से राजनीतिक दलों को 2019-20 से 2023-24 के पांच साल में 4300 करोड़ चंदा मिला। दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान गुजरात में हुए तीन चुनावों (2019, 2024 के दो लोकसभा और 2022 का विधानसभा) में इन दलों ने महज 43 प्रत्याशी उतारे और इन्हें कुल 54,069 वोट मिले। इन दलों और इनके प्रत्याशियों की निर्वाचन आयोग में जमा रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इन्होंने चुनाव रिपोर्ट में खर्च महज 39.02 लाख बताया कि जबकि ऑडिट रिपोर्ट में 3500 करोड़ रुपये खर्च दर्शाया है। देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय 2022-23 में 223 फीसदी बढ़ गई। यह जानकारी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2764 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनमें से 73 फीसदी से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। बाकी 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने अपना रिकॉर्ड साझा किया है।

रिपोर्ट में इन्हीं पार्टियों का एनालिसिस किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि गुजरात की ऐसी 5 पार्टियों की कुल आय 2316 करोड़ रही। इनमें एक साल की आमदनी 1158 करोड़ थी। जबकि बीते 5 सालों में हुए 3 चुनावों में इन्हें सिर्फ 22 हजार वोट मिले।

# यूपी के शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में हाईकोर्ट सख्त, अपर मुख्य सचिव तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को निर्देश दिया कि वह शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने के मामले में आदेश का पालन करते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या 27 अक्तूबर को हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने वाराणसी के विवेकानंद की अवमानना अर्जी पर दिया।



हाईकोर्ट में 18 सितंबर 2025 को सुनवाई में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल और सचिव यूपी बेसिक शिक्षा बोर्ड सुरेंद्र कुमार तिवारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। इनके हलफनामों को कोर्ट ने रिकॉर्ड में ले लिया। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सुनवाई के दौरान अनुपस्थित थे लेकिन उन्होंने छूट के आवेदन के साथ अपना हलफनामा प्रस्तुत किया। इस पर कोर्ट ने बृहस्पतिवार लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी। सरकारी वकील ने कोर्ट से रिट कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा। वहीं याची के अधिवक्ता सतएंद्र चंद्र त्रिपाठी इस पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि पिछली बार भी समय मांगा गया था लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को अगली सुनवाई की तारीख 27 अक्तूबर 2025 पर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस हलफनामे में रिट कोर्ट के आदेश का पूर्ण अनुपालन दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि वह ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उन पर आरोप तय करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहना होगा। वहीं अन्य अधिकारियों को अगले आदेश तक व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी गई है।

# इतना बड़ा झूठ न बोलें- पद की गरिमा का रखें ख्यालः अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश में मेट्रो संचालन को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर पलटवार करते हुए कहा कि जिसका प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और जनता ने साक्षात अनुभव किया हो, उसको लेकर इतना बड़ा झूठ नही बोलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सफ़ेद झूठ बोलने से व्यक्ति की गरिमा भी गिरती है और उन सभी पदों की प्रतिष्ठा और मान-मर्यादा भी जिन पर वो बैठता है। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि आज तो झूठ भी अपने आप को लज्जित महसूस कर रहा होगा। इतना बड़ा झूठ भी नहीं बोलना चाहिए कि इंसान औरों की ही नहीं अपनी निगाह में भी गिर जाए। सफ़ेद झूठ बोलने से व्यक्ति की गरिमा भी गिरती है और उन सभी पदों की प्रतिष्ठा और मान-मर्यादा भी जिन पर वो बैठता है। सत्ता का ऐसा भी क्या लालच कि उस बात को झूठ बताना जिसके प्रमाण हर तरह से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और जनता ने जिसका खुद साक्षात अनुभव किया हो। इतना बड़ा झूठ बोलना तभी संभव होता है, जब व्यक्ति या तो चेतना खो दे या सच्चाई या अपने आदर्श और सत्य के संस्कार। ऐसे महाझूठ वक्ता दरअसल अपने लोगों को महामूर्ख समझते हैं। वो मानते हैं कि उनके अनुयाई उनकी हर बात को सच ही मानेंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

## पं. दीन दयाल के स्मृति महोत्सव में बोले सीएम योगी

# यूपी की युवा ऊर्जा ही देश को ले जाएगी आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** सीएम योगी अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के वक्ता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। पंडित उपाध्याय जी ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो।



■ पंडित जी के मंत्रों में असंभव को संभव में बदलने की शक्ति

सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। योगी ने कहा कि आज का समय युवाओं का है। यूपी के पास सबसे बड़ी युवा ऊर्जा है और यही भारत को आगे ले जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम युवा स्कीम के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है। जनवरी से अब तक 70 हजार युवाओं ने इसका लाभ उठाया है और लक्ष्य 1 लाख युवाओं तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बन रहा है। स्टार्टअप केवल आईटी सेक्टर में ही नहीं बल्कि व्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और गो आधारित खेती जैसे क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में किसी विभाग में आउटसोर्स कर्मी हो, उसे मिनिमम मानदेय 16 से 20 हजार रुपए मानदेय हर हाल में मिलेगा, इसकी गारंटी सरकार देने जा रही है।

### कांग्रेस-सपा पर सीधा हमला

सीएम योगी ने इस दौरान कांग्रेस और सपा पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया, लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है। सीएम योगी ने कहा कि कश्मीर को कांग्रेस ओर उसके सहयोगियों ने देश के लिए नासूर बना दिया था। कभी लोग कहते थे कि धारा 370 हटाना असंभव है, लेकिन पीएम मोदी ने यह असंभव संभव कर दिखाया। इसी तरह राममंदिर को लेकर जो संकल्प था, वह भी मोदी सरकार ने पूरा किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार हुआ, तो भारत बनेगा विश्व गुरुः मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मथुरा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला 'विराट युवा सम्मेलन' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विजन साकार हुआ तो भारत विश्वगुरु बनेगा। फरह के नगला चंद्रभान में योगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम इकाइयों से जिला, जिले से प्रदेश और प्रदेश से देश मजबूत होगा। नगला चंद्रभान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली है। चार दिवसीय स्मृति महोत्सव कार्यक्रम का 19 सितम्बर को शुभारंभ किया गया है।



सेंसेक्स 82626.23
निफ्टी 25327.05



सोना रु. 111330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी थमी, सेंसेक्स लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में ऊंचे स्तर पर हुई बिकवाली से शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 387.73 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़क कर 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। बाजार में आज शुरू से ही गिरावट रही। पिछले कुछ दिनों की तेजी के बाद मुनाफा वसूली से सेंसेक्स 67.92 अंक टूटकर 82,946.04 अंक पर खुला और एक समय 500 अंक से अधिक गिर गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी गुरुवार के मुकाबले 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 25,327.05 अंक पर बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे अधिक 1.52 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूटे। भारतीय स्टेट बैंक में 0.91 प्रतिशत की तेजी के अलावा भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स



और एक्सिस बैंक भी सेंसेक्स में मुनाफा कमाने वाली 11 कंपनियों में रही। मझौली कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.04 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत टूट गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी स्मॉलकैप.100 में 0.15 प्रतिशत की तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजार दबाव में रहे। जापान का निक्केई 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.30 प्रतिशत फिसल गया, जबकि हांगकांग काहैंगसेंग सपाट रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी डेक्स 0.26 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सपाट रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.698 अरब डॉलर बढ़कर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक का दूसरा उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार का अब तक का उच्चतम स्तर 704.885 अरब डॉलर है, जो 24 सितम्बर 2024 को समाप्त सप्ताह में दर्ज किया गया था। लगातार तीन सप्ताह की तेजी के साथ अब यह एक बार फिर उसके करीब पहुंच गया है। इससे पहले, गत 05 सितम्बर को समाप्त में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.038 अरब डॉलर बढ़कर 698.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 सितम्बर 2025 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 2.537 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई और यह 587.014 अरब डॉलर हो गया। साथ ही स्वर्ण भंडार भी 2.120 अरब डॉलर बढ़कर 92.419 अरब डॉलर रहा।


### सोने और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने और चांदी के दाम बढ़ गए। देश में 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के दाम 160 रुपये बढ़कर 1,11,330 रुपये पर आ गए। वहीं चांदी के रेट में भी 2000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। गुड रिटर्न्स के डेटा के मुताबिक देश में सिर्फ ओवरआल सोने के भाव नहीं बढ़े हैं, बल्कि देश के बाकी शहरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई में भी सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। चांदी की चमक भी बढ़ गई है। देश की राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में सोने और चांदी कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए 1,11,480 रुपये देने होंगे। इसके अलावा 1 किलोग्राम चांदी के लिए 1,11,480 रुपये चुकाने होंगे। वहीं अगर मुंबई की बात करें, तो गोल्ड और सिल्वर के दाम वहां भी बढ़े हैं।

# चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों के भाव टूटे

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में मंदी रही। चीनी के दाम भी बढ़ गए। दालों में नरमी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 11 रिंगिट टूटकर 4,424 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.88 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत दो रुपए बढ़कर 3,863.78 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए टूटकर 2,857.15 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम में 15 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही और यह 3,319.08 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 43 रुपए और मूंगफली तेल 18 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। पाम ऑयल में भी 10 रुपए प्रति क्विंटल अधिक की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़



गई। सोया तेल में 31 रुपए और वनस्पति 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में आज नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल में छह रुपए और मूंग दाल में 18 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मसूर दाल छह रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई, जबकि चना दाल के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। गुड़.चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहनः दाल चना 7967.25 रुपए, मसूर काली 8168.25 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10453.65 रुपए, अरहर दाल 10625.28 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.15 रुपए और चावल 3863.78 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'बुकर' विजेता...**

एडवोकेट ने फिर आरोप लगाया कि आमंत्रित अतिथि मुश्ताक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, इसलिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया जा सकता। जस्टिस नाथ ने कहा कि मामला खारिज कर दिया गया है। हमने तीन बार खारिज कहा है। और कितनी बार खारिज करने की जरूरत है? दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 16 सितम्बर को कहा था कि किसी विशेष धर्म या आस्था को मानने वाले व्यक्ति का किसी दूसरे धर्म के त्योहारों में शामिल होना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। लेखिका बानू मुश्ताक को मैसूर दशहरा उत्सव के लिए कर्नाटक सरकार ने मुख्य अतिथि बनाया है। 62 साल की बानू मुश्ताक कन्नड़ लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान आंदोलनों और कन्नड़ भाषा आंदोलनों से जुड़ी रही हैं।

मई 2025 में उन्होंने अपनी कहानी संग्रह एडेया हनाटे के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थ ने किया था। राज्य की सिद्धारमैया सरकार ने उनके साहित्यिक और सामाजिक योगदान को देखते हुए इस बार दशहरा का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि बानू के लिए हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होना गलत होगा। क्योंकि इन अनुष्ठानों में पवित्र दीप जलाना, देवता को फल-फूल चढ़ाना और वैदिक प्रार्थनाएं करनी होती हैं। यह भी कहा गया था कि ऐसी प्रथाएं केवल एक हिंदू ही कर सकता है। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा था कि यह राज्य का समारोह है, किसी मंदिर या धार्मिक संस्थान का नहीं। इसलिए धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। ये उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है। पहले भी वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, लेखकों और स्वतंत्रता सेनानियों को बुलाया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि मुश्ताक को बुलाने का फैसला कमेटी का है। इसमें विभिन्न दलों के प्रतिनिधि और और विभिन्न सरकारी अधिकारी शामिल थे।

**तीन गलतियों के...**

पाकिस्तान को लगा था कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर का सड़क मार्ग से शेष भारत के साथ संपर्क खत्म कर देगा, लेकिन यह उसकी रणनीतिक भूल साबित हुई और इसके लिए चलाया गया उसका ऑपरेशन जिबाल्टर विफल हो गया। उन्होंने कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी सेनाओं को पूरी तरह से खुली छूट दे दी थी कि दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए। इसके बाद सेना ने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। जनरल नाम्बियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की इन तीनों गलतियों का फायदा उठाया और पाकिस्तान को लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

# त्योहारों में क्यूआर कोड से मिलेगा रेलवे टिकट

**नई दिल्ली, वार्ता**

यात्रियों की सुविधा और अनारक्षित टिकटों की सुविधाजनक खरीद सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने आगामी त्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर स्टेशन क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकटों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड स्टिकर के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट पेश किए हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने कहा कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट खरीदे गए हैं, जिनके पीछे क्यूआर कोड स्टिकर मुद्रित हैं, जिन्हें यूटीएस ऐप या रेल वन ऐप के माध्यम से स्कैन करके अनारक्षित टिकट खरीदे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये जैकेट उन लोगों द्वारा पहने जाएंगे, जिन्हें स्टेशन परिसर, प्रवेश या निकास द्वार और टिकट काउंटरों के बाहर जैसे अधिक भीड़ वाले



यूटीएस ऐप टिकटिंग को बढ़ावा देने को रेलवे कर्मचारियों ने क्यूआर कोड वाली जैकेट पहनी

क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावा देने के लिए तैनात किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान एनसीआर रेलवे ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस प्रणाली की शुरुआत की थी, जो भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यात्रियों को परेशानी मुक्त टिकट प्रणाली प्रदान करने में एक बड़ी सफलता थी। त्रिपाठी ने कहा कि भारी सफलता को देखते हुए अन्य रेलवे ज़ोन भी त्योहारों के दौरान जैकेटों पर क्यूआर कोड लागू कर रहे हैं। एनसीआर भी जरूरत पड़ने पर ऐसे क्यूआर कोड युक्त जैकेट का इस्तेमाल करता है। यात्री जैकेट के पीछे दिए गए क्यूआर कोड को यूटीएस या रेल वन मोबाइल एप्लीकेशन से स्कैन कर सकते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दिशानिर्देशों के अनुसार कर्मचारी लोगों को एप्लीकेशन के उपयोग और यूटीएस ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने के लाभों के बारे में मार्गदर्शन करेंगे, जिससे टिकट काउंटरों पर कतारें कम करने में मदद मिलेगी और कैशलेस, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नांगलोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर दो छात्राओं की मौत

■ पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया।

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुखी नहर पर नांगलोई रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर दो स्कूल छात्राओं की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने प्रदर्शन किया और पुलिस पर भी पथराव किया। जिनको पुलिस ने शांत करने के बाद निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी समय पहले फुट ओवर ब्रिज बनाने को लेकर उद्घाटन भी हुआ था। लेकिन कुछ हुआ नहीं। रास्ता बंद होने से इस तरह के हादसे होते रहते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रेलवे पुलिस को शुक्रवार दोपहर एक बजकर ३४ मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें बताया गया कि

सुखी नहर के पास नांगलोई रेलवे स्टेशन ट्रैक पर दो बच्चियों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है,जो स्कूल से छुट्टी के वक्त घर की तरफ लौट रही थी। पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रैक पर काफी भीड़ लगी थी। मृतक बच्चों की पहचान प्रपातरी एन्क्लेव, प्रेम नगर-३ में रहने वाली सात साल की रौनक खातून और लॉक केबी, वत्स शारदा एन्क्लेव, प्रेम नगर-३ में रहने वाली साइस्ता के रूप में हुई। दोनों के शवों को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। पता चला कि बहादुरगढ़ की ओर अप लाइन के बीच ट्रेन संख्या १२४८५ से हादसा हुआ था। करीब सात सौ लोगों ने ट्रैक पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया, जिससे रेल यातायात बाधित हुआ।

स्थानीय पुलिस और जीआरपी के कर्मचारी मौके पर पहुँचे, भीड़ को नियंत्रित किया और ट्रेनों का आवागमन बहाल किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस के बल प्रयोग से कई लोगों को भगदड़ में चोट भी लगी।

## स्विफ्ट कार ने सडक पार कर रहे राहगीर को रौंदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** केशव पुरम स्थित प्रेमबाड़ी पुल पर सुबह स्विफ्ट कार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। बताया गया कि कार का चालक वकील है,जो केशवपुरम इलाके में ही रहता है। फिलहाल पुलिस हादसे की जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाल रही है। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इकट्ठा किये। जानकारी के मुताबिक सुबह एक अस्पताल से नेताजी सुभाष प्लेस पुलिस को प्रेम बाड़ी पुलिस पर एक कार की चपेट में आने से युवक की मौत होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची,लेकिन एरिया केशवपुरम का होने पर कॉल उनको ट्रांसफर कर दी गई थी। केशवपुरम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया।

## मुठभेड़ के बाद हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान गुड्डू के रूप में हुई है। वह शालीमार बाग बलात्कार मामले में वांछित था। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, १८ सितंबर को पुलिस को गुड्डू के बारे में सूचना मिली थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने रात लगभग १:०० बजे मुनक नहर के किनारे कूड़ा खट्टा, एयू ब्लॉक के पास जाल बिछाया। इस दौरान वहां से एक संदिग्ध शख्स आते हुए देखा गया। मुखबिर द्वारा गुड्डू के रूप में पहचाने जाने पर पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। लेकिन आरोपी ने भागने की कोशिश की उसने एक देसी पिस्तौल निकाली और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जो एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट में जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने पहले हवा में गोली चलाई लेकिन आरोपी नहीं रुका। मुठभेड़ में गोली गुड्डू के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह गिर पड़ा।

# महरौली थाने में तैनात एएसआई साथी के साथ ले रहा था रिश्वत, पकड़ा गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** महरौली थाने में तैनात एएसआई पप्पू राम मीणा को उसके एक अन्य साथी मोहम्मद शाकिब के साथ पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि बीते वीरवार को नेब सराय इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने विजिलेंस को एक शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह भर्ती एवं प्लेसमेंट कंपनी में नौकरी करता है। बीते दस सितम्बर को, एक स्थानीय प्रॉपर्टी डीलर के साथ मामूली विवाद के बाद, एएसआई पी.आर. मीणा ने उसका दोपहिया वाहन अवैध रूप से महरौली थाने ले गया था। एएसआई पप्पू राम

■ कॉल दर्ज होने के बाद, एएसआई पी.आर. मीणा शिकायतकर्ता की बाइक का ताला तोड़कर उसके घर से उसे थाने ले आए

मीणा ने कथित तौर पर उससे बाइक छोड़ने के लिए १० हजार रुपये की रिश्वत मांगी। विजिलेंस की जांच में पता चला कि दस सितम्बर को महरौली थाने को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता और एक अन्य व्यक्ति के बीच झगड़ा होने की बात पता चली थी। आईवी एएसआई पी.आर. मीणा था। कॉल दर्ज होने के बाद, एएसआई पी.आर. मीणा शिकायतकर्ता की बाइक का ताला तोड़कर उसके घर से उसे थाने ले आए।

एएसआई ने शिकायतकर्ता से उसकी बाइक छोड़ने के बदले १० हजार रुपये की मांग की थी। विजिलेंस ने मौके पर घेराबंदी की। एएसआई पप्पू राम मीणा ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की पहली किस्त ५ हजार रुपये एक नागरिक मोहम्मद शाकिर को देने का निर्देश दिया, जिसे एएसआई पप्पू राम मीणा ने थाने में बुलाया था। रुपये देते वक्त विजिलेंस टीम ने मोहम्मद शाकिर और एएसआई पप्पू राम मीणा को गिरफ्तार कर लिया। एएसआई पप्पू राम मीणा के पास से संदिग्ध रकम बरामद की गई।

# एनडीएमसी ने 10 किलोमीटर लंबी लाइव कैनवास पेंटिंग का विश्व रिकॉर्ड बनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सेवा पर्व के अंतर्गत विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर एक विशाल कला महोत्सव कार्यक्रम में एक साथ ३५,००० से ज्यादा कलाकारों और छात्रों द्वारा १० किलोमीटर लंबी लाइव कैनवास पेंटिंग का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कार्यक्रम एनडीएमसी द्वारा त्रिवेणी कला संगम और दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ लॉन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के केंद्रीय रेल मंत्री - अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री - गजेंद्र सिंह शेखावत, भारत के केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री -किरेन रिजिजू, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दिल्ली की मुख्यमंत्री - रेखा गुप्ता, दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री - प्रवेश वर्मा, संसद सदस्य (नई दिल्ली)- बांसुरी स्वराज, संसद सदस्य (उत्तर पूर्वी दिल्ली)-मनोज तिवारी, एनडीएमसी के अध्यक्ष-केशव चंद्रा, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष -कुलजीत सिंह चहल, एनडीएमसी के सदस्य - भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज का कर्तव्य पथ कल्पना से परे था, जहाँ हजारों युवा एक साथ मिलकर १० किलोमीटर लंबे कैनवास पर विकसित भारत के रंग उकेरने आए। अपने संबोधन में, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री -गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह आयोजन रचनात्मक कला का एक ऐतिहासिक क्षण है, जहाँ हजारों युवाओं ने एक साथ १० किलोमीटर लंबे कैनवास पर रंग भरकर अपने सपनों के भारत की कल्पना की है। युवाओं में रचनात्मकता की भावना यहाँ स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भारत के केंद्रीय रेल मंत्री - अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेवा पर्व के अंतर्गत विकसित भारत के रंग, कला के संग का आयोजन केवल दिल्ली में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में - प्रत्येक राज्य, प्रत्येक जिले और प्रत्येक गाँव में किया जा रहा है।



एनडीएमसी द्वारा त्रिवेणी कला संगम और दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से कर्तव्य पथ लॉन में कला महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन करते केंद्रीय रेल मंत्री-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री - गजेंद्र सिंह शेखावत, भारत के केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री -किरेन रिजिजू आदि।

## एक नजर

### ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत, तीन से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में एक सडक हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अलीपुर पुलिस को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल, से तीन व्यक्तियों को घायलावस्था में लाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जिनकी पहचान लामपुर के रोहताश,नरेला के प्रिंस और गाजियाबाद के सब्बीर के रूप में हुई। डॉक्टरों ने दो व्यक्तियों की हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उनको लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल और एक को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। पुलिस तीनों घायलों के बयान लेने की कोशिश कर रही है।

### महिलाओं को मिला रोजगार

**नई दिल्ली।** मयूर विहार में स्थित हॉली-डे इन होटल में यस मैडम द्वारा आरआरआर (पुरस्कार, सम्मान और मान्यता) समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापकों और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इस कार्यक्रम को यस मैडम के को-फाउंडर आदित्य आर्य, डायरेक्टर गरिमा शर्मा और युक्ति आर्य के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वाईस प्रेसिडेंट दान सिंह, मनोज, दीपांशु सहित यस मैडम के सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया। इस सम्मान समारोह में यस मैडम की सभी सदस्यों को एक उच्च श्रेणी में पदोन्नत किया गया। जिससे भागीदारों का कमीशन सीधे तौर पर कम हो जाता है और स्लैब २०% से शुरू होकर ०% तक जाते हैं। इस अवसर पर सभी भागीदारों को उनके परिवार के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रिएटिव राइटर और लाइव परफॉर्मर निधि नरवाल और इन्फ्लुएंसर विभोर अडनानी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में निधि नरवाल ने सभी महिलाओं को सशक्त करते हुए कविता भी सुनाई।

### बीएमसी अवॉर्ड्स का चौथा संस्करण घोषित किया

**नई दिल्ली।** डेलॉइट इंडिया ने बेस्ट मैनेज्ड कंपनियां (बीएमसी) अवॉर्ड्स का चौथा संस्करण घोषित किया और जूरी पैनल की जानकारी दी। यह अवॉर्ड्स निजी भारतीय कंपनियों को नेतृत्व, रणनीतिक स्पष्टता, संचालन उत्कृष्टता और सतत विकास के लिए सम्मानित करते हैं। इस साल जूरी में शामिल हैं: हर्ष बिजूर ख्र ब्रांड एवं बिजनेस स्ट्रैटेजी विशेषज्ञ, कल्पना मोरपरिया पूर्व चेयरपर्सन, जे.पी. मॉर्गन (दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया), एन. गणपति सुब्रमण्यम ख्र चेयरमैन, टाटा कम्युनिकेशंस और उपेन्द्र कुमार सिन्हा ख्र पूर्व चेयरमैन, विजेताओं की घोषणा १५ अक्टूबर २०२५ को होगी।

### आयुध भनुशाली निभाएंगे भगवान गणेश की भूमिका

**नई दिल्ली।** सोनी सब लेकर आ रहा है 'गाथा शिव परिवार की ख्र गणेश कार्तिकेय', एक भव्य प्रस्तुति जो ब्रह्मांड के सबसे पूजनीय दिव्य परिवार की असाधारण गाथा को जीवंत कर देगी। इस भव्य गाथा के केंद्र में भगवान शिव (मोहित मलिक) और देवी पार्वती (श्रेनु पारिख) की अब तक अनकही कहानी है, और उनके पुत्रों (दो भाइयों) की यात्राएं हैं, जिनका संघर्ष, प्रेम और भावनाएं हर परिवार की आत्मा को दर्शाती हैं। इन प्रतिष्ठित किरदारों को जीवंत करने जा रहे हैं दो प्रतिभाशाली बाल कलाकार ख्र आयुध भनुशाली भगवान गणेश के रूप में और सुभान खान भगवान कार्तिकेय के रूप में।

### संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया



**नई दिल्ली।** एक सोच साथिया फाउंडेशन ने "शिक्षा सबके लिए" विषय पर संगोष्ठी एवं भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली के कन्वेंशन हॉल में किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के सीबीआईसी सदस्य योगेन्द्र गर्ग तथा दिल्ली जोन के चीफ कमिशनर मनीष कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। फाउंडेशन के निदेशक जगदीश लाल सहगल ने बताया कि इस वर्ष 42 मेधावी और विशेष छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना है। फाउंडेशन अब तक वृक्षारोपण अभियान, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर रोक की पहल, छात्रवृत्ति कार्यक्रम और कवि सम्मेलनों जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभा चुका है। आगे की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जगदीश लाल सहगल, सी.पी.एस. तेवतिया, एस.डी. रॉय, राजेश शर्मा, आर.पी. मित्तल और मनोज अग्रवाल ने बताया कि फाउंडेशन जल्द ही स्वास्थ्य, संगीत, फोटोग्राफी और निवेश जागरूकता पर केंद्रित विशेष समूहों का गठन करेगा।

## शेयर बाजार धोखाधड़ी रैकेट में दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करोड़ों रुपये के शेयर बाजार धोखाधड़ी रैकेट में दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने फर्जी आईपीओ फंडिंग और शेयर बाजार योजनाओं के जरिए पीड़ितों से लगभग छह करोड़ रुपये की ठगी की थी।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त अपराध आदित्य गौतम ने बताया कि साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए,एसीपी साइबर सेल रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर मंजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने करोड़ों रुपये के शेयर बाजार घोटाले में दो प्रमुख आरोपी कुलवंत सिंह और देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है आरोपियों ने अपने बैंक खाते अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट को उपलब्ध कराए, जिससे पीड़ितों के धन को कई माध्यमों से डायवर्ट और लॉन्ड्रिंग करने में मदद मिली।

# निगम ने किया राजभाषा सम्मान समारोह के समापन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय स्थित केदारनाथ साहनी सभागार आज हिन्दी सम्मान सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके उपमहापौर एवं हिन्दी समिति के अध्यक्ष, जयभगवान यादव, उपाध्यक्ष, नीला कुमारी, पर्यावरण प्रबंधन सेवा समिति के अध्यक्ष, संदीप कपूर सहित राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और काफी संख्या में निगम कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर उप महापौर, जयभगवान यादव ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है, जिसका सम्मान और प्रचार-प्रसार करना हर नागरिक का कर्तव्य है और सभी लोगों को इसका अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल बोलचाल की भाषा ही नहीं अपितु कामकाज की भी भाषा होनी चाहिए। उन्होंने निगम कर्मचारियों से अपील की कि वे अपना प्रशासनिक कार्य हिन्दी माध्यम से करें।

उपमहापौर ने कहा कि राजभाषा सम्मान सप्ताह के दौरान ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष हिन्दी भाषा में कार्य करें और दूसरों को भी हिन्दी भाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने हिन्दी सप्ताह के सफल आयोजन के लिए राजभाषा विभाग की सराहना की और हिन्दी सप्ताह के दौरान होने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता कर्मचारियों को शुभकामनायें दी। हिन्दी समिति की अध्यक्ष, नीला कुमारी ने कहा कि हिंदी को हमारे राष्ट्र भाषा होने के साथ साथ राजभाषा का भी दर्जा हासिल है और यह एक ऐसी भाषा है जो विविधताओं वाले देश को एकता के सूत्र में बांधती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति, सभ्यताएं और संस्कार की संवाहिका है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की वैचारिक एवं सामाजिक एकता का आधार ही भाषा होती है।



निगम मुख्यालय स्थित केदारनाथ साहनी सभागारहिन्दी सम्मान सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर उपमहापौर एवं हिन्दी समिति के अध्यक्ष, जयभगवान यादव आदि मौजूद थे।

# भाई की हत्या की कोशिश में पकड़ा गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी इलाके में परिवार में लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी के कारण युवक की हत्या और उसके भाई को गंभीर रूप से घायल करने की वारदात में शामिल जितेंद्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार रात ११ बजकर पांच मिनट पर भलस्वा डेयरी पुलिस को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में दो युवकों को घायल करवाने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। आकाश गिरी उर्फ रोहन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके सीने और माथे पर चाकू के कई वार किए गए थे। जबकि उसके बड़े भाई अभिलाष गिरी उर्फ रोहित की हालत गंभीर बताई। घायल शिकायतकर्ता रोहित ने बताया कि उनके मामा, जितेंद्र और बुजुर्ग माँ के साथ रहते हैं, का परिवार के साथ विवाद का इतिहास रहा है। लगभग एक महीने पहले, जब परिवार उत्तराखंड की यात्रा पर गया हुआ था, जितेंद्र और रोहित के बीच झगड़ा हुआ, जिसके दौरान जितेंद्र ने उसके साथ मारपीट की। विवाद के बाद, जितेंद्र ने रोहित को अपना घर खाली करने के लिए मजबूर किया। परिणामस्वरूप, रोहित गुरु नानक देव कॉलोनी में पास के किराए के मकान में चला गया, जिससे पारिवारिक संबंधों में तनाव पैदा हो गया।

# कोल्ड चेन प्रदर्शनी रेफकोल्ड इंडिया आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेफ्रिजरेशन और कोल्ड चेन प्रदर्शनी रेफकोल्ड इंडिया 2025 का 8वां संस्करण राजधानी के भारत मंडपम प्रगति मैदान में आयोजित हुआ।

आईएसएचआरएई, इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स और इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी को उद्योग,सरकार और वैश्विक कंपनियों का जबरदस्त समर्थन मिला। कोल्ड चेन उद्योग, जिसे सनराइज सेक्टर कहा जाता है, भारत की बदलती अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बन गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में २०० से ज्यादा एग्जिबिटर्स अपनी नवीनतम तकनीकें और समाधान पेश करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्रालय



के वरिष्ठ अधिकारियों, एनसीसीडी नेशनल सेंटर फॉर कोल्ड चेन डेवलपमेंट के प्रतिनिधियों और उद्योग की बड़ी कंपनियों के प्रमुखों ने किया।

इसी मौके पर एनसीसीडी की वेबसाइट और ऊर्जा संक्रमण रिपोर्ट भी लॉन्च की गई। इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि रेफ्रिजरेशन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। भारत में भी डबल डिजिट ग्रोथ देखी जा रही है, खासकर फूड, फार्मा और रिटेल क्षेत्रों में। स्टैंडर्ड रेफ्रिजरेशन प्रा लि के निदेशक और रेफकोल्ड इंडिया 2025 के संयोजक, आशीष गुप्ता ने कहा कि भारत का कोल्ड चेन सेक्टर इस समय एक अहम मोड़ पर है। देश में 32/35 मिलियन टन की कोल्ड स्टोरेज क्षमता तो है, लेकिन पैक हाउस, रिपनिंग चौम्बर्स और रीफर वाहनों की कमी अब भी चुनौती है।

# गायकों ने बिखेरा आवाज का जादू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** वीएल प्रोडक्शन हाउस का शो, जो एक भारतीय संगीत पुरस्कार शो रहा जो सफलतापूर्वक दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस शो की आयोजक और वीएल प्रोडक्शन की सीईओ शालू राठी ने अव्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मलिक जी (शो के मेंटर) के साथ मिलकर इस शो को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसमें उनकी पूरी टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। जैसे कि उपमा दुआ, एंकर, आर्टिस्ट और अव्या प्रोडक्शंस की सीबीओ, रवि राठी जी, दिल्ली पुलिस, शफीक उर रहमान, सीईओ, गैलेक्सी प्रोडक्शन हाउस, पवन शर्मा जी, सीईओ, पवन आर्ट ग्रुप, धर्मेंद्र तोमर,





कैमरामैन और श्री बालाजी टेलीफिल्म्स के सीईओ।

शो का आरंभ दीप प्रज्वलित से हुआ, जिसमें शो के सेलिब्रिटी मेहमान, जैसे कि सार्थक चौधरी, मीनाक्षी मदान, जुनैद हुसैन, कंपनी के ब्रांड एंबेसडर राजेश महाजन व शिवानी कौशल, शो के स्पॉन्सर पंकज महेंदीरत्ता और सभी वीआईपी, वीवीआईपी मेहमान जैसे कि सैयद यासिर गुरदेजी, मिसेज नीति शुक्ला, रुपल चौधरी, इंदरजीत कौर आदी सभी मेहमान शामिल रहे। दिल्ली के बेहतरीन गायकों ने अपनी गायकी से सभी का मन मोह लिया। इस शो को बखूबी होस्ट किया जाने-माने एंकर उपमा दुआ और डॉ. इमरान खान ने शो की जमकर तारीफ की।

## स्वच्छता, हरियाली में युवा कर सकते हैं देश की प्रगति में योगदान: रेखा गुप्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित सेवा पर्व के अंतर्गत विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर एक विशाल कला महोत्सव कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लगभग १० किलोमीटर लंबा कैनवस था, जिस पर हजारों युवाओं और कलाकारों ने 'विकसित भारत' थीम पर अपनी कला के रंग बिखेरे। दिल्ली और देशभर से आए कलाकारों ने अपनी कल्पना से एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश की, जो आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' नाम जितना सुंदर है, उतना ही अद्भुत यह आयोजन भी है।

# डिमांड मैच सिस्टम लॉन्च किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एल्जी इक्विपमेंट्स ने आज डिमांड मैच सिस्टम लॉन्च किया। यह एक क्रांतिकारी नवाचार है, जो फिक्स्ड-स्पीड कंप्रेसर को बदलती हुई माँग के अनुसार काम करने में सक्षम बनाता है। यह बुद्धिमान तकनीक कंप्रेसर की डिलीवरी को वास्तविक समय की प्लांट की डिमांड के अनुसार स्वचालित रूप से समायोजित करती है और एयरफ्लो को कंप्रेसर के अंदर ही पुनः घुमाती है, जिससे डिलीवरी हमेशा डिमांड के बराबर बनी रहती है। एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. जयराम वरदराज ने कहा, कम्प्रेस्ड एयर हर फैक्ट्री की चौथी यूटिलिटी है, लेकिन माँग कभी स्थिर नहीं रहती।

ज्यादातर फैक्ट्रियाँ फिक्स्ड-स्पीड कंप्रेसर का उपयोग करती हैं, जो माँग घटने पर भी लगातार समान आउटपुट देते रहते हैं। एल्जी का डिमांड-मैच सिस्टम इन मशीनों में डायनेमिक इंटेलिजेंस लाता है, जो वास्तविक माँग के अनुसार डिलीवरी को स्वचालित रूप से समायोजित करता है।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎011-41509401-2

फैक्सः 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290

R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान

अध्यक्षः भाईचारा समिति दिल्लीप्रदेश 9810024415

# मोदी डिस्टलरी में तहसील प्रशासन ने किया मॉकड्रिल का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** शुक्रवार को मोदीनगर तहसील प्रशासन एवं मोदी डिस्टलरी मोदीनगर के सौजन्य से प्रात: लगभग 10 बजे एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों ने भाग लिया जिनमें मुख्य रूप से अग्नि शमन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत विभाग आदि मुख्य रहे।

मोदी डिस्टलरी के ग्रैन प्लान्ट स्थान पर भूकम्प रसायन रिसाव के कारण हुई दुर्घटना का मॉकड्रिल किया गया जिसमें 20 व्यक्ति घायल एवं 04 व्यक्ति की मृत्यु का मॉकड्रिल किया



गया जिसमें रासायनिक रिसाव को रोका गया और सम्बन्धित घायल व्यक्तियों का रेस्क्यू किया गया।

उक्त मॉकड्रिल में मोदीनगर प्रशासन की ओर से अजीत कुमार सिंह एसडीएम मोदीनगर, अमित सक्सैना एसीपी मोदीनगर, अभिमन्यु प्रताप सिंह सहायक आबकारी आयुक्त मोदी आसवनी मोदीनगर, रजतसिंह तहस. ीलदार मोदीनगर तहसील, संदीप सिंह आबकारी निरीक्षक मोदी आसवनी मोदीनगर, अमित चौधरी फायर आफिसर, अरविन्द सोनकर एडीएफ, एवं मोदी डिस्टलरी की ओर से शिवप्रताप सिंह फायर सेफ्टी आफिसर, एनपी बंसल चीफ एक्जीक्यूटिव, डीडीकौशिक महाप्रबन्धक पीआर, राजीव गुप्ता जनरल मैनेजर (प्लान्ट), महेशचन्द त्यागी पर्सनल मैनेजर एवं सुरेश शर्मा डिप्टी जनरल मैनेजर (काम), शेखर शर्मा मैनेजर, एवं मोदी डिस्टलरी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

अजित कुमार सिंह एसडीएम मोदीनगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी किसी प्राकृतिक आपदा के समय समस्त नागरिको को प्रशासन की मदद से इसी प्रकार सुरक्षा करनी चाहिए तथा इस मार्कॅड्रिल में भाग लेने वाले सभी विभाग एवं मोदी इंण्डस्ट्रीज के अधिकारीयो का आभार व्यक्त किया।



**मोदीनगर। थाना भोजपुर पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई 30 हजार रुपये पीड़ित को वापिस करते भोजपुर एसओ सचिन बालियान।**

# युवा राष्ट्रीय लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** युवा राष्ट्रीय लोक. दल (वाईआरएलडी) ने मोदीनगर के भंडोला गाँव में एक सफल सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और युवा शक्ति को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ना था।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें पार्टी के सिद्धांतों से अवगत कराया। इस अवसर पर, पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते हुए, विपुल तेवतिया को युवा राष्ट्रीय लोक. दल में नई जिम्मेदारी दी गई।

युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह ने बताया कि यह सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है ताकि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं के उत्साह से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय लोकदल भविष्य में और भी मजबूत होकर उभरेगी। दर्जनों रालोद नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड 27 में कैंप कार्यालय पर ब्लड शुगर व नेत्र जांच शिविर आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** पीएससी सेंटर सेन बिहार वार्ड 27 में कैंप कार्यालय पर ब्लड शुगर नेत्र जांच आदि का कार्य अपनी स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा किया गया। उनको इस अवसर पर बधाई दी और उनका हौसला अफजाई करने का कार्य किया मोदी जी के द्वारा देश को आज कितने बड़े ऊंचाई पर ले जाने की चर्चा उन माता बहनों से की सभी माता बहनों प्रधानमंत्री जी को आशीर्वाद दिया और कहा के मोदी जी जैसा व्यक्ति ही हमारे देश पर राज करता रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ललित कश्यप, डॉ. पुष्पा माहेश्वरी, राजकुमारी, अमित, सुधीर, व आशा रीना, रीतिका, रजनी, नीशू, पुष्पा, विमलेश, डॉली, मेघा, कविता, आशा पाल, मानशी व पिंकी आदि उपस्थित रहे।

## डॉक्टर शोभित त्यागी हॉस्पिटल ऑफ फिजियोथैरेपी प्राकृतिक एवं

# योग चिकित्सालय में ऑर्थोपेडिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड स्थित थाना के सामने डॉक्टर शोभित त्यागी हॉस्पिटल आफ फिजियोथैरेपी प्राकृतिक एवं योग चिकित्सालय में ऑर्थोपेडिक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संत परमानंद हॉस्पिटल दिल्ली के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक डॉक्टर शेखर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें सैकड़ो लोगों ने निशुल्क बीएमडी जांच कराई है। इस मौके पर डाक्टर शोभित त्यागी ने बताया कि प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा से उपचार



करना चाहिए।

क्योंकि प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा का दुष्प्रभाव नहीं होता है। नगर में पहली बार प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। ऐसे निशुल्क चिकित्सा शिविर समय समय पर आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भी डॉक्टर की सराहना करते हुए उनको सम्मानित किया एवं भविष्य में भी इन कार्यो को सुचारू रूप से करने की आशा है कि डॉ शोभित त्यागी की पहल से जनता में काफी खुशी महसूस हो रही है। प्रथम बार दिल्ली से वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन का आगमन हुआ डॉक्टर शेखर श्रीवास्तव ने नगर की जनता का दिल से आभार किया।

# बचपन में मां से मिले संस्कार बच्चे को महान बनाते हैं: ओझा जी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में आज हमुमन जी की बाल लीलाओ का सुंदर वर्णन करते हुए कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा माँ ही बच्चे के जीवन को गढ़ती है और बचपन में दिए गये संस्कारो का बच्चे के जीवन पर प्रभाव पड़ता है यही कारण है माँ अंजना के दिए संस्कार ही हनुमान जी के जीवन में दिखाई पड़ते है।

आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि सूर्य को मुख में लेने के लिए हनुमान जी गरुड़ व सम्पाती तीनो ने उछाल ली पर केवल हनुमान जी ही सफल हुए थे सूर्य को मुख में लेने की व्याख्या करते



हुए उन्होंने कहा कि सूर्य ज्ञान के देवता हैं जो जीवन के अज्ञान के अंधेरे को मिटा देते हैं। और यही अभिमान रहित ज्ञान की भूख श्रीहनुमान जी को बचपन से थी।

जब हमारे जीवन में बल, विद्या, धन, प्रतिष्ठा आये तो हमे अभिमान को त्याग कर सरल, सहज और सजग होना चाहिए अन्यथा ये सब हमें पतन की ओर ले जाते हैं।

खहनुमानजी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा कि हनुमानजी का एक ही मंत्र है सेवा और उन्होंने इसी सेवा के बल पर ही भगवान राम को अपने वश में करते हैं। विभीषण को राम जी की शरणागति के लिए हनुमान ने यही सेवा का मंत्र देते हुए कहा था कि समस्त संसार के पशु पक्षि जीव जंतु पेड़ पौधे सब में परमात्मा का वास मानकर उनकी सेवा करो ऐसे सेवक पर प्रभु प्रेम और कृपा की वर्षा करते हैं।

हनुमानजी के मुख से राम जी की कथा सुनते ही सीता जी का दुख चला गया क्योंकि राम का नाम और कथा जीवन के दुख को दूर करती हैं।

आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने हमें वाणी दी है तो हमें ऐसा बोलना चाहिए जिससे संसार में धर्म, सुमुती और सद्गुण बढ़े। जीवन को सुखद बनाने का साधन भक्ति है इसलिए हनुमान जी अपने भक्तों पर कृपा करके राम और राज दोनों दिलाते है।

आज कथा में व्यासपूजन श्री सत्यनारायण शर्मा एवं श्री परवेश शर्मा ने किया व विनोद वैशाली (चेयरमैन), दिनेश सिंघल (पूर्व जिलाध्यक्ष), भनु शिशोदिया, अरुण पुंडीर, अजय सिंघल, अनूप दीक्षित स्पेक्ट्रम ग्लोबल, सुरेंद्र कुमार, पिंकी चौधरी, रीता रानी ढोडी, नवीन जायसवाल, विपिन चौधरी, गुलाब सिंह, सोनू कुमार, संजय चौधरी, अशोक माहेश्वरी, अरुण खन्ना, रजनीश तोमर, गोल्डी नेहरा लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# निफा संस्था के सिल्वर जुबली समारोह में मुरादनगर के जावेद, अमन, शाबान व निशा होंगे सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहित करने वाली प्रतिष्ठित संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेटिड फॉरम आफ आर्टिस्टिस एंड एक्टिविस्टस), जिसके नाम 6 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं, अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवसर पर संस्था का सिल्वर जुबली समारोह राजधानी दिल्ली स्थित "भारत मंडपम" में आयोजित होगा। समारोह में देशभर के प्रत्येक जिले से सामा. जिक एक महिला और एक पुरुष को सम्मानित किया जाएगा। निफा जिला अध्यक्ष डॉ फहीम सैफी ने बताया कि, गाजियाबाद जिले के मुरादनगर से चयनित प्रतिभागी






जावेद अमन एवं शाबान निशा का चयन उनके सामाजिक क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर एवं समाज को जोड़ने में किये गये सभी कार्यों के आधार पर किया गया है। प्रतिभागियों को "यंग सोशल चेंजमेकर अवार्ड", "वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लैंड) सर्टिफिकेट", टी-शर्ट और मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। डॉ राजपाल तोमर संरक्षक निफा गाजियाबाद ने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने हेतु मॉरिशस के महामहिम राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही विश्वविख्यात कत्थक नृत्यगुरु अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम के पश्चात करनाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें बड़ी बड़ी सेलिब्रिटी भाग लेंगी तथा अंतिम दिवस प्रतिभागियों को कुरुक्षेत्र भ्रमण कराया जाएगा।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में मेगा हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में आर.एच.ए.एम फाउंडेशन, रोटरी क्लब तथा यशोदा हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग से मेगा हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना, उन्हें प्रारम्भिक स्तर पर ही बीमारियों से बचाव की आदतें सिखाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन वरुण गौड़ एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या रोटेरियन अंजू गौड़ के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी की और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

इस अवसर पर दंत चिकित्सकों की विशेष टीम ने बच्चों को दंत स्वच्छता और मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को सही ब्रशिंग तकनीक का प्रदर्शन कराया गया तथा यह बताया गया कि दिन में दो बार ब्रश करना, शक्करयुक्त खाद्य पदार्थों का सीमित सेवन करना, हरी सब्जियों और मौसमी फलों का नियमित आहार लेना तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीना न केवल दाँतों बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। दंत चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि प्रारम्भिक अवस्था में दाँतों की देखभाल भविष्य में कई बड़ी बीमारियों से बचाव करती है।

इसके साथ ही नेत्र चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के नेत्र परीक्षण किए तथा आँखों की देखभाल के संबंध में महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल और टीवी स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी से होने वाले दुष्प्रभावों से बचने के उपाय बताए और पढ़ाई करते समय उचित रोशनी एवं सही दूरी बनाए रखने पर बल दिया।

परामर्श चिकित्सकों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल को नियंत्रित रखने से संबंधित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित व्यायाम, योग, संतुलित आहार और मानसिक शांति के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

## इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के 40वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में

# आईआईए ने किया 51वीं मंथन मिटिंग तथा केक कटिंग का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन-आईआईए चैप्टर द्वारा इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के 40वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में 13 से 19 सितम्बर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में 51वीं मंथन (ब्रेकफास्ट मिटिंग) तथा केक कटिंग का आयोजन होटल फार्च्यून इन् ग्राजिया, गाजियाबाद के प्रांगण में विशिष्ठ अतिथि विवेकानंद शुक्ला, ज्वांइट कमिश्नर (कार्पोरेट सैल), एसजीएसटी, गाजियाबाद की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम संजय अग्रवाल, चेयरमैन, आईआईए गाजियाबाद चैप्टर ने सभी को




स्वागत करते हुए बैठक का संच. ालन किया।

विशिष्ठ अतिथि का स्वागत करते हुए आईआईए के 40 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाऐं दीं। नीरज सिंघल, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईआईए ने आईआईए के 40वें गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तुती के माध्यम से आईआईए के विकास के बारे में अवगत कराया तथा कहा कि मेरे मन में यह विचार बार-बार आता रहा है कि आईआईए द्वारा अपने प्रारंभिक काल में एमएसएमई को समय-समय पर बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्यों का एक सुव्यवस्थित संकलन होना चाहिए। 1985 में कुछ युवा उद्योगपतियों द्वारा मिलकर शुरू किए गए। यह इतिहास एक छोटे से प्रयास के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसे आईआईए का विकास नामक एक कॉफी बुक के रूप में संकलित किया गया है। मेरी कामना है कि यह प्रयास हमारे स्वर्णिम इतिहास का प्रमाण बने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहे। मुझे आशा है कि यह पुस्तक न केवल भविष्य के नेताओं को हमारे इतिहास से अवगत कराएगी।

# एथलीट प्रतियोगिता में दुर्गावती हेमराज टाह के खिलाड़ियों का परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** विद्या भारती द्वारा आयोजित 37वीं प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता प्रहलाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर जहांगीराबाद बुलंदशहर में आयोजित की गई। जिसमें दुर्गावती हेमराज का सरस्वती विद्या मंदिर के 7 भैया और 3 बहनों ने प्रतिभाग किया जिसमें अंडर - 17 बहिन एंजेल चौहान ने भाला फेक में ब्रॉन्ज मेडल बहिन रेनू ने क्रॉस कंट्री में गोल्ड मेडल अंडर ख्र 14 भैया नमन चक्का फेक में ब्रॉन्ज मेडल अंडर ख्र 17 भैया ऋषभ गिरी 400 मीटर बाधा दौड़ गोल्ड मेडल 110 मीटर दौड़ सिल्वर मेडल 200 मीटर दौड़ ब्रॉन्ज मेडल अंडर ख्र19 भैया जिशान 1500 मीटर दौड़ गोल्ड मेडल 3000 मीटर दौड़ गोल्ड मेडल 6 किमी.क्रॉस कंट्री दौड़ गोल्ड मेडल ( एकल चैंपियनशिप) आयुष खारी 200 मीटर दौड़ गोल्ड मेडल 400 मीटर दौड़ गोल्ड मेडल 400 मीटर बाधा दौड़ गोल्ड मेडल ( एकल चैंपियनशिप) मनु शर्मा 800 मीटर दौड़ ब्रॉन्ज मेडल 6 किमी. क्रॉस कंट्री दौड़ गोल्ड मेडल भैया केशव त्यागी लंबी कूद सिल्वर मेडल भैया जिशान, आयुष खारी, मनु शर्मा, ऋषभ गिरी, बहिन रेनू आने वाले 23 से 25 सितंबर को क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो एटा में आयोजित होगी उसमें यह सभी भैया बहन प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन राठी ने खिलाड़ियों की इस अपार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज के विद्यार्थियों को

# भारत सरकार से एसटीएस एवं थिसिस ग्रांट्स मिले

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के बीडीएस पाठ्यक्रम के आठ विद्यार्थियों एवं चार एमडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के तहत, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर), भारत सरकार द्वारा शॉर्ट-टर्म स्टूडेंट शिप (एसटीएस) एवं एमडीएस थिसिस रिसर्च ग्रांट्स प्रदान की गई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से आईटीएस डेंटल कॉलेज ने अपनी शैक्षिणक एवं अनुसंधानात्मक श्रेष्ठता का परिचय दिया है।

यह सफलता संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, अनुसंधान, छात्र-छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। यह प्रतिस्पर्धात्मक ग्रांट्स, जो मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा प्रदान की जाती है, नवोदित डेन्टल प्रोफेशनल्स में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी जाती है। एसटीएस कार्यक्रम, जो बीडीएस छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है, उन्हें फैकल्टी मेंटर्स की मार्गदर्शन में शॉर्ट-टर्म रिसर्च परियोजनाओं को अंडरटैक करने के लिए प्रेरित करता है।

एसटीएस ग्रांट्स, बीडीएस छात्रों में मिस रिषिका अग्रवाल, और मिस तनिषा गर्ग, प्रथम वर्ष, जबकि मिस कृति नागपाल, मिस इशिता धवन, मिस रिया तोमर, मिस सारा सहगल, मिस आरुषि आलोक तिवारी और मिस विदुषी भटनागर, द्वितिय वर्ष की छात्राओं को प्रदान की गई। डेन्टल विज्ञान के विभिन्न विशेष क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान का समर्थन करने के लिए एमडीएस छात्रों को थिसिस ग्रांट्स प्रदान की जाती है। चयनित परियोजनाएं मौजूदा चुनौतियों और डेन्टल विभाग में नवाचारों से संबंधित विविध विषयों को कवर करती है, जिनमें मौखिक स्वास्थ्य, बायोमैटेरियल, प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री और क्लीनिकल इंटरवेंशन शामिल है।

एमडीएस छात्रों में डॉ वैभव गुप्ता एवं डॉ शाल्लू, ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग, डॉ स्पर्श कुमार, पीडिएट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री और डॉ वृंदा लाल, कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग को इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के तहत अनुसंधान विभाग (डीएचआर), भारत सरकार से थिसिस ग्रांट्स प्रदान की गई है। सम्मानित छात्राओं ने संस्थान को उत्कृष्ट शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद देते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता में शिक्षकों और संस्थान की प्रेरणा एवं समर्थन का महत्वपूर्ण योगदान है।

इस गौरवान्वित उपलब्धि के लिए आईटीएस-एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व,मार्गदर्शन एवं संस्थान में उपलब्ध कराई गई शोध एवं शैक्षणिक सुविधाओं ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाया।

**नाम - परिवर्तन**

मेरी पुत्री आकाशी सिन्हा के स्कूल में मेरा नाम त्रुटिवश धनजीत सिन्हा दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम धनजीत कुमार सिन्हा है। धनजीत कुमार सिन्हा पुत्र स्व. उमा शंकर प्रसाद सिन्हा हाल निवासी- ए-134, टॉप फ्लोर, गली नं- 8, ए-ब्लॉक वेस्ट विनोद नगर दिल्ली- 9

# डूसू चुनाव में एबीवीपी ने बाजी मारी, एनएसयूआई पर पड़ी भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि छात्र संघ (डूसू) २०२५ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के आर्यन मान जीत गए हैं। सचिव पद पर एबीवीपी के प्रत्याशी कुणाल चौधरी और संयुक्त सचिव पद दीपिका झा ने जीत हासिल की है। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई प्रत्याशी राहुल झांसला जीते हैं। आर्यन मान हरियाणा के बहादुरगढ़ से हैं। उन्होंने दिल्ली विश्व. विद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज से स्नातक किया है। वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से लाइब्रेरी साइंस के छात्र हैं। उनकी विशेष रुचि खेलों में रही है और फुटबॉल के खिलाड़ी हैं। आर्यन मान ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एबीवीपी के फीस वृद्धि के विरोध, बुनियादी ढांचे के विकास आदि को लेकर हुए आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई है।

उपाध्यक्ष पद पर जीतने वाले एनएसयूआई के राहुल झांसला (आयु २४ वर्ष) ख्र बौद्ध अध्ययन में परास्नातक। पिछले दो वर्षों से छात्र मुद्दों के लिए संघर्षरत राहुल ने बेहतर विश्वविद्यालय और खेल संरचना, स्वच्छ छात्रावास व कक्षा व्यवस्था, पीने के स्वच्छ जल की उपलब्धता और महिलाओं के लिए महिला विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की मांग की है। उन्हें पूर्वांचल और राजस्थान छात्र समुदाय से व्यापक समर्थन प्राप्त है।सचिव पद पद पर कब्जा जमाने वाले कुणाल चौधरी मूलत: दिल्ली के रहने वाले हैं। पीजीडीएवी कॉलेज से स्नातक किया है। २०२३ में पीजीडीएवी कॉलेज छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, अपने कॉलेज बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ी। वर्तमान में बौद्ध अध्ययन विभाग में परास्नातक के छात्र है। कुणाल चौधरी गत वर्षों से स्टूडेंट एक्टिविज्म में सक्रिय भूमिका निभाते हुए छात्रों की आवाज को मुखरता दी है। संयुक्त सचिव पद पर जीतने वाली एबीवीपी दीपिका झा मूलत: बिहार की रहने वाली है। दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज से स्नातक किया है। वर्तमान में बौद्ध अध्ययन विभाग की छात्रा हैं। दीपिका ने एबीवीपी के प्रकल्प स्टूडेंट्स फॉर सेवा में सक्रिय सहभागिता निभाई है।

## शालीमार बाग हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पैर में मारी गोली

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग हत्या मामले में वांटेड बदमाश गुड्डू ने मुनक नहर के पास नॉर्थ वेस्ट जिला स्पेशल स्टॉफ पुलिस पर फायरिंग की। एक गोली हेड कांस्टेबल के बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी,जिससे हेड कांस्टेबल बाल बाल बच गया। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे काबू किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल,कारतूस और कारतूस का खोल बरामद किया है। वह पहले बलात्कार, हत्या और हथियारबंद लूट जैसे कई मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २५ अगस्त को, शालीमार बाग पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि हैदरपुर कॉलोनी में रहने वाले बीस साल के हर्ष मिश्रा को अज्ञात लोगों द्वारा चाकू मार दिया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज किया। बीती रात हेड कांस्टेबल सत्य नरेन्द्र को आरोपी गुड्डू इलाके में आने की जानकारी मिली। इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह के निर्देशन में

एसआई सुमित कलकल,अजय, एएसआई देवेंद्र,सोमवीर, हेड कांस्टेबल नरसी,सत्य नरेंद्र,नवीन नरवाल,सचिन,अमित,जोगिंदर,हरीश,राहुल, महिला हेड कांस्टेबल रितु और कांस्टेबल ओमवीर को आरोपी को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने रात एक बजे मुनक नहर के पास, एयू ब्लॉक स्थित कूड़ा खत्ता के पास घेराबंदी की। आरोपी गुड्डू को जब एसआई सुमित ने आत्मसमर्पण करने के लिये कहा। आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली हेड कांस्टेबल नरसी राम की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में, हेड कांस्टेबल सत्य नरेन्द्र ने पहले हवाई फायर किया और फिर आरोपी के पैर पर गोली मार दी। जिसको हरकत करने से पहले ही दबोच लिया। बताया गया कि शालीमार बाग की पुलिस पहले ही ४ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# भूजल के अवैध दोहन पर लगाम कसने को रखी जाएगी कड़ी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भूजल के अवैध दोहन पर लगाम कसने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को सौंपी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि राजधानी में बोरवेल और टैंकरों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यह रिपोर्ट एनजीटी के २८ मई के आदेश के अनुपालन में पेश की गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली के साथ जब तक संपूर्ण एनसीआर में भूजल दोहन और संचयन पर कठोर नियम नहीं बनाए जाएंगे तब तक इस संकट से पूरी तरह निजात नहीं मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के सभी राजस्व जिलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अवैध बोरवेल की शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई हो। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने अपने अधिकारियों को आदेश दिया है कि शिकायत मिलने के एक महीने के भीतर ऐसे बोरवेल की पहचान कर उसे सील करना अनिवार्य होगा। यदि कोई अधिकारी लापरवाही बरतता है तो उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। जल बोर्ड ने यह भी कहा है कि अब दिल्ली में केवल जीपीएस-युक्त टैंकरों से ही पानी की आपूर्ति होगी।

इसके लिए १२ सितंबर को राजस्व विभाग ने आदेश जारी किए हैं, जिसके तहत सभी टैंकरों का पंजीकरण दिल्ली जल बोर्ड या नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) में अनिवार्य होगा। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली- एनसीआर में घरेलू और औद्योगिक दोनों तरह की जरूरतों के लिए भूजल का दोहन उसकी प्राकृतिक पुनर्भरण क्षमता से कहीं अधिक है। आईआईटी-दिल्ली के जल संसाधन विशेषज्ञ प्रो. मनोज मिश्रा बताते हैं कि दिल्ली और गुरुग्राम जैसे शहरी क्षेत्रों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कागज पर है। यही कारण है कि हर साल होने वाली ६००-७०० मिमी बारिश भी धरती में नहीं उतर पाती। पर्यावरणविद् सुनीता नारायण (सीएसई) कहती हैं, कंक्रीट के जंगल में बदल गया है।

केंद्रीय भूजल बोर्ड के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा, दिल्ली और एनसीआर में भूजल दोहन अब खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। अगर अगले १० से १५ साल में पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन की व्यापक योजना नहीं बनी, तो कई इलाके डे-जीरो की स्थिति में पहुंच सकते हैं। यह वह स्थिति है जब किसी शहर या क्षेत्र का जल भंडार इतना कम हो जाए कि सरकारी स्तर पर पानी की नियमित आपूर्ति लगभग बंद करनी पड़े।

# फर्जी वीजा रैकेट का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाब से जुड़े फर्जी वीजाा रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए सरवन सिंह उर्फ कोहली नामक एजेंट को गिरफ्तार किया है। सितंबर महीने में पासपोर्ट अधिनियम, धोखाधड़ी और जालसा. जी से संबंधित मामलों में कुल २३ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, इसी अवधि में दलाली और अन्य अवैध गतिविधियों के लिए २५ से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला कपूरथला, पंजाब की रहने वाली अमरजीत कौर को लंदन यूके जाना था। वह आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुँची। दस्तावेजों की चौकिंग करके हुए पासपोर्ट पर लगा यूके का वीजा फर्जी पाया गया। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसका भाई लंदन में रहता है और अच्छी-खासी कमाई करता है। उसने यूके का वीजा हासिल करने की को. शिश की, लेकिन आईईएलटीएस परीक्षा में असफल रही। फिर, लगभग ४-५ महीने पहले, वह सरवन सिंह उर्फ कोहली नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आई, जो अवैध तरीकों से विदेश यात्रा कराने के लिए जाना जाता है।

कोहली ने उसे पंजाब के जालंधर स्थित एक कार्यालय में एक अन्य सहयोगी से मिलवाया, जहाँ उन्होंने २२ लाख के बदले में उसकी लंदन यात्रा की व्यवस्था करने का वादा किया। उसके लगभग एक हफ्ते पहले, कथित एजेंटों ने उसके पासपोर्ट पर नकली यूके का वीजा लगवा दिया था।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह तीन अलग-अलग मास्टर योजनाओं का संयुक्त रूप से अनावरण करते हुए।**

# दिल्ली ने रचा इतिहास, 50 साल बाद आया नया ड्रेनेज मास्टर प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने नया ड्रेनेज मास्टर प्लान पेश किया, जो राष्ट्रीय राजधानी में बार-बार होने वाली शहरी बाढ़ और जलजमाव की समस्याओं को अगले तीस वर्षों तक हल करने के लिए एक ऐतिहासिक ब्लूप्रिंट है। इसका शुभारंभ एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में सेवा पखवाड़ा उत्सव (१७ सितंबर - २ अक्टूबर) के तहत किया गया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७५ वें जन्मदिन के अवसर पर मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर आवास एवं शहरी कार्य और पावर मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने नजफगढ, बारा पुला और ट्रांस यमुना बेसिन के लिए तैयार तीन अलग-अलग मास्टर योजनाओं का संयुक्त रूप से अनावरण किया। यह योजना अगले तीन दशकों के लिए दिल्ली के ड्रेनेज ढांचे को भविष्य-सक्षम बनाने का लक्ष्य रखती है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनो. हर लाल ने कहा, कि "जल संबंधी मुद्दे हमारे शहर की भलाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसमें पीने का पानी, वर्षा जल निकासी और सीवेज सिस्टम शामिल हैं। दिल्ली का नया ड्रेनेज मास्टर प्लान इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है कि हम इन महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए कटिबद्ध हैं।

वर्षों की परिश्रमपूर्व क परामर्श, डेटा संग्रह और अध्ययन के बाद तैयार की गई यह व्यापक योजना दिल्ली की ड्रेनेज आवश्यकताओं के लिए रोडमैप प्रदान करेगी, जिससे जलजमाव से राहत मिलेगी और शहर को ड्रेनेज संबंधी चुनौतियों से सुरक्षित रखा जाएगा।"इस योजना के तहत शहरी बाढ़ से निपटना, सतही जल भंडारण में सुधार, जल बहाव कम करना और मुख्य स्टॉर्मवॉटर चौनलों को अपग्रेड करना शामिल है, जिससे दिल्लीवासियों का जीवन स्तर सुधरेगा, मंत्री ने जोड़ा।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम की अपनी प्रारंभिक समीक्षा साझा करते हुए बारापूला नाला, कुशक ड्रेन, मिंटो ब्रिज और आईटीओ ब्रिज के अपने व्यक्तिगत निरीक्षण का उदहारण दिया।

उन्होंने गर्व से कहा कि इस साल पहली बार मिंटो ब्रिज और आईटीओ जैसी जगहों पर गंभीर जलजमाव नहीं देखा गया, जो पहले एक आम समस्या थी। मुख्यमंत्री ने एक प्रमुख पहल की घोषणा करते हुए कहा कि ३० सितंबर को सेवा पखवाड़ा उत्सव के हिस्से के रूप में ४,००० करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें यमुना पुनर्जीवन योजना भी शामिल है। यह योजना चरणबद्ध और संरचित तरीके से लागू की जाएगी।

दिल्ली सरकार के आवश्यक प्रयासों को रेखांकित करते हुए, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा, "जैसे ही हमारी सरकार बनी, हमने तुरंत दिल्ली में जलजमाव की समस्याओं को हल करने के लिए कदम उठाए। हमने शहर के मुख्य जलजमाव बिंदुओं का दौरा किया और ठोस कदम उठाए। हमारे विभागों ने २० लाख मीट्रिक टन की गाद निकालकर सी-डी प्लांटों में भेजी।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनसेवा व स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने बताया कि आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा शाहदरा जिला अंतर्गत सभी 18 मंडलों में व्यापक जनसेवा एवं स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई।

विश्वास नगर मण्डल में डीडीए रोड, गली नंबर 9, निकट अलंकृत सोसाइटी पर युद्धस्तर पर शुरुआत की गई क्योंकि यहां से आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद ज्योति रानी है और 10-12डंपर ट्रक कूड़ा पड़ा था विश्वास नगर वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं, भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता और शाहदरा साउथ जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा की विशेष अधिकारियों सहित वहीं से महीनों से पड़ा कूड़ा उठाया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा भावना को प्रोत्साहित करना तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर शहरभर में सफाई अभियान, पौधारोपण, रक्तदान शि. विर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जन-जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के दौरान अपने संदेश में कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक



नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगा। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान, रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, जनजागरूकता रैली एवं संवाद आदि का आयोजन किया जाएगा।

जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आने वाले दिनों में भी विभिन्न सामा. जिक और लोकहितकारी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और स्वच्छ, स्वस्थ एवं सेवा-प्रधान समाज के निर्माण में योगदान दें।

स्वच्छता अभियान की अध्यक्षता भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने की। मुख्य अतिथि भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता, जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री आशा रानी व अमित जैन, पूर्व महामंत्री विवेक काबरा,कमलकांत, सफाई अभियान संयोजक दीपक मल्होत्रा सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# चाकू मारकर लूटे थे दो लाख, नाबालिग पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में चाकू मारकर लूटपाट की वारदात में शामिल एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात को चार आरोपियों ने अंजाम दिया था। नाबालिग की निशानदेही पर उसके बाकी साथियों के बारे में जानकारी लेकर उनको पकडने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते आठ सितम्बर को, शिकायतकर्ता जितेंद्र एनएसपी के पास जा रहा था, तभी चार हमलावरों ने उसका बैग लूटने की कोशिश की। उसने विरोध किया, जिससे हमलावर भडक गए और पीडिघ्त पर कई वार किए और अंतत: पीडिघ्त का बैग लेकर फरार हो गए, जिसमें २ लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर मामला दर्ज किया। महिला सब इंस्पेक्टर पिंकी रानी,हितेश भारद्वाज, राजेश कुमार, हवलदार मंदीप, नीरज और कांस्टेबल अंकुश को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया।

पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। कई संदिग्धों की लोकेशन पता करके कई फोन की सीडीआर भी खंगाली। पुख्ता जानकारी के बाद इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास से नाबालिग को पकड़ लिया।

## कोई अपने प्यार से मिलने, तो कोई परिवार से झगड़कर घर से निकला, पुलिस ने मिलवाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता तीन बच्चों को उनके परिवार वालों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १४ अगस्त को कंझावला थाने में १७ साल की किशोरी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनों और दोस्तों से पूछताछ की। संदिग्ध मोबाइल फोन नंबर की सीडीआर की जांच की। तकनीकी निगरानी के आधार पर किशोरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ढूंढ लिया। पूछताछ करने पर पता चला है कि लापता लडकी ८वीं कक्षा की ड्रॉपआउट है और उसके ०४ छोटे भाई-बहन हैं। उसके पिता एक बढ़ई हैं और माँ एक गृहिणी हैं।

१४ अगस्त को, उसका अपनी माँ से झगड़ा हुआ और वह अपने माता-पिता को बताए बिना घर से निकल गई। उसके बाद आईएसबीटी कश्म. ीरी गेट, दिल्ली के लिए एक ऑटो लिया लापता होने के दौरान वह अपने मामा के घर पर रही। वहीं बीते सोमवार से बुध विहार से लापता एक १६ साल के लडके को इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन एएसआई गोपाल कृष्ण और कांस्टेबल धर्मराज की टीम ने तकनीकी निगरानी और मैनुअल जानकारी के आधार पर बस स्टैंड ९९०, ग्राम रिठाला, से बरामद किया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह ८वीं कक्षा का छात्र है और उसके दो भाई-बहन हैं। उसके पिता गोलगप्पे बेचते हैं और माँ गृहिणी हैं। लडका दिव्यांग है और अपने घर का रास्ता भूल गया था। वह सडकों पर भटक रहा था।

## गैंगरेप का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में सामूहिक बलात्कार मामले में शामिल आरोपी भरत को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने राजपुरा रोड, ओपीएल गेट के पास से गिरफ्तार किया। प

कड़े जाने के वक्त वह अपने किसी जानकार से मिलने आया था। पूछताछ करने पर पता चला कि २०१७ में आरोपी भरत ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक किशोरी का अपहरण करके उसके साथ गैंगरेप किया था। उसके साथ शारीरिक उत्पीडन किया। मामला दर्ज होने के बाद, उसे गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई थी। सरेंडर नहीं करने पर उसको भगौड़ा घोषित कर दिया था।

# 3129 संग्रहित अस्थि कलशों को लेकर 300 श्रद्धालु हरिद्वार रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली से पितृपक्ष में निकाली जाने वाली २५ वीं सिल्वर जुबली अस्थि कलश विसर्जन यात्रा श्री देवोत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में शहीदी पार्क, आईटीओ, नई दिल्ली से हरिद्वार के लिए रवाना हुई। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर (अपराध शाखा) श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने करीब ३१२९ संग्रहित अस्थि कलशों को पुष्पांजलि अर्पित कर विदा किया। संतों-महंतों की अगुवाई में वैदिक रीति से मंत्रोच्चारण के साथ महाकाल के भव्य रथ को आगे बढ़ाया। परमपूज्य आनंद विभूषित श्री १००८ डा.राजेश ओझा जी महाराज,राजमाता झंडेवाली माता मंदिर गोरखपार्क के महंत श्री राजेश्व. रानंद जी महाराज,मरघट वाले बाबा श्री हनुमान मंदिर के महंत वरुण शर्मा,शिव नवग्रह मंदिर धाम, चांदनी चौक के महंत श्री शिवशंकर जी महाराज सहित अन्य संत महात्माओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।समिति के अध्यक्ष अनिल नरेंद्र ने बताया, कि लगातार २५ वर्षों में समिति ने १,६९,८१८ (एक लाख उनहत्तर हजार आठ सौ अठारह ) अस्थि कलशों को प्रतिवर्ष १०० किलो दूध की धारा व वैदिक रीति से सतीघाट पर विसर्जन किया है। उन्होंने बताया,कि इन अस्थि कलशों में तीन बार पाकिस्तान से आए ६९५ अस्थि कलश भी शामिल हैं। महामंत्री एवं यात्रा संयोजक विजय शर्मा ने बताया,कि यात्रा शहीदी पार्क आईटीओ से प्रारंभ होकर विकास मार्ग,प्रीत विहार, कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर से, ओसवाल भवन, ज्वाला नगर, दिलशाद गार्डन होती हुई उत्तर प्रदेश सीमा में अप्सरा बार्डर से प्रवेश



किया। कल २० सितंबर को इन सभी अस्थि कलशों का कनखल सतीघाट पर १०० किलों दूध की धारा के साथ सामूहिक विसर्जन किया जाएगा कार्यक्रम में दीपक गुप्ता,किरणदीप कौर, योगेन्द्र सिंह मान,नमन शर्मा,वीर भाई रामनाथ लूथरा, सुनयना सिंह आदि का योगदान रहा।

# दिशा पाटनी के घर पर गोली चला वाले दो शूटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बरेली में दिशा पाटनी के घर पहले दिन यानी ११ सितंबर की सुबह फायरिंग करने वाले दोनों शूटर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। दोनों के पास से हथियार बरामदगी दिखाते हुए आर्म्स एक्ट की धारा लगाई हैं। दोनों पर ही बरेली के एडीजी जोन रमित शर्मा ने एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। पकड़े गए दोनों शूटर बागपत जिले के रहने वाले हैं। दोनों ने दिशा पाटनी के घर से थोड़ा आगे ११ सितंबर की रात अंतिम पहर में फायरिंग की थी। हालांकि गोल्डी बरार व रोहित गोदारा गैंग से जुड़े इन नए शूटरों ने केवल एक हवाई फायर किया था। इनकी फायरिंग के बारे में पाटनी परिवार को भी पता नहीं चला। सुबह जरूर पड़ोसी ने एक कारतूस का खोखा दिया, तब लोगों में रात के वक्त एक धमाका सुनने की चर्चा हुई। इसके बाद ही गोल्डी व रोहित गैंग ने मुख्य शूटर रविंद्र व अरुण को अगले दिन फायरिंग का आदेश दिया। इन्होंने फायरिंग कर गैंग की दहशत फैलाने का काम किया। घटना के बाद से ही बरेली पुलिस ने इनपुट जुटाकर एसटीएफ को सौंपा और फिर संयुक्त टीम ने गाजियाबाद में रविंद्र व अरुण को ढेर कर दिया।

अब दिल्ली पुलिस ने नकुल व विजय को गिरफ्तार करने का दावा किया है। मारे गए शूटरों की तरह इन पर भी एक-एक लाख रुपये का इनाम था जो अब दिल्ली पुलिस के खाते में जाना तय है।

## फ्लैट में पंखे से लटकी मिली युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कालकाजी इलाके में एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुबह सात बजकर ३१ मिनट पर कालकाजी पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि डीडीए जनता फ्लैट कालकाजी में करीब २१ वर्षीय एक लडकी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया। युवती ग्राम हरोई, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। वह वीएम विद्युत इलेक्ट्रिक इंस्टालेशन, नोएडा की लेखा शाखा में निजी नौकरी कर रही थी।

# सशक्त भारत पदयात्रा से जुड़ेंगे तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से शुरू होने वाली नशा मुक्त पदयात्रा से भाजपा सांसद मनोज तिवारी जुडेंगे। डॉ. संदीप डांगी के "नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट" द्वारा संचालित इस सशक्त नशा मुक्त भारत पदयात्रा को इसके साथ नया आयाम स्थापित होने वाला है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक डॉ. संदीप दांगी ने इस सम्बंध में उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी से भेंट की और आगे की रूपरेखा साझा की। इस अवसर पर डॉ. संदीप दांगी ने बताया कि पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना और उन्हें खेलों तथा फिटनेस से जोड़ना है, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा ष्हमारा नारा है



'एक जीवन, एक मिशन खेलोगे तो खिलोगे।' इस पदयात्रा के माध्यम से हम युवाओं को जागरूक करेंगे और समाज को नशामुक्त भारत की दिशा में आगे बढ़ाएँगे।

सांसद मनोज तिवारी जी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आंदोलन आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने पूर्ण सहयोग और आशीर्वाद देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान "नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा" का आधिकारिक टी-शर्ट भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ा जाएगा।

## आर्म्स रॉबरी के मामले में सीसीएल पकडा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एनएसपी मार्किट में आर्म्स रॉबरी के मामले में वांछित सीसीएल को पकड़ा है।इस मामले में चार व्यक्तियों द्वारा पीड़ित को चाकू से कई वार करके आर्म्स रॉबरी की गई थींदिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) हर्ष इंदौरा ने बताया कि ०८.सितम्बर को शिकायतकर्ता एनएसपी के पास जा रहा था, तभी चार हमलावरों ने उसका बैग लूटने की कोशिश की। उसने विरोध किया, तो पीड़ित पर कई वार किए और अंतत: पीड़ित का बैग लेकर फरार हो गए, जिसमें दो लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्य समिति की आपातकालीन बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्य समिति ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम २०२५ पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की समीक्षा के लिए बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में एक आपातकालीन ऑनलाइन बैठक की।बैठक में विचार-विमर्श के बाद निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए। बोर्ड ने मुसलमानों और वक्फ संपत्तियों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने के उद्देश्य से विवादास्पद वक्फ कानून का विरोध और समर्थन के लिए विपक्षी दलों, सांसदों, नागरिक समूहों, मानवा धिकार संगठनों, अल्पसंख्यक नेताओं और न्याय-प्रेमी नागरिकों को धन्यवाद दिया है। बोले ने पहले से मौजूद "वक्फ बाय यूजर" को संरक्षित करने के न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया तथा इसे एक बड़ी राहत बताया।

हालांकि, इसने न्यायालय की चुप्पी या अन्य विवादास्पद प्रावधानों के सत्यापन पर चिंता व्यक्त की,है। जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत संपत्तियों का वक्फ दर्जा समाप्त करना, वक्फ संपत्तियों का अनिवार्य पंजीकरण,सीमा कानून से छूट समाप्त करना, वक्फ निकायों में गैर-मुसलमानों को शामिल करना,आदिवासियों द्वारा वक्फ के लिए भूमि समर्पित करने पर प्रतिबंध शामिल हैं,। बोर्ड ने कहा कि ये निराशाजनक हैं और इस गलत धारणा पर आधारित हैं कि वक्फ मुतावल्ली मनमाने ढंग से काम करते हैं।बोर्ड ने पुष्टि की कि उसका संघर्ष केवल इस अंतरिम फैसले तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मूलत: मुस्लिम निधियों को निशाना बनाने की सरकार की नीति के विरुद्ध है। इसने आशा व्यक्त की कि अंतिम निर्णय अधिक न्यायसंगत होगा तथा सरकार द्वारा विवादास्पद संशोधनों को वापस लेने तथा पूर्ववर्ती वक्फ अधिनियम को बहाल करने तक वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया। बैठक की अध्यक्षता मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने की तथा कार्यवाही का संचालन बोर्ड महासि. चव मौलाना मोहम्मद फजलुर रहीम मुजद्दीदी ने किया। बैठक में

शसैयद सदातुल्लाह हुसैनी (बोर्ड के उपाध्यक्ष), मौलाना मोहम्मद। उमरेन महफूज रहमानी और मौलाना यासीन अली उस्मानी (सचिव), डॉ. एसक्यूआर इलियास (प्रवक्ता), मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, मौलाना खलीलुर रहमान सज्जाद नोमानी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना मोहम्मद रहमतुल्लाह मीर कासामी (श्रीनगर), डॉ. मोहम्मद मतीनुद्दीन क्वाडारी, मौलाना अब्दुल शकूर कासमी, मौलाना मलैक मोहम्मद। इब्राहिम कासमी, मौलाना मुफ्ती अहमद देवलावी, न्यायमूर्ति सैयद शाह मोहम्मद।

# हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए नजर आए आरोपी

## युवती से छेड़छाड़ करने वाले मंजनूओं को पुलिस ने सिखाया सबक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर स्थित एसपी आवास के पास गुरुवार की देर रात अपने भाई के साथ जा रही एक युवती के साथ बाइक सवार मनचलो द्वारा छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छेड़छाड़ करने वाले तीन मनचलो को गिरफ्तार कर लिए है। जबकि उनका एक अन्य साथी अभी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले मनचलो को ऐसा सबक सिखाया कि तीनों मनचले हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए नज़र आए।

मिली जानकारी के अनुसार मामला गुरुवार की देर रात का है। जहाँ मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के घर हापुड़ आ रही थी। जैसे ही वह नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर स्थित एसपी आवास के पास पहुंची इसी दौरान बाइक सवार चार मनचले वहाँ पहुंचे और युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मनचलो ने बाइक की चाबी भी निकाल ली। अचानक हुई इस वारदात से दोनों भाई बहन घबरा गए। दोनों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर मचाने पर मनचले भाग खड़े हुए। पीड़िता ने मामला की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। साइलो प्रथम चौकी प्रभारी आशीष रस्तोगी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और पुलिस ने सीसीटीवी



फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए देर रात तक कई स्थानों पर दबिश दी और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए युवती से छेड़छाड़ करने वाले हापुड़ के मोहल्ला रामगंज निवासी हर्षित, मौहल्ला हरद्वारि नगर निवासी देव उर्फ़ देवा और मोहल्ला आदर्श नगर निवासी दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उनका एक अन्य साथी अभी भी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मनचलों को गिरफ्तार कर पुलिस ने ऐसा सबक सिखाया की मनचले हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए नजर आए। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि युवती से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नही जाएगा।

# एनएच-9 पर हैंडलूम शोरुम में सेंधमारी, लाखों का माल पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** एनएच-9 हाईवे पर हैंडलूम की दुकान से गुरुवार रात चोरों ने दो से ढाई लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने पिछली दीवार कूमल कर सेंधमारी की और वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

हापुड़ कोठी गेट निवासी मोहम्मद शाहिद की दुकान हाईवे पर स्थित है। शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो पिछली दीवार टूटी हुई मिली। जांच करने पर पता चला कि तोलिया, चादर, ग्राम लोई और परदे समेत भारी मात्रा में हैंडलूम सामान चोरी हो गया है। सीसीटीवी फुटेज में चोरों की गति. विधियां साफ नजर आ रही हैं। पुलिस के अनुसार फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की पहचान




की जा रही है। सीओ अनीता चौहान ने कहा कि घटना की जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पत्नी की हत्या कर शव कुएं में फेंका, हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गाँव वैठ में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है जहां पर एक पति ने ही अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर डाली और उसके शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से प्लास्टिक के बोरे में बंद कर गांव में ही स्थित एक कुएं में फेंक दिया और पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से अपनी ही पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो मामले का खुला. सा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला थाना सिंभावली क्षेत्र के गाँव वैठ का है। जहाँ गांव वैठ निवासी मोहम्मद आजाद ने आपसी कलह के चलते अपनी 36 वर्षीय पत्नी गुलशन की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों के बीच 15 साल के वैवाहिक जीवन में अक्सर घरेलू झगड़े होते थे। 15 सितंबर की रात मोहम्मद आजाद ने पहले गुलशन को दूध में नींद की गोलियां मिलाकर दीं। जब वह बेहोश हो गई तो उसने दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपनी पत्नी के शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर अपने के साथी के साथ मिलकर ई-रिक्शा की मदद से गाँव के जंगल में स्थित एक कुएं में फेंक दिया। अपनी इस करतूत को छिपाने के लिए आरोपी आजाद ने 17 सितंबर को सिंभावली थाने में अपनी पत्नी गुलशन की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई और उसे ढूँढने का नाटक करने लगा। पुलिस को आजाद की बातों पर संदेह हुआ। पुलिस ने ज़ब आज़ाद से इस मामले में सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी आजाद ने बताया कि उसने ही अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर डाली और उसकी लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से गांव में स्थित एक कुएं में फेंक दिया था और पुलिस से बचने के लिए झूठी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आजाद की निशानदेही पर पुलिस ने मृतका गुलशन का शव कुएं से बरामद किया और उसे अपने कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि आपसी कलह के कारण पति ने इस वारदात को अंजाम



दिया। पुलिस अब इस अपराध में शामिल अन्य सह-आरोपी की तलाश कर रही है। जिसकी ई-रिक्शा का इस्तेमाल शव को ठिकाने लगाने के लिए किया गया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह मामला दिखाता है कि कैसे पुलिस की सतर्कता और पेशेवर जाँच ने एक क्रूर अपराध का कुछ ही घंटों में पर्दाफाश कर दिया।

# नॉर्दन रेलवे मैंस यूनियन ने मनाया शहीद दिवस, दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एनआरएमयू यानी नॉर्दन रेलवे मैंस यूनियन और एआईआरएफ यानी ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के पदाधिका. रियों और कर्मचारियों ने शहीद दिवस मनाया। जिसमें उन्होंने रेलवे के उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने 1968 की रेलवे हड़ताल के दौरान अपनी जान गँवा दी थी। यह कार्यक्रम यूनियन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा और मंडल मंत्री राजेश चौबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में 1968 के आंदोलन के शहीदों गुरदीप सिंह, लक्ष्मण सिंह, राजबहादुर और देव. राज के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। ये सभी पुलिस फायरिंग में शहीद हुए थे। पदाधिकारियों ने इन शहीदों को रेलवे मजदूर आंदोलन का प्रतीक बताया और कहा कि उनकी कुर्बानी ने ही श्रमिकों के अधिकारों की नींव रखी। इस श्रद्धांजलि सभा के साथ ही कर्मचारियों ने अपनी कई मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों ने तत्काल 8वें वेतन आयोग का गठन करने और इसे 1 जनवरी 2026 से लागू करने की मांग की गई। 7वें वेतन आयोग के अनुसार प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस की सीमा बढ़ाकर भुगतान करने की मांग की गई। इसी के साथ सुरक्षा और गैर-सुरक्षा श्रेणियों में खाली पदों को तुरंत भरने की मांग की गई, ताकि कर्मचारियों का कार्यभार कम हो सके। 50प्रतिशत डीए यानी महंगाई भत्ता मिलने के बावजूद माइलेज दरों में 25प्रतिशत



की बढ़ोतरी न होने पर नाराजगी जताई गई। पुराने परमानेंट वे मैनुअल को आधुनिक समय के हिसाब से बदलने की मांग की गई। इसी के साथ दुर्गा पूजा से पहले बोनस का भुगतान करने की मांग की गई, ताकि कर्मचारियों को आर्थिक रूप से राहत मिल सके। यूनियन ने इन सभी मांगों को लेकर रेलवे बोर्ड को एक ज्ञापन भी सौंपा है और चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इसका समाधान नहीं हुआ तो उनका आंदोलन और भी तेज हो जाएगा। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष इरशाद खान, शाखा सचिव ओमदत्त, रविंद्र शर्मा, रामकेश, शिवेश त्यागी, मोनू यादव, अमरीश पाल, चांद मोहम्मद, सुमित त्यागी सहित कई अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

# जीएस विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह हाल ही में एनएबीएच, एनएबीएल और सेल्सियन्जकॉन जैसे अंतर्राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंसेज़ की सफलता का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का संचालन सर्जरी विभाग की प्रमुख डा. मधुबाला और उनकी टीम ने किया।

जीएस विश्वविद्यालय की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि शर्मा ने कहा कि संस्थान की लगातार सफलता कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समाज के भरोसे का नतीजा है। उन्होंने बताया कि जीएस विश्व. विद्यालय का उद्देश्य मरीजों को बेहतरीन इलाज और छात्रों को उच्च



स्तरीय शिक्षा देना है। कार्यक्रम में जीएस विश्वविद्यालय के प्रो-चां. सलर डा. अंकित शर्मा, मेडिकल डायरेक्टर डा. रूपाली शर्मा, सीईओ डा. नेहा शर्मा और जीएस आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक सोनाली शर्मा ने सभी कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य शिविर में विधायक ने वितरित की पोषण पोटली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सेवा पखवाड़ा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के रोगियों की पहचान करना और उन्हें सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत, जिले के सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसका लक्ष्य सामान्य मरीजों और महिलाओं की जांच करना है। स्क्रीनिंग के दौरान जिन लोगों में भी टीबी के लक्षण मिलते हैं, उनकी जाँच की जा रही है। भारत सरकार के निर्देश पर, लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। निक्षय मित्र वे लोग होते हैं जो टीबी रोगियों



को पोषण और भावनात्मक सहयोग देते हैं।

धौलाना क्षेत्र में आयोजित शिविर में विधायक धर्मेश तोमर ने पाँच टीबी रोगियों को पोषण पोटली न्यूट्रिशन किट वितरित की। उन्होंने पहले भी ऐसे रोगियों की मदद की है। जिला टीबी अधिकारी डा. राज. ेश सिंह ने बताया कि अभियान के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया जा रहा है और जनता से अपील की गई है कि वे निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करें। इस कार्यक्रम में डा. रोहित मनोहर सिंह, सतीश कुमार, और पंकज तोमर जैसे कई अधिकारी भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम टीबी के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो रोगियों को जरूरी पोषण और सामा. जिक सहायता प्रदान करने पर जोर देता है।

## एक नजर

### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष का कारावास, 5 हजार रुपये का लगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबा. लिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए शुक्रवार को न्यायालय द्वारा नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को दण्डित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 1 मार्च 2022 को आरोपी अंकुश पुत्र राजवीर निवासी ग्राम भगवानपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ द्वारा रास्ते में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा 27 मार्च 2022 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। शुक्रवार को आरोपी अंकुश को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो प्रथम हापुड़ द्वारा 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक उपनिरीक्षक दलवीर सिंह एवं पैरोकार कांस्टेबल अनुज व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

### जानलेवा हमले के आरोपी को 5 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक आरोपी को जानलेवा हमला करने के जुर्म में सजा दिलवाई है।

शासकीय अधिवक्ता गौरव नागर ने बताया कि 4 सितम्बर 2015 को आरोपी प्रवीण पुत्र सतपाल निवासी मोहल्ला सुभाषनगर, थाना हापुड़ देहात ने शिकायतकर्ता पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया था। इस घटना के संबंध में थाना हापुड़ देहात में मुक. दमा अपराध संख्या 406/2015, धारा 307, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 2015 को कोर्ट में चार्जशीट दायर की गई थी। शुक्रवार को एडीजे द्वितीय, हापुड़ की अदालत ने आरोपी प्रवीन को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे 5 साल के साधारण कारावास और 500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में पुलिस और अभियोजन पक्ष की टीम की कड़ी मेहनत और प्रभावी पैरवी का विशेष योगदान रहा। इसमें शासकीय अधिवक्ता गौरव नागर, जांच अधिकारी योगेंद्र मलिक, पैरोकार कुसुम और कोर्ट मुहर्रिर पुष्पा शामिल थे।

### अपहृत किशोरी को सकुशल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गाजियाबाद के लाल कुआं चौकी के पास से पकड़ा गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी विवेक कोतवाली क्षेत्र के रजनी विहार मोहल्ले का निवासी है। किशोरी को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### महिला के साथ मारपीट व धमकी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अचपलगढ़ी में एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का गंभीर मामला सामने आया है। घटना तब हुई जब पीड़िता रुकसाना अपने बच्चे को घर के बाहर टॉर्च की रोशनी में बाथरूम करा रही थीं।

पीड़िता के पति सलमान की शिकायत के अनुसार, गांव निवासी सुहैल ने उनकी पत्नी को यह कहते हुए रोका कि वह उनकी वीडियो बना रहा है। विरोध करने पर आरोपी ने रुकसाना के साथ बदसलूकी की और उनकी जमकर पिटाई की। इस हमले में महिला के दांत और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए पिलखुवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि आरोपी फिर से हिंसक हो सकता है। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# युवती का अपहरण करने वाला गिरफ्तार, युवती बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने युवती का अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद किया है।



थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने युवती का अपहरण करने वाले आरोपी विवेक पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला रजनी विहार थाना पिलखुवा जनपद हापुड को लाल कुआं पुलिस चौकी के पास जनपद गाजियाबाद से गिरफ्तार कर अपहरण हुई युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया है। कागज़ी कार्रवाई करने के बाद युवती को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में हुआ आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हापुड़ में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में भूकंप और आग से बचाव के लिए एक सफल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में तुरंत और प्रभावी तरीके से काम करना था, ताकि स्टाफ, छात्रों और आसपास के लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। यह गर्व की बात है कि इस उत्कृष्ट मॉक ड्रिल के लिए सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ को पूरे उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। यह इस बात का प्रमाण है कि संस्थान आपदा प्रबंधन के लिए कितना तैयार और समर्पित है। ड्रिल के दौरान भूकंप की स्थिति का अभ्यास किया गया। अलार्म बजते ही सभी छात्रों, शिक्षकों और स्टफ ने ड्रॉप, कवर एंड होल्ड प्रक्रिया का पालन किया। डीएम अभिषेक पाण्डेय के निर्देश पर हुए इस कार्यक्रम में पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, शिक्षा विभाग और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित कई विभागों ने भाग लिया। भारतीय सेना के विशेषज्ञों ने भी राहत और बचाव कार्यों के लिए मार्गदर्शन दिया। मॉक ड्रिल से पहले, गुरुवार शाम को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सेना की संयुक्त टीम ने सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा उपकरणों, संचार प्रणाली, आपातकालीन चिकित्सा



सुविधाओं और बचाव मार्गों की गहराई से जांच की। इस निरीक्षण दल में गजेंद्र सिंह बघेल, सार्जेंट सेफी, नीरज कुमार, सतीश कुमार, अजय, अरुण, डा. सुनील गुप्ता, डा. दिनेश भारती और भारतीय सेना के मेजर आरपी सिंह जैसे अधिक. ारी मौजूद थे। संस्थान के अधिका. रियों, जिनमें प्रिंसिपल डा. बरखा गुप्ता, सीनियर एडवाइजर डा. आरके सहगल, जीएम एडमिनिस्ट्रेशन एन वरधाराजन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आर दत्त और हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डा. वाईसी गुप्ता शामिल थे। जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर सबको बधाई दी। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने भी इस सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ और बधाई भेजीं।

# आई लव मुहम्मद बोर्ड पर एफआईआर का मुस्लिम युवा मंच ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कानपुर में आई लव मुहम्मद लिखा बोर्ड लगाने वाले मुस्लिम लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत किए जाने के मामले में मुस्लिम युवा मंच ने विरोध जताया। इस मामले में मुस्लिम युवा मंच के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबो. धित ज्ञापन हापुड़ एसडीएम को सौंपा।

मुस्लिम युवा मंच ने युवकों पर दर्ज मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाने की मांग उठाई। मुस्लिम युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल कादिर एडवोकेट ने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कानपुर में मुस्लिम युवकों पर प्राथमिकी का मुस्लिम युवा



मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल कादिर एडवोकेट ने विरोध करते हुए कहा कि आई लव मुहम्मद लिखना अपराध नहीं है, यह केवल व्यक्तिगत आस्था और सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब से प्रेम जताना इसी अधिकार का हिस्सा है, जिसे किसी भी कानून से रोका नहीं जा सकता। मुस्लिम युवा मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हापुड़ को सोपते हुए कानपुर में आई लव मुहम्मद लिखा बोर्ड लगाने वाले मुस्लिम लोगो के विरुद्ध दर्ज मुक. दमो को तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाने की मांग उठाई।

# रक्तदान शिविर में 100 से अधिक यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सिटी द्वारा आयोजित एक विशाल रक्तदान शिविर और थैलेसीमिया स्क्रीनिंग कैंप में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस नेक पहल में जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह आयोजन सफल हो पाया।

शिविर की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सिटी के सचिव अखिल गर्ग ने रोटरी वरदान ब्लड सेंटर गाजियाबाद के कॉर्पोरेट इंचार्ज विक्रांत सिंह और जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कैंपस मैनेजर डा. गौरव शर्मा को सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान की अपील करते



हुए इसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया।इस शिविर में शाम तक 100 से अधिक यूनिट रक्त जमा किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के जनरल सेक्रेटरी डा. हिमांशु सिंहल ने रक्तदान के वैज्ञानिक और सामाजिक फायदों पर बात की। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को एक प्रमाण-पत्र युक्त कार्ड दिया गया। यह कार्ड यह सुनिश्चित करता है कि जरूरत पड़ने पर उनके परिवार के सदस्यों को भी रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। इस आयोजन ने समाज में सेवा, सहयोग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का मजबूत संदेश दिया।

# रेकी कर मोबाइल चुराने वाले गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** रेकी करने के बाद पीजी, घरों और दुकानों से मोबाइल चुराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को फेज तीन थाने की पुलिस ने शुक्रवार को सेक्टर-69 स्थित पार्क से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। दोनों बदमाशों के पास से चोरी के तीन मोबाइल और एक चाकू बरामद हुआ है। एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया कि क्षेत्र से मोबाइल चोरी होने की लगातार सूचनाएं आ रही थीं। इसके लिए फेज तीन थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने शुक्रवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दो बदमाशों को दबोच लिया।




उनके पास से चोरी का मोबा. इल भी मिला है। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के खोड़ा निवासी अनीश उर्फ राजा व अनमोल के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 19-19 साल है। अनीश के खिलाफ दो जबकि अनमोल के खिलाफ पांच केस जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। गाजियाबाद से भी दोनों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। अनमोल जब नाबालिग था तभी से वारदात कर रहा है। बदमाशों ने पूछताछ के दौरान बताया कि चोरी का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए वह अपने पास चाकू रखते हैं। अगर लगता है कि पकड़ जाएंगे तो बदमाश व्यक्ति पर चाकू से हमला भी कर देते हैं। बरामद मोबा. इल आरोपियों ने जिले के अलग-अलग स्थानों से चुराया था। गिरोह में कई अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस अन्य बदमाशों की भी तलाश कर रही है।

## सोसाइटी बेसमेंट में गंदगी से परेशान लोग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी के बेसमेंट की हालत खराब होने के कारण लोग परेशान हैं। सोसाइटी में रहने वाले दिलीप ने बताया कि बेसमेंट में जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं। यहां से उठने वाली दुर्गंध दो से तीन मंजिला पर बने फ्लैट तक पहुंच रही है। ऐसे में लोगों का बालकनी में बैठना मुश्किल हो गया है। बरसात का पानी भी अब तक बेसमेंट से नहीं निकला है। इसके कारण मच्छर पनप रहे हैं, जिनसे संक्रमित बीमा. रियां फैलने का है। लोगों की मांग है कि बेसमेंट में से पानी और मलबे को तुरंत हटाया जाए।

दुकानदारों द्वारा बेसमेंट में पानी छोड़ने पर रोक लगाई जाए। वही, एओए से जानकारी लेने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# ग्रेटर नोएडा में परिवार पर जानलेवा हमला

■ आरोपी तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित खेरली हाफिजपुर गांव में एक परिवार पर जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

यह मामला 1 मई का है, जब पीड़ित पक्ष के सतवीर ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके खेत में आरोपी पक्ष के रेवसिंह और उसके परिजनों ने कब्जा करने के उद्देश्य से पोल गाड़ दिए थे।जब सतवीर के चाचा कंवल सिंह और तेज सिंह मौके पर पहुंचे, तो आरोपी पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर उन पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान आरो. पियों ने पथराव भी किया और जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस हमले में कंवल सिंह और तेज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

सतवीर ने इस घटना के संबंध में छह नामजद सहित कुल 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।पुलिस के अनुसार, इस मामले में फरार चल रहे आरोपी विकास उर्फ कालू, जो बुलंदशहर का निवासी है, को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि विकास ने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि इस घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस ने 5 वर्ष से फरार चल रहे एक 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी 2020 में ग्रेटर नोएडा से ट्रक लेकर गया था तथा अमानत में खयानत करके ट्रक को हड़प लिया था। तब से यह फरार चल रहा था। बदमाश के खिलाफ थाने में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि गस्त के दौरान मारीपत रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस मिला। उन्होंने बताया कि पूछताछ पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम बिट्टू कुमार पुत्र सुनील ठाकुर निवासी जनपद सीतामढ़ी बिहार बताया। उन्होंने बताया कि जांच करने पर पुलिस को पता चला है कि यह थाना बादलपुर क्षेत्र का फरार अभियुक्त है। इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है।

उन्होंने बताया कि आरोपी वर्ष 2020 में ममता गांधी सभरवाल का ट्रक लेकर चला गया था। यह उनके ट्रक पर ड्राइवर के रूप में काम करता था। आरोपी ने उक्त ट्रक को कहीं पर बेच दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके ट्रक के तेल खत्म हो गया था। मालिक पैसे नहीं दे रहा था, तो उसने सिलीगुड़ी के पास एक ढाबा पर ट्रक खड़ा कर दिया था। उसके बाद आरोपी मुंबई चला गया था। वहां पर वह ट्रक चला रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री करेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन, सीएम ने परखीं तैयारियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन 25 सितंबर को करेंगे। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय होने के बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में तैयारियां देखने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अलग-अलग पवेलियन में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। वहीं अधिकारियों के साथ एक्सपो सेंटर में बैठक कर उद्यमियों और विदेशी मेहमानों की सुविधाओं के अलावा ट्रैफिक प्रबंधन, कानून व्यवस्था और यूपी सरकार की नीतियों के प्रदर्शन पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पहले दोनों आयोजन से इसे बेहतर बनाने और बदलते यूपी की तस्वीर के रूप में पूरी दुनिया के सामने प्रदेश को शोकेस करने के स्पष्ट निर्देश दिए।



शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री पहले राजकीय विमान से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर से एक्सपो सेंटर आए। करीब दो घंटे वह एक्सपो सेंटर में रहे। इस दौरान अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री को पूरे आयोजन की व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यापार मेले में प्रमुख देशी-विदेशी कंपनियों के अलावा यूपी सरकार की संस्थाएं जैसे इंवेस्ट यूपी, यीडा, नोएडा व ग्रेनो प्राधिकरण समेत अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी परियोजनाओं की जानकारी देंगे। डीएम मेधा रूपम ने सीएम को बताया कि स्टॉल्स की योजना पर काम पूरा हो गया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधक पर मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाहनों की आवाजाही में दिक्कत नहीं हो इसके लिए आयोजन स्थल के पास ही 8000 वाहनों की क्षमता की अस्थायी पार्किंग तैयार कराई गई है।

मुख्यमंत्री ने 25 से 29 सितंबर तक जारी रहने वाले मेले के आयोजन में व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि देश-विदेश से आने वाले अतिथियों और उद्यमियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मेले में कई देशों के राजनयिक भी पहुंचेंगे। आयोजन में रूस भी कंट्री पार्टनर के रूप में जुड़ा है। ऐसे में इस आयोजन को पिछले साल से अधिक भव्य और सफल बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अन्य तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। इसमें किस भी प्रकार की लापरवाही नहीं रखी जाए। मुख्यमंत्री के साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी निरीक्षण में शामिल रहे।

**दुनिया के सामने हुनर को दिखाने का मौका : नंदी-** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि ट्रेड शो गांवों और कस्बों के हुनरमंद कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस बार एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओडी) के उद्यमियों को भी यहां दुनिया के सामने अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलेगा। आयोजन उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। ट्रेड शो न सिर्फ व्यापार का मंच है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक ताकत को दुनिया के सामने पेश करने का अवसर भी है।

**उद्यमियों को व्यापार के लिए मिला प्लेटफार्म: राकेश सचान-** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान का कहना है कि उत्तर प्रदेश में करीब 96 लाख एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। यह ट्रेड शो इन उद्यमियों को एक ही छत के नीचे लाने का मंच है। प्रदेश सरकार ट्रेड शो के माध्यम से उद्यमियों को व्यापार करने के लिए एक प्लेटफॉर्म मुहैया कराती है। सभी लोगों से अपील है कि वह यहां आएं और देखे कि उत्तर प्रदेश में किस तरह के उद्यम हैं और प्रदेश किस तरह से बदल रहा है।

**सीएम के आगमन के दौरान कड़ी रही सुरक्षा:** उच्यमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। एक्सपो मार्ट के गेट नंबर-1 की ओर जाने वाला रास्ता बंद रहा। यहां सुबह से ट्रैफिक पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग कर रखी गई थी। इसके साथ ही एक्सपो मार्ट से लेकर परी चौक तक के एरिया के आसपास एहतियातन पुलिस बल तैनात रहा। निरीक्षण के समय सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर लगी 16 एलईडी लाइट और तार चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे पर लगी करीब 16 एलईडी लाइट और बिजली का तार चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी होने पर शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे के कंट्रोल रूम ऑफिसर ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कंट्रोल रूम ऑफिसर बनवारी लाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि यमुना एक्सप्रेसवे पर दनकौर कोतवाली क्षेत्र में करीब 17 किमी पर नोएडा से आगरा जाने वाली लाइन पर लगे 16 हाई मास्ट एलईडी लाइट और 60 मीटर बिजली का तार चोरों ने देर रात चोरी कर लिया। कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है। कंट्रोल रूम ऑफिसर का कहना है की चोरी की गई लाइट्स की कीमत लाखों रुपये है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### डेंगू के मरीजों की संख्या 300 पार हुई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में शुक्रवार को डेंगू के नौ रोगियों की पुष्टि हुई। इसी के साथ मरीजों की संख्या 300 पार हो गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस सीजन में डेंगू पीड़ित किसी भी रोगी की मौत नहीं हुई। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि गुरुवार तक डेंगू के 296 मरीजों की पुष्टि हुई। अब नौ नए रोगियों के साथ मरीजों की संख्या बढ़कर 305 हो गई है। उन्होंने कहा कि सितंबर में सबसे अधिक रोगियों की पुष्टि हुई। इस माह अब तक डेंगू के 217 मरीजों की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि डेंगू बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से अपील है कि डेंगू के बचाव के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के आसपास पानी न जमा होने दें। पूरी बाजू के कपड़े पहनें और पुराने टायरों, कूलर आदि में पानी जमा न होने दें। साफ-सफाई का ध्यान रखें। डेंगू के मुख्य लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द व चकत्ते शामिल हैं। उपचार में पर्याप्त आराम, खूब तरल पदार्थ पीना और दवाएं शामिल हैं। दवाओं का इस्तेमाल डॉक्टरी परामर्श से करें।

### जागरूकता अभियान 27 सितम्बर तक चलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) सुरक्षित बिजली उपयोग को लेकर शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहा है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक और संवाद का सहारा लिया जा रहा है। यह जागरूकता अभियान 27 सितंबर तक चलेगा। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि उपभोक्ता सप्ताह के दौरान 15 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से संवाद किया जा रहा है। करीब 50 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ नाटक से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, बिजली चोरी से बचने और विद्युत सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी जा रही है। अभियान में 78 हजार उपभोक्ताओं से जुड़कर संवाद स्थापित करने का लक्ष्य है। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता होगी। इसके विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गया सलाखों के पीछे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। बुलंदशहर मृतका के पिता ने केस दर्ज कराया था कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री वर्तमान में हबी. बपुर गांव में किराये के मकान में रहती थी। वह पिछले तीन साल से एक ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी में कार्यरत थी। इसी कंपनी में बुलंदशहर निवासी विक्रांत शर्मा भी काम करता है। काम के दौरान आरोपी पुत्री के संपर्क में आया। आरोप है कि विक्रांत ने युवती को शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। जब युवती ने शादी का दबाव डाला तो आरोपी टालमटोल करने लगा और कथित रूप से उसकी अश्लील तस्वीरें दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा।

युवती काफी मानसिक तनाव में रहने लगी थी। उसने यह बात अपने पिता और छोटी बहन को भी बताई थी। सामाजिक दवाब और आरोपी की प्रताड़ना से आहत होकर युवती ने बीते मंगलवार को अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता ने गुरुवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी पर बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस मामला दर्ज कर जांच उसे गिरफ्तार किया।

# अस्पताल में चले लात-घूसे, मरीज की हालत बिगड़ने के बाद भारी बवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-22 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में मरीज के परिजनों और अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि डॉक्टर और स्टाफ ने इलाज की मांग करने पर मरीज और परिजनों के साथ लात-घूंसे चलाए और मोबाइल तोड़ दिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।





जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-49 बरौला निवासी सतीश कुमार ने अपने बेटे को उल्टी और दस्त की शिकायत पर ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया था. परि. जनों का कहना है कि डॉक्टर ने बच्चे को बोतल और इंजेक्शन लगाने के बाद आराम करने की सलाह दी. जब बच्चे की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोबारा जांच करने की मांग की तो डॉक्टर फिर आराम करने की बात करने लगे और अगले दिन आने को कहा।

परिजनों का आरोप है कि लगातार बच्चे की हालत बिगड़ने पर जब उन्होंने डॉक्टर से तुरंत इलाज की मांग की, तो डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ भड़क गए, इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और अस्पताल के स्टाफ ने मरीज और परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि बच्चे को भी धक्का दिया गया।

**पीड़ितों ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर:** परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो स्टाफ ने उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और उन्हें अस्पताल से बाहर निकाल दिया. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोगों में अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है।

# धरनास्थल के पास निकला कोबरा, जंगल में छोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-22ई स्थित फलेदा गांव में चल रहे भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के धरनास्थल के निकट बने कमरे में (सांप) कोबरा निकला। आरोप है कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने वन विभाग को इस संबंध में सूचना दी, लेकिन वहां से कोई नहीं आया। बाद में धरने में मौजूद किसानों ने किसी तरह कोबरा को कमरे से बाहर करने में कामयाबी हासिल की।

किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का फलेदा गांव में धरना-प्रदर्शन चल रहा है। धरनास्थल के निकट जिस कमरे में धरने में बैठने के लिए दरी आदि रहती है। किसान यूनियन के कार्यकर्ता जब उस कमरे में शुक्रवार सुबह धरनास्थल पर बैठने के लिए दरी लेने आए तो वहां एक कोबरा दिखाई दिया। पहले तो कार्यकर्ता सांप को देखकर डर गए। उन्होंने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। उनका आरोप है कि वन विभाग के पास जहरीले जीव-जंतु पकड़ने के लिए टीम नहीं थी। बाद में धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने कोबरा को कमरे से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद धरना शुरू हुआ। शुक्रवार को मनवीर सिंह की अध्यक्षता में तथा मास्टर श्योराज राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना दिया गया। इस मौके पर महेंद्र सिंह, शौली, रौदास, पप्पू प्रधान, हरिओम, ओमपाल, नेत्रपाल, घनश्याम भाटी, रोबिन सिंह, सुनील भाटी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेक्टर-11 में झपटमारों को पकड़कर लोगों ने पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-11 के निवासियों ने नोएडा की हाईटेक पुलिसिंग की कलई खोल दी। सेक्टर-11 तथा सेक्टर-12 में काफी दिनों से सक्रिय जिन झपटमारों को पुलिस आज तक नहीं पकड़ पाई। उन्हें सेक्टर के लोगों ने झपटमारी करते न सिर्फ दबोचा बल्कि उनके कब्जे से झपटे हुए 7 मोबाइल फोन भी बरामद कर लिये। इस दौरान बदमाशों के हमले में चौकीदार समेत दो लोग घायल हो गए। सेक्टर-11 ई। अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि आज सुबह करीब 7 बजे पारस सक्सेना तथा उनकी पत्नी प्रियंका सक्सेना अपने बच्चे को स्कूल बस तक छोड़ने के लिए एल ब्लॉक पर खड़े थे। तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने प्रियंका के गले से सोने की चेन झपटने का प्रयास किया। खींचतान में बदमाशों की बाइक गिर गई तथा पारस सक्सेना व उनकी पत्नी ने लोगों के सहयोग से बदमाशों को दबोच लिया। बदमाशों ने बचाव में ईंट भी मारी जिससे चौकीदार समेत दो लोगों को गंभीर चोटें भी आई। बाद में सेक्टरवासियों ने पुलिस को बुलाकर दोनों बदमाशों को उनके हवाले कर दिया।

पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम संजय पुत्र देवनारायण निवासी कल्याणपुरी नई दिल्ली तथा आशू पुत्र सुखवीर निवासी दल्लूपुरा बताये। लोगों का कहना है कि सेक्टर-11 तथा सेक्टर-12 में पिछले कई माह से ये झपटमार वारदातों को अंजाम दे रहे थे पर पुलिस आज तक इनको गिरफ्तार नहीं कर पाई। सेक्टरवासियों ने चौकी हरिदर्शन चौकी प्रभारी की लापरवाही तथा गश्त न करने को लेकर भी रोष जताया तथा जमकर नारेबाजी की।

# कुट्टू आटा और साबूदाने के नमूने लिए

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** आगामी नवरात्रि एवं दशहरे के पर्वो के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

सी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा सेक्टर 1 ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित नोएडा डेली मार्ट से कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, साबूदाना एवं व्रत की नमकीन का 01-01 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस के पांडेय एवं ओ पी सिंह की टीम द्वारा सेक्टर-77 नोएडा स्थित हापी होम ग्रॉसरी स्टोर से कुट्टू आटा का 01 नमूना, चौहान किराना स्टोर से साबूदाना का 01 नमूना, मार्ट एंड मोर स्टोर से कुट्टू आटा का 01 नमूना एवं सेक्टर-34 नोएडा स्थित परिवार आटा चक्की से रामदाना लड्डू का 01 तथा बाला जी आटा चक्की से समा के चावल का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 09 नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।



सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

# हाई राइज सोसाइटी में एक बार फिर अटकी लिफ्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाई राइज सोसाइटी में लिफ्ट अटकने से तीन बच्चे उसमें फंस गए। यह घटना परिस्टिन एवेन्यू सोसायटी में हुई, जहां बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार, तीनों बच्चे ग्राउंड फ्लोर से ऊपरी मंजिल पर जा रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट का दरवाजा खुलने के बाद वह अचानक अटक गई, जिससे बच्चे अंदर फंस गए। इस दौरान दरवाजा हल्का सा खुल गया ना तो यह दरवाजा बंद हो रहा था। और ना ही दरवाजा खुल रहा था।

यह बच्चे ट्यूशन पढ़ने के बाद अपने घर वापस जा रहे थे लिफ्ट अटकने से बच्चे काफी घबरा गए।

सोसाइटी के निवासियों की मदद से बच्चों को लिफ्ट से सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह घटना हाई राइज सोसाइटी में लिफ्ट की खराबी को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ाती है। सोसाइटी के निवासियों ने कहा कि लिफ्ट एक्ट लागू हो चुका है लेकिन उसके बावजूद भी इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# किसानों को न हो किसी प्रकार की कोई समस्या:डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई रमाला सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को रमाला सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक जिलाधिकारी/सभापति अस्मिता लाल की अध्यक्षता में मिल परिसर रमाला में सम्पन्न हुई। बैठक में गन्ना किसानों के हित, मिल संचालन और आगामी गन्ना पेराई सत्र से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने मिल की कार्यप्रणाली, उत्पादन व्यवस्था और गन्ना पेराई सत्र की तैयारियों का भी स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशीनरी, शुगर उत्पादन प्रक्रिया और रखरखाव संबंधी कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली जाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने 15 अक्टूबर तक ट्रायल रन पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि मिल का संचालन समय पर और सुचारू ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने किसानों की मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मिल परिसर में किसानों के लिए पेयजल, विश्राम स्थल, छायादार शेड, शौचालय और शिकायत निवारण केंद्र जैसी व्यवस्थाएँ प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मिल प्रशासन द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे डिजिटल नवाचारों पर भी चर्चा हुई। अब गन्ना आपूर्ति और भुगतान से संबंधित सभी जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध है। ई-गन्ना ऐप और स्मार्ट गन्ना किसान पोर्टल के माध्यम से किसान गन्ना सर्वे, बेसिक कोटा, कैलेंडर पर्चियाँ, समिति पर्ची निर्गमन, ओवरलोड पर्ची समायोजन, मिल पर्ची पर तौले गए गन्ने का विवरण और भुगतान की स्थिति आसानी से देख सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन की सजगता और किसानों के सहयोग से मिल संचालन पारदर्शी व सुचारू ढंग से होगा और जिले के कृषक लाभान्वित होंगे। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी समस्याएँ सीधे पोर्टल या हेल्पलाइन पर दर्ज कराएँ। बैठक में समिति के पदाधिकारियों, मिल अधिकारियों और बड़ी संख्या में गन्ना किसानों ने भागीदारी की। बैठक का संचालन मिल प्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी अमर प्रताप सिंह मिल प्रबंधक विवेक कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## इंस्पेक्टर, दरोगा और पांच सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज करने के दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कस्बे में अवैध हिरासत और फर्जी मुकदमा दर्ज करने का गंभीर मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नम श्रीवास्तव ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी अजय शर्मा, एसआई मुकेश, हेड कांस्टेबल वरुण वीर सिंह और कांस्टेबल हरीश कुमार, अंशुल कुमार, अजीत सिंह, रोहित भाटी व देवेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश सरोज नामक महिला की ओर से जनवरी 2021 में दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पुलिस ने उनके बेटे मोहित को बिना वजह हिरासत में लिया और फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया। सरोज ने बताया कि उनका गांव की सुनीता नामक महिला से विवाद चल रहा था, जिसकी पुलिस से जान-पहचान थी। उसी के दबाव में उनके बेटों को फंसाने की कोशिश की गई। शिकायत के अनुसार, 12 जनवरी 2021 को कांस्टेबल मोहित और रंजन उनके घर आए और बेटे के बारे में पूछताछ की। दो दिन बाद 14 जनवरी को पुलिस ने खेत से लौटते समय उनके बेटे अमित को पकड़ लिया। जब वे थाने पहुंचीं तो न सिर्फ बेटे को छोड़ा नहीं गया बल्कि अभद्रता भी की गई। उन्हें धमकी दी गई कि यदि थाने से नहीं गईं तो बेटे का एनकाउंटर कर दिया जाएगा। महिला का आरोप है कि उनके बेटे को 19 जनवरी तक अवैध हिरासत में रखा गया और बाद में चोरी का फर्जी मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया। इस दौरान घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखा कि पुलिस उनके घर में न तो आई और न ही गई, ऐसे में बरामदगी की कहानी झूठी साबित होती है। सीजेएम ने सभी साक्ष्यों और तर्कों को सुनने के बाद 16 सितंबर को आदेश दिया कि आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ बड़ौत कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया जाए। यह मामला पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है और अब कानूनी कार्रवाई का इंतजार है।

## आवेदन चार प्रतियों में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आवेदन चार प्रतियों में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। आवेदक के प्रस्ताव को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या के साथ प्रेषित किया जाएगा, जिसमें यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित किया जाएगा कि आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित या प्रचलित नहीं है और उन्हें किसी भी आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है। जिन व्यक्तियों ने मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे अपने योगदान को पहचान दिलाएं। अधिक जानकारी और आवेदन पत्र के लिए जिला विकास अधिकारी बागपत के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

## साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वादी बागपत निवासी विजय कुमार से करीब 7 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान गाजियाबाद के खोड़ा निवासी अर्जुन पुत्र तारा चंद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक सिम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासबुक, चेकबुक और एजीएम एंटरप्राइजेज की मोहर बरामद की है। आरोपी के बैंक खाते से 2.32 लाख रुपये फीज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अर्जुन ने केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ अब तक कुल 96,63,151 रुपये की धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गई हैं। पूछताछ में अर्जुन ने बताया कि उसने बीए पास किया है और पहले एक प्राइवेट स्कूल में अकाउंटेंट था। कोरोना काल में नौकरी जाने के बाद उसने बिजनेस के उद्देश्य से एजीएम एंटरप्राइजेज कंपनी खोली, लेकिन उसमें नुकसान हुआ। इसके बाद वह अपने दोस्तों चेतन, जय, समीर और सिद्धार्थ से मिला, जिन्होंने उसे साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली के एक होटल से ठगी का काम शुरू किया, दर्जनों बैंक खाते खुलवाए और धोखाधड़ी कर विभिन्न बैंकों से लोन भी लिया। बागपत पुलिस ने आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने एक प्रेस वार्ता में इस पूरे मामले की जानकारी दी।



## एक नजर

### उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने एक बैठक की। इस मौके पर चेतनारायण जनपद बागपत की कार्यकारिणी एवं सक्रिय शिक्षकों की एक बैठक मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संयोजक स्वराज पाल दुहूण के आवास पर राजवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री हरेंद्र नाथ सहाय ने किया। बैठक में आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव हेतु जिला संयोजक के रूप में दिनेश गुर्जर प्रधानाचार्य राजेश पायलट हायर सेकेण्डरी स्कूल गामड़ी को तथा सहसंयोजक के रूप में सुधीर कुमार प्रवक्ता जनता वैदिक इण्टर कॉलेज को नियुक्त किया गया। उक्त दोनों व्यक्ति सभी ब्लॉकों पर जनपद अध्यक्ष एवं मंत्री के सहयोग से एक-एक ब्लाक संयोजक तथा चार-चार सहसंयोजकों का चयन करेंगें। सभी ने वर्ष 2026 में होने वाले शिक्षक एमएलसी के चुनाव के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को बनाए जाने का संकल्प लिया। बैठक में कोमबीर सिंह तोमर मनीष जैन प्रधानाचार्य कृष्णपाल सिंह राजेंद्र सिंह तोमर सुधीर कुमार जिला मंत्री हरेंद्र नाथ सहाय जितेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

### शांति-सद्भाव झांकी का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की छपरौली-मलकपुर रोड से शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शांति-सद्भाव झांकी का शुभारंभ किया गया। झांकी ने नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोगों को शांति और भाईचारे का संदेश दिया। मार्ग में जगह-जगह समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया और प्रतिभागियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और झांकी को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह झांकी बड़ौत से प्रारंभ होकर हरिद्वार तक जाएगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, सद्भावना और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना है। झांकी का स्वागत करने वालों में राधेश्याम शर्मा उर्फ बबली सभासद रमेश शर्मा गायत्री परिवार से रामपाल सिंह हरी भूषण उपाध्याय राजेंद्र भारद्वाज ब्राह्मण समाज से प्रदेश सचिव रविंद्र भारद्वाज पूर्व सभासद राकेश विश्वकर्मा राम अवतार सिंह डा.हरवीर सिंह कश्यप राजवीर सिंह मुनेश सरोज संतोष रूबी सुमित्र प्रेमपाल सिंह गजे सिंह राहुल शर्मा दुर्योधन शिवम शर्मा एडवोकेट शालिनी कौशिक एडवोकेट देवेंद्र कुमार सौरभ भारद्वाज अनीता कौशिक जागौश के अलावा काफी संख्या में नगर के सम्मानित लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए झांकी का स्वागत किया।

## गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहा कृषि विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जनपद में किसानों के उत्थान एवं कृषि उत्पादन वृद्धि हेतु एक नई पहल की शुरुआत की है जिसके तहत कृषि विभाग द्वारा चिया सीड्स या तुकमारिया के बीज के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गांव-गांव जाकर किसानों को चिया सीड्स की उपयोगिता एवं तकनीकी जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

किसानों को बताया जा रहा है कि इन उन्नत बीजों के प्रयोग से न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है बल्कि उत्पादन भी अधिक प्राप्त होता है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलने की संभावना है। अधिकारियों ने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए उन्नत बीज चयन, वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई, उचित खाद एवं सिंचाई प्रबंधन तथा समय-समय पर कीट नियंत्रण के उपांयों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि चिया सीड्स से तैयार फसल कम समय में बेहतर पैदावार देने में सक्षम है, जिससे किसानों को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। खेकड़ा के सुनहैडा गांव में राज कुमार के खेत में जनपद में पहली बार इस बीज की बुआई की गई है। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली हमारी प्राथमिकता है। कृषि विभाग के माध्यम से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे जिससे किसानों को नवीन तकनीक से जोड़कर उनकी आय को दोगुना करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा सकें। इस पहल से बागपत जनपद के किसानों में नया उत्साह एवं आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। किसान नई तकनीक अपनाकर प्रेरित हो रहे हैं और धीरे-धीरे आधुनिक कृषि की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी धीरज सहित आदि किसान बंधु आदि उपस्थित रहे।



## मानवाधिकारों की रक्षा करने वाले व्यक्तियों को किया जाएगा पुरस्कार प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट और समर्पित कार्य किया है। इस पुरस्कार के तहत रुपये एक लाख का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्मदिवस, 5 जनवरी, को एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा।

इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले महानुभाव का भारत का मूल नागरिक होना अनिवार्य है, और उसे पुरस्कार पर विचार किए जाने वाले वर्ष में उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर सामान्यतः निवास करना चाहिए।

आवेदक के कार्य मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय होने चाहिए। साथ ही, यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि इस पुरस्कार के अंतर्गत पूर्व में आवेदक को राज्य सरकार द्वारा यह पुरस्कार न प्रदान किया गया हो। जो व्यक्ति बागपत जनपद में निवास करते हैं और इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है, वे अपने कार्यों का तथ्यात्मक विवरण और अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ अपने आवेदन 30 सितम्बर तक जिला विकास अधिकारी, बागपत के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## हिंड़न नदी के पानी से बर्बाद हुई फसल का मिले उचित मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे हिंड़न नदी के बढे जलस्तर से खराब हुई किसानों की फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की गयी।

लहचौड़ा गांव में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक शर्मा के आवास पर कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की समस्या को रखा गया। बैठक में बोलते हुए दीपक शर्मा ने कहा कि हिंड़न नदी के बढते जलस्तर के चलते क्षैंत्र के सरफाबाद, चमरावल, ललियाना, गढी कलंजरी गावों मे किसानों की फसल डूब गयी थी जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। भारतीय किसान यूनियन पीड़ित किसानों के मुआवजा दिलाने की मांग करता है। वही बिजली कटौती के चलते क्षैंत्र के लोग परेशान है जिससे लोगो को कटौती से राहत मिलनी चाहिए। वही बिजली की बढी दरें कम होनी चाहिए। बैठक में रविशंकर, आजादवीर, नरेन्द्र कुमार, बालकराम, भगवत प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।



## शिविर में विद्यार्थियों को कराए योगासनों के अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में संस्कृत गुरुकुल लाक्षागृह के तत्वावधान में चल रहे आठ दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को योग प्रशिक्षक ने विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योगासनो के अभ्यास कराए।

योग प्रशिक्षक अवध किशोर ने विद्यार्थियों को पिरामिड बनाना, योगासन, समूह व्यायाम, दौड़ प्रतियोगिता तथा खेलकूद की गतिविधियां कराई। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि जीवन में एकता और आपसी तालमेल के साथ ही बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। प्रबंधक डा.अनिल आर्य ने कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल शारीरिक शक्ति अर्जित करना नहीं है, बल्कि चरित्र, साहस और आत्मविश्वास का निर्माण करना भी है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक डा.सुनील आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डा.सुशील वत्स, एडवोकेट कुणाल आर्य, ;षिपाल सिंह, कपिल तोमर, गौरव वर्मा, हरेंद्र तोमर, हर्षित तोमर आदि मौजूद रहे।



## सचिन ने किया वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे के निवासी सचिन यादव ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात सचिन ने भाला फेंक स्पर्धा में यह उपलब्धि प्राप्त की है। सचिन यादव ने भाला फेंक स्पर्धा में 86.27 मीटर दूर भाला फेंककर चौथा स्थान प्राप्त किया। सचिन की इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव खेकड़ा में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोग उनके स्वागत की तैयारियों में जुट गए हैं और उनके प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। सचिन के माता-पिता को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सचिन को बचपन से ही खेलों में गहरी रुचि थी। उनका सपना देश के लिए पदक जीतना है। इस बार वह पदक से चूक गए, लेकिन परिवार को विश्वास है कि अगली बार वह निश्चित रूप से देश के लिए पदक लेकर आएंगे।

## राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकारिणी सदस्यता अभियान में लिया भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बड़का रोड चौधरी फार्म हाउस पर शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जनपद बागपत की कार्यकारिणी के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकारिणी सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्षता सुखबीर सिंह गठीना ने की। इस मौके पर छपरौली विधानसभा क्षेत्र से विधायक डा.अजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सभी लोगों ने विधायक अजय कुमार का फुल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरपाल राठी राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता वरिष्ठ राष्ट्रीय लोकदल नेता विश्वास चौधरी कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर डा.शकील अहमद हाजी बिलाल पूर्व जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह तेवतिया योगेश जिंदल अंकुर जिंदल आतिफ रिजवी जयवीर तोमर एडवोकेट प्रज्ञा चौधरी सत्येंद्र गुप्ता इंतजार मलिक सूबेदार साकिब इकबाल ओमवीर सिंह आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

## सफाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, गंदगी से मच्छर व बीमारी फैलने का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव में मैन गेट के पास गंदगी के ढेर लगे है जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से गांव में सफाई कराने की मांग की है।

ललियाना गांव के मेन गेट के मुख्य द्वार के पास दो साल से गंदगी के ढेर लगे हुए है जिसके आस पास रहने वाले 50 घरो के लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी मुख्य मार्ग पर कूड़ा डालकर चले जाते है जिससे गंदगी के कारण मच्छर पैदा हो रहे है जिससे गांव मे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। तेज हवाओ से कूड़ा घरों मे आ जाता है ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हो सका जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से गांव की सफाई करने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में राजबीर हवलदार, शिवकुमार, धर्मवीर, हरपाल, बिजेंदर, संदीप, ओमवती, नेहा, सावित्री, सागर,सुभाष, लाला आदि मौजूद रहे।



## विकास भवन में रोजगार मेला आयोजित, युवाओं को मिला रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को मिशन रोजगार के अंतर्गत विकास भवन में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल जिले के युवाओं को नए अवसर प्रदान किए बल्कि यह भी संदेश दिया कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मेले में कुल चार प्रतिष्ठित कंपनियों आकृति ज्वेलक्राफ्ट्ज़, गार्डनस नीड प्राइवेट लिमिटेड, सिफि इन्फोनेट प्राइवेट लिमिटेड एवं पेटीएम की हायरिंग पार्टनर एजेंसी ने प्रतिभाग किया। इन कंपनियों ने युवाओं के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया चलाई, जिसमें तकनीकी, प्रबंधन, ग्राहक सेवा और सुरक्षा संबंधी कार्यक्षेत्र शामिल रहे। आयोजन में कुल 474 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और कंपनियों के प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर प्राप्त किया। युवाओं ने इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और योग्यता परीक्षण जैसी चरणबद्ध चयन प्रक्रिया से होकर गुजरते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंततः 121 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, जिन्हें 11 हजार से 25 हजार रुपये तक का मासिक वेतन मिलेगा।

विशेष बात यह रही कि मेले में ग्रामीण और शहरी दोनों पृष्ठभूमि के युवा शामिल हुए। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेले उनके लिए नए अवसरों के द्वार खोलते हैं, क्योंकि यहां उन्हें सीधे प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होती है, बल्कि प्रतिस्पर्धी माहौल में वे अपने कौशल को भी परख पाते हैं। यह रोजगार मेला सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है, जिसमें रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए। जिलाधिकारी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र है। हमेशा सकारात्मक सोच रखना और निरंतर सीखते रहना। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थल पर पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करें। युवाओं में रोजगार मेला लेकर उत्साह साफ दिखा। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि यह अवसर उनके जीवन में नई शुरुआत जैसा है। कुछ युवाओं ने बताया कि उन्हें लंबे समय से उपयुक्त नौकरी की तलाश थी, और यह आयोजन उनके लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आया है। सरकार की यह पहल प्रदेश के उन हजारों युवाओं के लिए भी प्रेरणादायी है, जो बेहतर रोजगार की तलाश में हैं। रोजगार मेलों के माध्यम से न केवल युवाओं को अवसर मिल रहे हैं बल्कि उद्योग जगत को भी प्रशिक्षित और सक्षम मानव संसाधन उपलब्ध हो रहा है। यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर जिला सेवा योजना अधिकारी विपिन कुमार, सहायक श्रम आयुक्त गोविंद यादव, आईटीआई प्रधानाचार्य परवेज, जीएम डीआईसी अर्चना तिवारी, सहित पॉलिटेक्निक आदि विद्यालय के उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स की खबर का असर

# नींद से जागी नगर पालिका सरधना बैरून सराय में निर्माण कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** जिस वार्ड के लोग पिछले एक वर्ष से नगर पालिका परिषद में अपनी समस्या का समाधान कराने के लिए चक्कर काट रहें थे, शुक्रवार को शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होते ही नगर पालिका की नींद टूट गई।

पालिका की टीम ने शुक्रवार सुबह से ही वार्ड में पहुंचकर नालियों के निर्माण शुरू कर दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। नगर के वार्ड नंबर 19 के लोग पिछले एक साल से नालियों में जमा पानी की समस्या से काफी परेशान थे, जिसकी शिकायत नगर पालिका परिषद में की जा चुकी थी, लेकिन पालिका की तरफ से कोई भी कार्यवाही नही की गई। नालियों में जमा पानी की वजह से कई मकानों में दरारें आ गई थी, जो गिरने की कगार पर पहुंच चुके है। इस मामले को शाह टाइम्स ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर छपते ही हरकत में आई नगर पालिका की टीम ने सुबह पहुंचते ही नालियों का निर्माण शुरू कर दिया। वार्ड के लोगों ने शाह टाइम्स की टीम को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि दर्जनों शिकायतों के बाद भी पालिका ने इस तरफ कोई ध्यान नही दिया था, लेकिन नगर पालिका ने खबर छपते ही मामले का संज्ञान लिया। पालिका ने वार्ड की कई गलियों में निर्माण शुरू कर दिया है।

# सिपाही के खिलाफ धोखाधड़ी की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** लखनऊ में तैनात सिपाही ने कोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर सहारनपुर के एक युवक से डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए। तमाम प्रयासों के बावजूद सिपाही रुपए वापस नहीं लौटा रहा है। पीड़ित ने थाने में सिपाही के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक कस्बे का एक युवक पुलिस में तैनात है। फिलहाल उसकी तैनाती लखनऊ चल रही है। सहारनपुर के गांव खेड़ा निवासी लक्की पुत्र रामनाथ ने फलावदा थाने पहुंचकर एक तहरीर देते हुए बताया कि करीब 8 महीने पहले कस्बे के मूल निवासी लखनऊ में तैनात चल रहे सिपाही ने कोर्ट में चल रही वैकेंसी का जिक्र करते हुए नौकरी लगवाने का प्रलोभन दिया। नौकरी लगवाने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोप है कि उसने एक लाख रुपए नकद तथा पचास हजार रुपए ऑनलाइन वसूल किए। इसके बावजूद सिपाही ने उसकी नौकरी नहीं लगवाई। इस संबंध में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि सिपाही ने नौकरी लगवाने के नाम पर लिए डेढ़ लाख रुपए लौटाने का वादा तो किया लेकिन उसने रुपए नहीं लौटाए। उसके खिलाफ फलावदा थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने फोन पर आरोपी को संपर्क करके पैसे लौटाने की हिदायत दी है।

# सलावा गांव जा रहे लोकदल के नेताओं को पुलिस ने रोका

## मुस्लिम पक्ष से पुलिस ने कराई होटल में मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव सलावा में हुए चार दिन पूर्व ठाकुर व मुस्लिम समाज के पक्ष के बीच विवाद के बाद गांव में शांति वार्ता के लिए जा रहें लोकदल के प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने दौराला गंगनहर पुल चौकी के पास ही रोक लिया। पुलिस ने पास के एक होटल में मुस्लिम समाज के पक्ष के लोगों को बुलाकर उनसे वार्ता कराई। वार्ता के बाद लोकदल के नेताओं ने शांति का माहौल बनाने व निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिलाया।

ज्ञात है कि गांव सलावा में चार दिन पूर्व मंगलवार रात्रि में ठाकुर व मुस्लिम समाज के पक्ष के बीच मामूली कहासुनी के बाद जमकर बवाल हो गया था। मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुस्लिम पक्ष के आठ लोगों को जेल भेज दिया था। इस मामले में गुरूवार को प्रशासन की तरफ से आरोपियों के घर पर अवैध निर्माण बताकर दो मकानों पर बुलडोजर की कार्यवाही की थी। मामला प्रदेश व केन्द्र की सरकार में हाइलाइट होने के बाद राजनीतिक दल भी इस मामले में कूद पड़े थे। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की तरफ से शुक्रवार को एक प्रतिनिधि मंडल दोनों पक्षों से मिलने जाने के लिए गांव में जाना था। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे पार्टी के पूर्व विधायक व राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र शर्मा, सिवालखास विधायक गुलाम मोहम्मद, जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़, सरधना विधानसभा प्रभारी सदस्यता आतिर रिजवी, प्रदेश अध्यक्ष सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ संगीत दोहरे, क्षेत्रीय महासचिव गौरव जिटौली, महासचिव संजय पनपाड़ी, जिला पंचायत सदस्य अनिकेत भारद्वाज, सरधना विधानसभा प्रभारी सदस्यता आतिर रिजवी, सतेन्द्र तोमर आदि के साथ प्रतिनिधिमंडल की टीम गांव जा रही थी, लेकिन पुलिस ने बैरीकैडिंग लगाकर रोक लिया। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह के समझाने के बाद प्रतिनिधिमंडल गांव में जाने से रूके, और वार्ता के लिए पास के ही एक होटल में बैठने की व्यवस्था कराई गई। जहां पुलिस ने मुस्लिम पक्ष के लोगों के साथ प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता कराई। जिस पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपनी आपबीती सुनाई, जिस पर वहां मौजूद विधायक गुलाम मोहम्मद ने पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की बात कही। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने भरोसा दिलाया कि मामले में पुलिस की तरफ से निष्पक्ष कार्रवाई की गई है, साथ ही गांव से किसी का भी पलायन नही होने दिया जायेगा। पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल को ठाकुर समाज से मुलाकात कराने के लिए दो दिन का समय भी मांगा। गांव में शुक्रवार को भी पुलिस की तरफ से भारी पुलिस बल तैनात रहा। फिलहाल गांव में शांतिपूर्ण स्थिति बनी हुई।

# दबंग पर कार्रवाई की मांग को लेकर कप्तान ऑफिस पहुंची भीम आर्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना खरखौदा के गांव बिजौली में दबंग प्रवर्ती के लोगो ने क्षेत्र के रहने वाले धीरज वाल्मीकि को बुरी तरह पीटा, पीड़ित के पांव और हाथो की हड्डीया तोड़ी गई। जिसमें पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए दोषियों का 151 में चालान कर दिया। जमानत मिलते ही नीरज वाल्मीकि को और उनके परिवार को आरोपी दबंग प्रवृत्ति के लोग जान से मारने की धमकी दे रही है इसी मामले को लेकर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष बिजेंदर सूद ने अपनी टीम को लेकर एसएसपी ऑफिस का घेराव किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अगर दोषियों पर सही कार्रवाई नहीं हुई वह अपने समाज के साथ यहां पर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान महानगर अध्यक्ष गौतम भैय्या, जिला प्रवक्ता रवि नागवंशी, जिला कोर कमेटी सदस्य अचल कुमार, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रोबिन खैरवाल वाल्मीकि, वरिष्ठ साथी राज गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष आदि लोग रहे।

# बीडीएमएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीडीएमएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद में प्राचार्या प्रो. गीता यादवेंद्र के संरक्षण व समाजशास्त्र विभागध्यक्ष डॉ. नम्रता प्रसाद के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय समाजशास्त्र में अगस्त कॉम का योगदान था। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में विशेषकर बीए प्रथम वर्ष की नवप्रवेशित छात्राओं में समाजशास्त्र विषय के प्रति अच्छी समझ और रुचि को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं के उत्साहपूर्ण उपस्थिति से प्रतियोगिता अपने उद्देश्य में सार्थक होती हुई दिखाई दी। प्रतियोगिता में कुल 63 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें बीए प्रथम वर्ष से लेकर एमए तक की छात्राएं शामिल थी।

प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. पिंकी यादव ने प्रतियोगिता के नियमों एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं में अध्ययनशीलता और प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ एवं सकारात्मक ऊर्जा निरंतर प्रभावित होती रहती है। छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. नम्रता प्रसाद एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ममता भारद्वाज ने अत्यंत सावधानी और बारीकी से करते हुए निष्पक्ष रूप से परिणाम घोषित किया जिसमें प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश चौहान, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की अर्शी मिर्जा, तृतीय तान्या श्रीवास्तव तथा चतुर्थ निक्की श्रीवास्तव रही। छात्राओं को आगामी कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करने हेतु महाविद्यालय की उप प्राचार्य प्रोफेसर शशि प्रभा तोमर व आईक्यू एसी प्रभारी व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीमा रानी जैन ने छात्राओं को डायरी व पेन द्वारा पुरस्कृत किया तथा डॉ. पिंकी यादव द्वारा अन्य सभी प्रतिभागियों को एक-एक पेन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका सिंह, निधि उपस्थित रहीं।

# भोला झाल पर मिला युवक का शव, फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी थाना क्षेत्र भोला झाल पर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद चंदौली टोल प्लाजा थाना छप्पर जनपद मुजफ्फरनगर से रात करीब एक बजे अरविंद पुत्र प्रकाश उम्र 30 वर्ष टोल पर काम करता था कर्मचारी मुकेश व मृतक अरविंद को कर्मचारियों ने मारपीट कर दी थी। मारपीट करने के बाद अरविंद को अपने साथ लेकर आ गए और भोला झाल गंग नहर पर छोड़कर चले गए। वहीं शुक्रवार को अरविंद का शव भोला झाल पर पड़ा मिला मौके पर पहुंचे जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार ने शव की शिनाख्त की जहा मृतक की पहचान अरविंद के रूप में हुई।

# तीन महीने बाद भी युवक का नहीं लगा सुराग, परिजनों का एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

## थाना इंचौली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़/इंचौली।** थाना क्षेत्र के लावड़ कस्बा निवासी 24 वर्षीय युवक को लगभग तीन महीने पहले कस्बे के ही रहने वाले दो युवकों ने फोन कर बुलाया था उसके बाद से युवक अपने घर नहीं लौटा था, तभी से उसका मोबाइल भी बंद है। वहीं परिजनों ने इंचौली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन किया उन्होंने अपने हाथों में तख्तियां ली हुई थी जिस पर गायब हुए युवक का फोटो लगा था। एसएसपी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सीओ सदर देहात को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 22 जून को लावड़ कस्बा निवासी उमैर पुत्र जुबैर अपने घर पर बैठा हुआ था तभी कस्बे के ही रहने वाले एक युवक के नंबर से उसके फोन पर कॉल आई तभी युवक परिजनों से कुछ देर बाद आने की बात कहते हुए चला गया। देर रात तक वो वापिस नहीं लौटा तो उमैर के परिजनों ने उसका फोन लगाया तो वो बंद था काफी प्रयास के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला जिसके बाद थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। कुछ दिन बाद ही इस घटना में नया मोड आ गया परिजनों के अनुसार कस्बे के ही रहने वाले दो युवकों ने उमैर को बुलाया था उन्होंने इंचौली थाने पर लगभग एक महीने पहले दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए बताया था कि उन्होंने ही उमैर को गायब किया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्होंने ही उनके बेटे उमैर को गायब किया है और उन्हें कोई अनहोनी होने की भी आशंका है। बताया जाता है कि पुलिस ने कुछ दिन पहले एक युवक को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन कुछ देर बाद ही चौकी से भेज दिया परिजनों का आरोप है कि अगर पुलिस सख्ती से पूछताछ करती तो इस घटना का खुलासा हो जाता। लेकिन पुलिस की सांठगांठ के कारण अभी तक उमैर का कोई पता नहीं चल पाया है। परिजन थाने ओर चौकी के चक्कर लगा लगाकर थक चुके है लेकिन पुलिस द्वारा तीन महीने बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शुक्रवार को उमैर के परिजनों के साथ-साथ काफी संख्या में लोग एसएसपी ऑफिस पहुंचे उन्होंने उमैर का फोटो लगी तख्तियां लेकर इंचौली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने एसएसपी विपिन ताडा से कस्बे के दो युवकों पर मुकदमा पंजीकृत कर युवक की बरामदगी की मांग की जिस पर एसएसपी ने सीओ सदर देहात को जांच कर कार्यवाही करने के आदेश दिए। वहीं शुक्रवार को ही परिजन महिलाओं ओर बच्चों को लेकर लावड़ चौकी पर भी पहुंचे और कस्बे के दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस से लापता युवक को बरामद करने की मांग की जिस पर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर ही मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

### रुपयों को लेकर युवक की हत्या होने का परिजनों को अंदेशा

परिजनों के अनुसार लापता उमैर के पास लगभग तीन लाख रुपए थे जो केवल उसके साथ रहने वाले कस्बे के ही ईशा पुत्र जाबिर को ही पता था। उन्हें आशंका है कि उसने ही अन्य युवक के साथ मिलकर कोई अनहोनी की है। उमैर के भाई आलम के अनुसार उमैर ने ईशा को गाड़ी लाने के लिए भी कुछ रुपए दिए हुए थे। बताया कि अगर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्यवाही की जाए तो पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठ जाएगा। परिजनों ने प्रार्थना पत्र में कस्बे के ही दो युवकों को नामजद किया है। आरोप है कि इनमें से एक युवक का पुलिस के साथ ही उठना बैठना रहता है इसलिए ही साठगांठ के कारण उन्हें बचाया जा रहा है।

### तीन महीने की बेटी को साथ लेकर बिलख रही पत्नी

लापता उमैर की पत्नी अधिकारियों के चक्कर लगा लगाकर थक चुकी है लेकिन अभी तक कोई भी मदद उसे नहीं मिली है हालांकि शुक्रवार को एसएसपी ने कार्यवाही कर जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है। वहीं उमैर की पत्नी अपनी साढ़े तीन महीने की बेटी को लेकर बार-बार अपने पति की बरामदगी को लेकर बिलख पड़ती है उसके साथ उमैर के पिता जुबैर ओर भाइयों का भी रो रोकर बुरा हाल है तीन महीने बाद भी उसका कोई पता नहीं है।

# फलावदा में रामलीला का शुभारंभ

## अतिथियों ने हवन के साथ किया भूमि पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गुरुवार को सर्व प्रथम हवन के साथ भूमि पूजन किया गया। उसके उपरांत रामलीला का विधिवत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभ आरंभ कराया।

नगर के श्री बूढ़ा शिव मंदिर के परिसर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी तत्वाधान में रामलीला का उद्घाटन विधिवत्त पूजन के साथ मुख्य अतिथि अश्वनी बिश्नोई, व्यापारी नेता अजय शर्मा, आदि व्यापारियों ने श्री राम दरबार चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर आरंभ कराई है। प्रभु श्री राम की रामलीला प्रोजेक्टर पर्दे पर नारद मोह की लीला के साथ प्रस्तुत की गई है। इस दौरान कमेटी के प्रधान शरद चौधरी, उप प्रधान धीरज चौधरी, योगेश धीमान, वरुण भारद्वाज, नरेंद्र खटीक, योगेंद्र कुमार, कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, गुड्डू उर्फ विपिन रस्तोगी, विकास पाल बजरंगी, छात्र नेता अश्वनी चौधरी, सुरेंद्र बिश्नोई, रमेश धीमान, भोपाल चौधरी, महेंद्र चौधरी, बिश्नोई, लोकेंद्र, अमित चौधरी, मास्टर टीकम आर्य आदि उपस्थित रहे।

# कल होगा नमो युवा रन मैराथन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाउस में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आगामी 21 सितंबर को नमो युवा रन मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मैराथन में युवा नशा मुक्ति का संकल्प लेकर दौड़ेंगे। इस आयोजन का उद्घाटन भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल करेंगे। युवा मोर्चा पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम ने जानकारी दी कि यह नमो युवा रन मैराथन भारत के 100 स्थानों पर एक साथ आयोजित होगी, जिसमें लाखों युवा भागीदारी करेंगे। अंकुर कुशवाहा ने बताया कि मेरठ के युवाओं द्वारा अब तक 15,000 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। यह मैराथन 5 किलोमीटर की होगी, जो कैलाश प्रकाश स्टेडियम से प्रारंभ होकर एमडीए ऑफिस, अंबेडकर चौराहा, नेहरू नगर रोड, मेरठ कॉलेज से होते हुए पुन: कैलाश प्रकाश स्टेडियम पर समाप्त होगी।



# बहसूमा व रामराज में शिव बारात और रामलीला का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा व रामराज में में भगवान आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव विवाह उत्सव शिव बारात बड़ी धूमधाम से मनाई गई। शिव बारात का शुभारंभ जयबीर अहलावत प्रधान बिन्दर चहल, दिले सिंह प्रजापति, प्रेमचंद धीमान ने फीता काटकर किया गया। शिव बारात मंगल बाजार हनुमान मंदिर से प्रारम्भ विभिन्न मोहल्ले में होते श्री रामलीला ग्राउंड में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ में संभ्रांत व्यक्तियों ने पूजा अर्चना की। शिव बारात नगर के मंगल बाजार हनुमान मंदिर से रोड मार्केट, कैलाशपुरी, राम कटोरी मंदिर, चौखट्टा, रानी की हवेली, चैनपुरा मोहल्ला आदि स्थानों को होती हुई रामलीला मैदान में आकर सम्पन्न हुई। उसके बाद देर रात्रि करीब 8 बजे श्रीरामलीला का शुभारंभ करने के लिए कमेटी द्वारा हवन पूजन कर किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बिंदर चहल, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, जयवीर सिंह, संदीप चौधरी, सुशील गोयल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, सुमित चहल, विनोद सैनी, राम बहादुर शर्मा, इन्द्र लांबा, उपप्रधान सभासद वीरेंद्र नागर, कोषाध्यक्ष दिले सिंह प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रबंधक पवन बैरागी, सचिव शुभम लांबा, अजयपाल लाठी, महामंत्री विधि, उपमंत्री विजय पाल सैनी, मंत्री पवन भूईयार, सचिन कुमार, विशाल शर्मा, मोहित सिंधु, तथा मीडिया प्रभारी अभिषेक गौड, कानूनी सलाहकार पर दीपक शर्मा, राजू राठी, प्रेमचंद धीमान, भूल्लन, सतीश शर्मा, रमेश गिरी, गौरव राजवंशी, मोहित शर्मा, दिनेश कुमार, रामू पोसवाल आदि मौजूद रहे। थाना बहसूमा अंडर ट्रेनिंग डीएसपी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### आधुनिक उपकरण एवं नवीन तकनीक साबित हुई रीढ़ की हड्डी के मरीजों के लिए वरदान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर के खैरनगर निवासी 44 साल के दिलशाद लगभग दस सालों से पीठ दर्द से पीड़ित थे। शुरुआती सालों में दवाओं और फिजियोथेरेपी से आराम मिलता था, उन्होंने अपनी रीढ़ की हड्डी का एमआरआई करवाया, जिसमें डिस्क का उभार और नसों का दबाव दिखाई दिया। फोर्टिस अस्पताल नोएडा के ब्रेन एवं स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. राहुल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने बिना फिक्सेशन के माइक्रोडिसेक्टमी की योजना बनाई। डॉ. राहुल ने बताया कि अगर डिस्क में कई स्तरों पर समस्या हो, तो हम कभी-कभी स्क्रू लगाकर फिक्सेशन करते हैं। मरीज 3 दिन तक अस्पताल में रहा। उन्हें तुरंत लक्षणों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आराम मिला और पिछले एक महीने में उनकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। अब उन्होंने अपनी सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू कर दी है और खुश हैं।

### नई राह-नई आशा, नया जीवन, नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को देगा कृत्रिम हाथ-पैर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नारायण सेवा संस्थान एवं रोटरी क्लब मेरठ शिवम के संयुक्त तत्वावधान में कल गढ़ रोड स्थित ला फ्लोरा रिसोर्ट पर एक विराट नि:शुल्क नारायण लिंब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर का आयोजन होने जा रहा है। प्रात: 8 बजे से संध्या 6 बजे तक चलने वाले इस शिविर में 223 चयनित दिव्यांगजनों को 275 कृत्रिम हाथ-पैर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की नई ओर ले जाया जाएगा। प्रेस वार्ता में संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि शिविर का उद्घाटन समारोह 11 बजे होगा। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसके हर व्यक्ति में निहित होती है। जब दिव्यांग अपनी अपूर्णता से मुक्त होकर सशक्त बनते हैं, तभी राष्ट्र की प्रगति का रथ निर्बाध गतिमान होता है। रोटरी क्लब शिवम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. प्रतीक जैन ने कहा यह शिविर केवल कृत्रिम अंग प्रदान करने का उपक्रम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की पुर्नस्थापना है।




# शिक्षा के निजीकरण को रोकने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनवादी लेखक संघ ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत की शिक्षा प्रणाली पर साम्प्रदायिक हमले तेज गति से जारी हैं। शिक्षा पाठयक्रमों में सांप्रदायिक सोच को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले कई सालों से पाठशालाएं बड़े पैमाने पर बंद की जा रही हैं। सरकारी विद्यालयों को बंद करके निजी विद्यालयों के अवसर दिए जा रहे हैं। इसी के साथ-साथ विश्वविद्यालय में आरएसएस के लोगों की नियुक्तियां करके सरकारी उच्च शिक्षा को चरम स्तरहीनता की ओर धकेला जा रहा है, जैसे उन्हें शिक्षा से वंचित रखने की मुहिम चलाई जा रही है। सरकार के ये कदम संविधान द्वारा दिए गए सबको आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक शिक्षा के सिद्धांतों के खिलाफ हैं उन्होंने मांग की है कि सभी छात्रों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाए। शिक्षा के निजीकरण की मुहिम को तुरंत रोका जाए। इस दौरान राम गोपाल मुनेश त्यागी सचिव, मंगल सिंह मंगल सहसचिव, फखरे आलम और धर्मपाल मित्र शामिल थे।

# आई लव मोहम्मद कहना जुर्म नहीं

## अगर ये जुर्म है तो हर सजा हमें मंजूर: करार हुसैन स्टूडेंट सेवा समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्टूडेंट सेवा समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष करार हुसैन ने लोगों को मैसेज देते हुए बताएं कि आई लव मोहम्मद बोलना या कहना जुर्म नहीं है, अगर ये जुर्म है तो हर सजा हमें मंजूर होगी। यूपी के कानपुर में ईद मिलादुन्नबी समारोह के दौरान आई लव मोहम्मद के बैनर लगने के बाद विवाद खड़ा हो गया था, जिसमें कानपुर पुलिस ने 15 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर दी थी, लेकिन अब तक कानपुर में पुलिस ने 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। जिससे मुस्लिम समुदायों में काफी नाराजगी फैल गई। वहीं मेरठ ब्रह्मपुरी क्षेत्र के लिसाड़ी रोड पर शुक्रवार को स्टूडेंट सेवा समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष करार हुसैन व राष्ट्रीय महासचिव उबेद पठान का कहना है कि अगर मुस्लिम समुदायों को आई लव मोहम्मद बोलना या कहना जुर्म नहीं है, अगर ये जुर्म है तो हर सजा हमें मंजूर है। ब्रह्मपुरी क्षेत्र के लिसाड़ी रोड पर बैनर हाथ में लेकर लोगों को मैसेज देते हुए, लोगों से शांति की अपील की। लोगों को मैसेज देने के दौरान करार हुसैन, राष्ट्रीय महासचिव उबेद पठान, व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### संक्षिप्त खेल समाचार

## मैकलॉघलिन लेवरोन ने 42 साल पुराना चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिका की सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरान ने गुरुवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सबसे लंबे समय तक चले आ रहे इवेंट रिकॉर्ड को तोड़कर दिन का सबसे यादगार पल बनाया, जबकि महिलाओं के ट्रिपल जंप फाइनल में हर्नांडेज ने चार बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक खिताबधारी वेनेजुएला की युलिमार रोजास को हराया। दो बार की ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ चैंपियन मैकलॉघलिन-लेवरोन ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 47:78 सेकंड में जीत हासिल की, और 1983 में पहली विश्व चैंपियनशिप में चेकोस्लोवाकिया की जर्मिला द्वारा बनाए गए 47:99 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड से 0.21 सेकंड कम समय में जीत हासिल की।

## धीमी ओवर गति पर ऑस्ट्रेलिया पर लगा 10 प्रतिशत जुर्माना

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम पर भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी द्वारा लगाया गया। मंगलवार को खेले गये दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके थे। मैदानी अंपायर वृंदा व जननी, तीसरे अंपायर लॉरेन व चौथे अंपायर गायत्री ने ऑस्ट्रेलियाई टीम पर धीमे ओवर रेट का आरोप लगाया था। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर- रेट संबंधित अपराध के लिए खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है।

# वह सिर्फ संदेशवाहक थे: एंड़ी



● पाकिस्तान को टॉस से 4 मिनट पहले बताया, हाथ नहीं मिलाएगी टीम इंडिया

**दुबई, वार्ता।** 2025 एशिया कप को लगभग पटरी से उतारने वाले विवाद के केंद्र में रहे आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को 14 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान मैच के टॉस से कुछ मिनट पहले ही बताया गया था कि दोनों कप्तान हाथ नहीं मिलाएंगे। उस समय, उन्होंने खुद को निर्देश देने के बजाय संदेश देने वाला समझा।

इसके बाद, पीसीबी ने पाइक्रॉफ्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर आईसीसी के नियमों और क्रिकेट भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया और उन्हें टूर्नामेंट से हटाने की मांग की गई। 14 और 17 सितम्बर को पाकिस्तान द्वारा खेले गए दो मैचों के दौरान हुई घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सामने आने लगी है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक अधिकारी के अनुसार, यह विवाद रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में 'टॉस से चार मिनट पहले' शुरू हुआ। जैसे ही पाइक्रॉफ्ट मैदान पर पहुंचे, उन्हें एसीसी स्थल प्रबंधक ने बताया कि बीसीसीआई ने उन्हें-भारत सरकार की अनुमति से - सूचित कर दिया है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और सलमान आगा के बीच हैंडशेक नहीं होगा।

पीसीबी अधिकारियों ने तर्क दिया कि पाइक्रॉफ्ट को इस असामान्य अनुरोध के बारे में आईसीसी को सूचित करना चाहिए था। ऐसा माना जा रहा है कि पाइक्रॉफ्ट ने कहा कि उनके पास ऐसा करने का समय नहीं था। अगर पर्याप्त समय होता, तो वह आईसीसी से सलाह लेते। इसके बजाय, टॉस से कुछ क्षण पहले, उन्होंने आग़ा को स्थिति के बारे में बताया, यह सोचकर कि अगर आग़ा सूर्यकुमार से हाथ मिलाने गए, तो वह सार्वजनिक रूप से शर्मनाक स्थिति उत्पन्न होने से बचा रहे थे। पाइक्रॉफ्ट के इस फ़ैसले को आईसीसी ने किसी भी समय आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी कार्रवाई के रूप में देखा, जो उन्हें खेल के प्रबंधन के लिए नियुक्त एक मैच अधिकारी के रूप में अपने अधिकार क्षेत्र में करने के लिए अधिकृत किया गया था। यह मुद्दा बुधवार को तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान के यूएई के खिलाफ होने वाले जरूरी मैच को लेकर अनिश्चितता के बादल छा गए और पीसीबी ने धमकी दी कि अगर इस मैच के लिए चुने गए पाइक्रॉफ्ट की जगह कोई और मैच रेफरी नियुक्त नहीं किया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम के शीर्ष अधिकारियों के बीच आनन-फानन में हुई एक स्पष्ट बैठक के बाद आखिरकार एक घंटे की देरी के बाद मैच शुरू हुआ। पीसीबीने एक बयान में दावा किया कि पाइक्रॉफ्ट ने ष्पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है, हालांकि स्थिति से परिचित सूत्रों का कहना है कि यह माफी नहीं थी, बल्कि घटना के बारे में 'गलतफहमी और गलत संचार पर खेद की अभिव्यक्ति' थी। पीसीबी ने भारत से पाकिस्तान की हार के बाद रविवार रात और सोमवार सुबह के बीच आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान को एक आधिकारिक शिकायत भेजी थी। इसमें बोर्ड ने टॉस से पहले की घटनाओं का क्रम बताया और पाइक्रॉफ्ट पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

# ओमान के खिलाफ सैमसन को ओपनर बनाएगा भारत



● सजू सैमसन के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के आंकड़ें बताते है कि वे ओपनिंग में सबसे प्रभावशाली होते है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप 2025 में शुक्रवार को ओमान के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतार सकती है। टीम प्रबंधन बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर विचार कर सकती है। संजू सैमसन फिलहाल भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और नंबर पांच पर खेलते हैं। उन्हें आज के मैच में ओपनिंग का अवसर मिल सकता है। संजू सैमसन के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के आंकड़े बताते हैं कि वे ओपनिंग में सबसे प्रभावशाली होते हैं। ओपनर के रूप में 14 पारियों में सैमसन ने 512 रन बनाए हैं, औसत 39-4 और स्ट्राइक रेट 182.2 के साथ, जिसमें उनका उच्चतम टी-20 स्कोर 111 भी शामिल है। वहीं, नंबर पांच पर खेलते हुए पांच पारियों में स्ट्राइक रेट 131.9 के साथ उन्होंने सिर्फ 62 रन बनाए हैं, जो फर्क साफ दिखाता है। भारत की मौजूदा ओपनिंग जोड़ी, शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा, पाकिस्तान के खिलाफ कमाल दिखा चुकी है, लेकिन गिल का सतर्क खेल (सात गेंदों पर 10 रन) चर्चा में रहा। ओमान अपेक्षाकृत कमजोर टीम है, यह मुकाबला सैमसन को ओपनिंग में आजमाने का सबसे सही मौका देता है, ताकि वह पॉवरप्ले में अपनी ताकत के मुताबिक खुलकर खेल सकें। अगर संजू सैमसन को ओपनिंग मौका मिलता है तो भारत गिल को नंबर तीन या चार पर भेज सकता है, जहां उनका एंकलरग रोल मध्यक्रम को मजबूत कर सकता है। अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग में धमाका किया है और उन्हें अपनी जगह बनाए रखने की जरूरत है, जिससे अभिषेक-संजू की जोड़ी पॉवरप्ले में टीम इंडिया के सबसे आक्रामक विकल्प बन सकती है।

# विश्वकप को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं: जोटी

● हम पिछले कुछ महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे है और उम्मीद करते हैं कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे: निगार जोटी

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी ने शुक्रवार को कहा कि हमने 30 सितम्बर से शुरु हो रहे महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए हमने कड़ी मेहनत की है और इसको लेकर हम बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं।

जोटी ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा कि हम बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं, और इस बार हम इसे अपने लिए महत्वपूर्ण बनाना चाहते हैं। हम पिछले कुछ महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि इस शानदार पल में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएगे। मैं बांग्लादेश के लोगों और दुनिया भर के प्रशंसकों से दुआओं की उम्मीद करती हूं। तीन साल पहले न्यूजीलैंड में एकदिवसीय विश्व कप खेलने का हमारा पहला अनुभव टीम के लिए एक चौंकाने वाला अनुभव था। पिछली बार हमने इतिहास रचा था, पाकिस्तान को एक ऐसे मैच में हराकर विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की थी जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। आगामी टूर्नामेंट को लेकर बांग्लादेश की कप्तान ने कहा कि शर्मिन ने हमारे लिए सबसे अधिक रन बनाए।

## श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के पिता का निधन

**अबु धाबी, वार्ता।** श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के पिता सुरंगा वेल्लालगे का गुरुवार 18 सितम्बर को निधन हो गया। यह वही दिन था जब दुनित ने अबु धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप का ग्रुप बी मैच खेला था। 22 वर्षीय वेल्लालगे को अपने पिता की मृत्यु की खबर मैच के बाद ही पता चली, जिसे श्रीलंका ने छह विकेट और आठ गेंद शेष रहते जीतकर टूर्नामेंट के सुपर-4 दौर में जगह बनाई। मैच खत्म होते ही वह घर के लिए रवाना हो गए। इस शोक के कारण वेल्लालगे के एशिया कप में आगे भाग लेने पर संदेह पैदा हो गया है।

# श्रीलंका की नजर चौथी जीत पर

● एशिया कप 2025: बांग्लादेश उलटफेर की कोशिश में



**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका एशिया कप 2025 के सुपर फ़ोर में एक ऐसी टीम के रूप में प्रवेश करेगा जिसने अब तक ज्यादातर चीज़ें सही की हैं। तीनों लीग मैच जीतने के बाद सबसे ताजा जीत अफग़ानिस्तान पर छह विकेट से मिली। चरित असालंका की टीम कल दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ने के लिए खुद को प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर चुकी है। बांग्लादेश ने अपनी ओर से, एक तनावपूर्ण अंत में अफग़ानिस्तान को हराकर क्वालीफाई करने के लिए दृढ़ संकल्प दिखाया है। लिटन दास जानते होंगे कि अगर उन्हें ऐसी लय में चल रहे प्रतिद्वंद्वी को चुनौती देनी है, तो उनके खिलाड़ियों को अपनी बल्लेबाजी में निरंतरता लानी होगी और मैदान पर अनुशासन का भी पालन करना होगा। पथुम निसंका के प्रतियोगिता में 124 रन और पिछले मैच में कुसल मेंडिस के 74 रन, शीर्ष क्रम को दर्शाते हैं जो स्थिर दिखता है। कुसल परेरा और कामिंडु मेंडिस और स्थिरता प्रदान करते हैं, जबकि दासुन शनाका और वानिंदु हसरंगा मध्य और निचले क्रम को गहराई प्रदान करते हैं। नई गेंद से दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा की अगुवाई में और बीच के ओवरों में हसरंगा और महेश थीक्षाना के सहयोग से श्रीलंका का आक्रमण एक भरोसेमंद इकाई रहा है। बांग्लादेश को अपने पिछले मैच में तंजीद हसन और सैफ हसन की सलामी जोड़ी से हौसला मिलेगा। मुस्तफिजुर रहमान के तीन विकेट और नसुम अहमद का किफायती स्पेल श्रीलंका के बल्लेबाजों पर लगाम लगाने के लिए उनकी गेंदबाजी के महत्व को दर्शाता है।

## अश्विन हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया का हिस्सा होंगे



**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग, चीन ने गुरुवार को घोषणा की कि दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आगामी हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के एक प्रमुख सदस्य होंगे, जो इस साल 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाला है।

आधुनिक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले अश्विन के शामिल होने से इस तेज-तर्रार, एक्शन से भरपूर वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया के अभियान में अपार गहराई, अनुभव और स्टार पावर जुड़ गया है। अपनी असाधारण मैच जिताने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले अश्विन की उपस्थिति प्रशंसकों को रोमांचित करेगी और अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी।

संन्यास की घोषणा के बाद यह शायद उनका पहला टूर्नामेंट होगा, और प्रशंसकों को क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में उनकी जादुई क्षमता देखने को मिलेगी। इस घोषणा पर, हांगकांग क्रिकेट के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 में आर अश्विन का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। टीम इंडिया में उनकी उपस्थिति इस टूर्नामेंट को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगी, जिससे इस युग के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों और कलाकारों में से एक हांगकांग में आएगा। सिक्सेस नवाचार, मनोरंजन और विश्व स्तरीय प्रतिभा का प्रतीक है, और अश्विन इन सभी गुणों के प्रतीक हैं।

# एन थंगराजा ने जीता चेन्नई ओपन



● सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद 1 ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की

**चेन्नई, वार्ता।** श्रीलंकाई एन थंगराजा ने चेन्नई के कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में खेले गए एक करोड़ रुपये के इनामी टूर्नामेंट, चेन्नई ओपन 2025 पावर्ड बाय सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद एक ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की। एन थंगराजा (69-66-63-73), जो कल रात एक शॉट से आगे चल रहे थे, आखिरी दिन एक शॉट से आगे निकल गए और उन्होंने पूरे हफ़्ते 17-अंडर 271 का स्कोर बनाया।

44 वर्षीय कोलंबो निवासी थंगराजा की यह छठी पीजीटीआई जीत और सीजन की दूसरी जीत थी, जिसके साथ उन्हें 15 लाख रुपये का विजयी पुरस्कार मिला, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (68-71-67-66), जिन्होंने ईगल के साथ दिन का समापन किया, दिल्ली के शौर्य भटाचार्य (67-65-69-71) और गुरुग्राम के मनु गंडास (66-68-65-73) की तिकड़ी कुल 16-अंडर 272 के स्कोर के साथ संयुक्त उपविजेता रही। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम के हनी बैसोया (72) 14-अंडर 274 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एन थंगराजा ने दिन की धीमी शुरुआत की और पांच पार और उसके बाद छठे होल पर एक बोगी की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शौर्य भटाचार्य और मनु गंडास ने शुरुआती बढ़त हासिल की। हालांकि, कठिन पिन पोजीशन के बावजूद, थंगा ने इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14वें होल तक ग्रीन्स के बीच में हिट करते रहे और दो-पट लगाकर पार बनाए। इसके बाद थंगा ने पार-3 के 15वें होल पर एक बेहतरीन टी शॉट लगाया और उसके बाद एक महत्वपूर्ण पांच फुट का बर्डी कन्वर्ज़न लगाकर एक बार फिर शीर्ष दावेदार बन गए। अंत में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की गति कम होने के साथ, 16वें होल पर थंगा की बोगी का उन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा और उन्होंने 18वें होल पर जीत के लिए महत्वपूर्ण छह फुट का पार पट लगाया। 2022 चेन्नई ओपन के उपविजेता थंगराजा, जो कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में भी खेले थे, ने कहा कि आज पिन पोज़िशन इस हफ्ते की सबसे कठिन थी और यही उच्च स्कोर की वजह है।

## महिला क्रिकेट विश्व कप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी

● भारतीय गायिका श्रेया घोषाल द्वारा प्रस्तुत यह गीत लय सुर और भावनाओं का एक ऊर्जावान मिश्रण है

**नई दिल्ली, वार्ता।** महिला क्रिकेट की शक्ति, एकता और अदम्य उत्साह का जश्न मनाते हुए, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए आधिकारिक कार्यक्रम गीत 'ब्रिंग इट होम' लॉन्च किया, क्योंकि इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से पहले उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

प्रशंसित भारतीय गायिका श्रेया घोषाल द्वारा प्रस्तुत यह गीत लय, सुर और भावनाओं का एक ऊर्जावान मिश्रण है, और इसका उद्देश्य दुनिया भर के प्रशंसकों को एकजुट करना है। तारिकिता तारिकिता तारिकिता ढोम जैसे आकर्षक गीतों और दिल की धड़कनों से प्रेरित धक धक, वी ब्रिंग इट होम के साथ, यह गीत विश्व मंच पर कदम रखने वाली हर महिला क्रिकेटर के जोश और सपनों को दर्शाता है। गीत दृढ़ संकल्प और एकता का जश्न मनाते हैं, सपनों और दृढ़ता की शक्ति के माध्यम से महिला क्रिकेट की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हैं। पत्थर पिघलाना है, एक नया इतिहास बनाना है। की पंक्तियां सभी बाधाओं के बावजूद समर्पण और धैर्य की अटूट शक्ति को उजागर करती हैं। श्रेया घोषाल ने कहा कि महिला क्रिकेट की भावना, शक्ति और एकता का जश्न मनाने वाले आधिकारिक कार्यक्रम गीत के माध्यम से आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का हिस्सा बनना एक अद्भुत अनुभव रहा है।

मैं अपनी आवाज देकर और उस पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं जो खेल के प्रति प्रेम के माध्यम से लोगों को एक साथ लाता है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रशंसकों को प्रेरित करेगा।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

● इस दौरे के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम अपने तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम से खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम कैनबरा स्थित राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने को पूरी तरह तैयार है।

यह श्रृंखला 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक खेली जाएगी। मैच 26 सितंबर, 27 सितंबर, 29 सितंबर, 30 सितम्बर और 2 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस दौरे के दौरान, भारत अपने पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद स्थानीय टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगा, जो ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग में प्रतिस्पर्धा करने वाला एक क्लब है। यह भारतीय जूनियर महिला टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव दौरा होगा क्योंकि वे एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारी जारी रखेंगे, जिसकी मेजबानी इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में की जाएगी। यह श्रृंखला भारतीय टीम को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खुद को परखने और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव हासिल करने का मौका देगी, जो अपनी तेज-तर्रार और शारीरिक हॉकी के लिए जानी जाती है। कई खिलाड़ियों के लिए, यह जूनियर स्तर पर उनका पहला विदेशी अनुभव भी होगा, जो उनके विकास और प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस दौरे को लेकर, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के इस अवसर के लिए आभारी हैं, जो दुनिया के सबसे मजबूत हॉकी खेलने वाले देशों में से एक है। उनके खिलाफ एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला खेलने से हमारे खिलाड़ियों को बहुमूल्य अनुभव मिलेगा, हमें सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी, और टीम को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह श्रृंखला हमारी अब तक की तैयारियों की असली परीक्षा होगी।

हमारा ध्यान मैच के मिजाज को बेहतर बनाने, विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और दबाव में अपनी रणनीतियों को लागू करने पर होगा। मेरा मानना है कि यह अनुभव टीम के आत्मविश्वास और विश्व कप के लिए उसकी तैयारी को आकार देने में बहुत मददगार साबित होगा।

## उम्मीद है एशेज के पांचों टेस्ट में खेलूंगा: कमिंस

**सिडनी, वार्ता।** पीठ की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है। कमिंस ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस कार्यक्रम में खेल क्लबों के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बने रहने के लिए संघीय सरकार ने 50 मिलियन डॉलर के अनुदान की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वह पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है। कमिंस ने कहा कि लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है। हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं। यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं।

# भारतीय महिला टीम घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने उतरेगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले निर्णायक मुकाबले में घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी । एलिसा हीली की कप्तान वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पलटवार करना चाहेगी।

स्मृति मंधाना ने शानदार फॉर्म में चल रही है और उन्होंने पिछले मैच में 77 गेंदों में 117 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और ढूंढे कर रन बटोरे। दीप्ति शर्मा ने 40 रनों की शानदार पारी खेली और भारत ने 292 रन बनाए। डार्सी ब्राउन ने तीन विकेट लेकर कड़ी मेहनत की, लेकिन मंधाना की पारी का कोई जवाब नहीं था। मंधाना ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले तीन एकदिवसीय मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक बनाए है।

वह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया शुरुआत में आउट करना चाहेगा। हरमनप्रीत कौर की टीम उसी एकादश पर भरोसा बनाए रखेगी, जेमिमा रोड्रिग्स की उपलब्धता पर ही सवालिया निशान है। प्रतीका रावल, हरलीन देओल, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा टीम में गहराई लाएंगी, जबकि राणा, राधा और क्रांति गेंदबाजी में रेणुका का साथ देंगी। भारतीय गेंदबाजों की बात की जाये तो रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरुआत में ही शानदार प्रदर्शन किया, क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लेकर कमाल कर दिया, और स्पिनरों स्नेह राणा, राधा यादव और दीप्ति शर्मा ने दबाव बनाया। ऑस्ट्रेलिया 190 रनों पर ढेर हो गया।

यह एकदिवसीय इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी, और 13 मैचों की उनकी जीत का सिलसिला भी टूट गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी कम मत आंकना चाहिए। एलिसा हीली की टीम लगातार दो मैच शायद ही कभी गंवाती है। अगर फोबे लिचफील्ड वापसी करती हैं, तो एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड और हमेशा खतरनाक एश्ले गार्डनर के साथ शीर्ष क्रम मजबूत नज़र आता है। उनकी गेंदबाजी में अभी भी दम है।

# सच्चाई आए सामने

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को फिर से घेरा है। एक्स वीडियो पर उन्होंने क्लिप शेयर की, केपशन में लिखा कि चार बजे उठो, छत्तीस सेकेंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ, ऐसे भी हुई वोट चोरी। गुरुवार को भी अपनी एक प्रेस कान्फ्रेंस में वह चुनाव आयोग पर आरोप लगा चुके हैं तब उन्होंने कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं और अपनी बात को मजबूती प्रदान करने लिए उन्होंने कनार्टक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई। जहां तक बात चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया की है, वह केवल यह कहकर पल्ला झाड़ता दिखाई दे रहा है कि राहुल गांधी के आरोपों में कोई दम नहीं है। सरकार भी राहुल गांधी को इस पूरे मामले पर घेरती दिखाई दे रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कह भी डाला कि राहुल गांधी हताशा में हैं। वह कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। असल में शुक्रवार को राहुल गांधी ने कहा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश के जेन जी संविधान को बचाएंगे। लो. कतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे और मैं उनके साथ खड़ा हूं। भाजपा के नेता उनके इस बयान को उनके माओवादी होने के सबूत में पेश कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फणडवीस ने कहा भी कि यह वोट चोरी का मामला नहीं है राहुल का दिमाग चोरी हो गया है और जब किसी का दिमाग चोरी हो जाता है तो वह इसी तरह करता है। उन्होंने कहा कि राहुल की देश के संविधान के प्रति आस्था नहीं है। वह सारी व्यवस्था को नकार रहे हैं और अब तो उन्हें शहरी माओवादी होने का सबूत भी दे दिया है। जाहिर है राजनीति में इस तरह की प्रतिक्रिया तो चलती रहती है, राहुल गांधी कितना सच कह रहे हैं कितना झूठ कह रहे हैं, यह अलग बहस का विषय हो सकता है और इसका पता भी जब चल सकता है, जब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि जांच की आवाज किधर से भी नहीं आ रही है। न तो चुनाव आयोग ही जनता को यह आश्वासन दे पा रहा है कि वह इस पूरे मामले की जांच करा पाएगा, वैसे होना यही चाहिए था कि अगर कहीं से गड़बड़ी की खबर आ रही है तो चुनाव आयोग को कहना चाहिए था कि वह इस सच का पता लगाएगा। ठीक उसी तरह सरकार को भी इस तरह के आरोपों पर चिंता जाहिर करनी चाहिए थी। लेकिन हो इसके उलट रहा है। चुनाव आयोग तमाम आरोपों को सिरे से ही नकार रहा है और केंद्र सरकार इस तरह की गड़बड़ी पर चिंता जाहिर करने के बजाए चुनाव आयोग का पूरी तरह बचाव करती दिखाई दे रही है बल्कि उससे भी आगे जाकर, इतना बचाव तो खुद चुनाव आयोग अपना नहीं कर पा रहा है। जाहिर है इस तरह के व्यवहार से जनता में एक गलत संदेश ही जाएगा और चुनाव आयोग की साख ही प्रभावित होगी। यह उस देश के लिए जरा भी ठीक नहीं है, जो दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला लो. कतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में मर्यादा व मूल्यों की बहुत गरिमा होती है। इसकी रक्षा होनी ही चाहिए।

## वीरता हथियार के आकार की बात नहीं



पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता, पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है, हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी, जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते, मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था, हमारे बहादुर वीर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार की बात नहीं है, बल्कि दिल बड़ा होना चाहिए, जब पहलगाम हमला हुआ था, तो प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों को सबक सिखाने का फैसला किया था।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# पीर अली खानः आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ





**वीरेश तरार**

1857 का संग्राम भारतीय स्वतंत्रता की पहली प्रचंड ज्वाला था। यह केवल सैनिकों का विद्रोह नहीं था, बल्कि जनता के हृदय में लंबे समय से धधक रही उस चिंगारी का विस्फोट था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को पहली बार गहराई से हिला दिया। इस संग्राम में जहां मेरठ और दिल्ली से लेकर कानपुर, झांसी, बरेली, लखनऊ, अवध और पूरे उत्तर भारत के अनेक सेनानी अमर हुए, वहीं बिहार की धरती पर एक ऐसा नायक खड़ा हुआ, जिसकी शहादत आजादी के इतिहास का अमिट स्तंभ है। यह नायक थे पीर अली खान।

पीर अली खान का नाम हमारे इतिहास में उस वीरता और अदम्य साहस का प्रतीक है, जिसने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता की नींव मजबूत की, लेकिन दुखद यह है कि आजादी की उस लंबी लड़ाई के कई सच्चे नायकों की तरह पीर अली खान को भी इतिहास के पन्नों में वह स्थान नहीं मिला, जिसके वह अधिकारी थे। आज जब हम स्वतंत्र भारत की सांस लेते हैं और अपनी मातृभूमि की आजादी पर गर्व करते हैं, तब पीर अली खान जैसे बलिदानियों को याद करना न केवल आवश्यक है, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है।

पीर अली खान का जन्म सन 1812 के आसपास माना जाता है। वह मूल रूप से एक साधारण परिवार से थे। जीविका के लिए उन्होंने पटना में किताबों की जिल्दबंदी और किताबों की दुकान का काम शुरू किया। उस समय किताबें केवल ज्ञान का साधन ही नहीं थीं, बल्कि विचारों और संदेशों का माध्यम भी थीं। पीर अली खान की दुकान पटना में किताबों के प्रेमियों के लिए एक सामान्य स्थल थी, लेकिन धीरे-धीरे यह दुकान अंग्रेजों के विरुद्ध गुप्त योजनाओं का केंद्र बनने लगी। किताबों की जिल्दों और पन्नों के बीच से वे स्वतंत्रता संग्राम के पर्चे, संदेश और गुप्त पत्र सिपाहियों और क्रांतिकारियों तक पहुंचाने लगे। उनके संपर्क डेनापुर छावनी के उन भारतीय सिपा. हियों से भी थे, जिनके मन में अंग्रेजों के प्रति असंतोष दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा था। जब मई 1857 में मेरठ से विद्रोह की चिंगारी फूटी और दिल्ली में बहादुरशाह जफर को सम्राट घोषित कर स्वतंत्रता का बिगुल बजा, तो इसकी गूंज पटना तक पहुंची। बिहार की धरती पहले से ही शोषण, अन्याय और अत्याचार से त्रस्त थी। किसानों और स्थानीय जनता से कठोर कर वसूली, अंग्रेज अधिकारियों की तानाशाही और उनके नस्लीय अहंकार ने जनता के मन में गहरा असंतोष पैदा कर दिया था। ऐसे माहौल में पीर अली खान जैसे साहसी और निडर व्यक्ति के लिए यह दुकान मात्र व्यवसाय नहीं रही, बल्कि स्वतंत्रता का गुप्त अड्डा बन गई। अंग्रेज प्रशासन की निगाहें बहुत जल्द उनकी गतिविधियों पर पड़ गईं। उन्हें शक था कि पीर अली खान केवल किताबें बेचने और जिल्दबंदी करने वाले नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को संदेश पहुंचाने वाले भी हैं। 4 जुलाई 1857 को अंग्रेजों ने पीर अली खान को उनके 33 साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं। उनसे बार-बार पूछा गया कि उनके साथ और कौन लोग जुड़े हुए हैं, किन सैनिकों से उनका संपर्क है, वे क्रांतिकारी पर्चे कहां से लाते हैं। लेकिन पीर अली खान ने किसी का नाम नहीं बताया। उन्होंने अपने साथियों के साथ विश्वासघात करने के बजाय अपने प्राण न्योछावर करना स्वीकार किया।

अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें डराने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए। उन्हें यह लालच भी दिया गया कि यदि वे अपने साथियों के नाम बता दें तो उन्हें क्षमा कर दिया जाएगा। लेकिन पीर अली खान अडिग रहे। उन्होंने कहा कि वे मरना पसंद करेंगे, पर अपने साथियों का भेद नहीं बताएंगे। यही उनका चरित्र था, यही उनकी सच्ची राष्ट्रभक्ति थी।

7 जुलाई 1857 को उन्हें फांसी की सजा दी गई। पटना के अंग्रेज कलेक्टर के आवास के सामने, सार्वजनिक रूप से, उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया गया। अंग्रेज चाहते थे कि जनता यह .श्य देखकर भयभीत हो, लेकिन परिणाम उल्टा हुआ। लोगों के मन में पीर अली खान के लिए श्रद्धा और अंग्रेजों के लिए घृणा और अधिक गहरी हो गई। उनकी निर्भीकता का यह आलम था कि अंतिम क्षणों में उन्होंने निर्भय स्वर में कहाकृहतुम मुझे फांसी दे सकते हो, लेकिन मेरे विचारों और मेरे साथियों की चेतना को नहीं मार सकते। यह वाक्य आज भी स्वतंत्रता की उस अमर भावना का प्रतीक है, जो किसी भी शक्ति से दबाई नहीं जा सकती। पीर अली खान की शहादत के बाद अंग्रेजों ने उनकी किताबों की दुकान और पुस्तकालय को तहस-नहस कर दिया। उनके सहयोगियों को भी कड़ी सजाएं दी गईं। लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनकी फांसी ने पूरे पटना और बिहार में क्रांति की लहर को और तेज कर दिया। उनका बलिदान यह सिद्ध कर गया कि स्वतंत्रता केवल सिपाहियों की बंदूक का सपना नहीं था, बल्कि आम जनता के दिल की पुकार थी।

आज जब हम 1857 के संग्राम की चर्चा करते हैं, तो बहादुरशाह जफर, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, बेगम हजरत महल जैसे महान नाम सामने आते हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि पीर अली खान जैसे वीर, जिन्होंने अपने लहू से स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, उतनी प्रसिद्धि नहीं पा सके। जबकि उनका योगदान किसी भी तरह कमतर नहीं था। वे इतिहास के उस छिपे हुए पन्ने हैं, जिसे बार-बार पलटकर देखना चाहिए। यह भी विचारणीय है कि आज जब कभी मुस्लिम समाज की राष्ट्रभक्ति पर संदेह जताने की कोशिश की जाती है, तब हमें पीर अली खान की शहादत याद करनी चाहिए। उन्होंने यातनाएं झेलीं, पर अपने साथियों का नाम तक न बताया। उन्होंने राष्ट्रहित में अपने प्राणों का बलिदान दिया। वे इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण हैं कि भारत की आजादी की लड़ाई में हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग ने अपना योगदान दिया। पीर अली खान की शहादत इतिहास का वह आभूषण है, जिसे भुलाना हमारी आजादी की आत्मा को भुलाना होगा। आज पटना में जिस जगह उन्हें फांसी दी गई थी, वहां पीर अली पार्क उनकी स्मृति में मौजूद है। यह केवल एक स्मारक नहीं है, बल्कि यह गवाही है उस बलिदान की, जिसने स्वतंत्रता की नींव में अपनी जगह हमेशा के लिए बना ली। हर पीढ़ी को वहां जाकर यह समझना चाहिए कि आजादी का यह उपहार हमें सहज नहीं मिला, इसके पीछे पीर अली खान जैसे अनगिनत बलिदानियों की आहुति है।

पीर अली खान की गाथा हमें यह सिखाती है कि स्वतंत्रता का इतिहास केवल बड़े राजाओं और प्रसिद्ध सेनानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि उन गुमनाम और अल्पज्ञात नायकों का भी इतिहास है, जिन्होंने अपने प्राण देकर आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्र भारत का स्वप्न सौंपा। यदि हम ऐसे नायकों को भूल गए, तो हम अपनी आजादी की जड़ों को भूल जाएंगे। इसलिए आज जब कोई भी किसी मुस्लिम की राष्ट्रभक्ति पर संदेह करने की को. शिश करे, तो हमें दस बार पीर अली खान का नाम स्मरण करना चाहिए। यह नाम हमें याद दिलाएगा कि भारत की आजादी की नींव में उनका लहू भी उतना ही शामिल है जितना किसी और का। यह नाम हमें यह भी याद दिलाएगा कि राष्ट्रभक्ति का कोई धर्म नहीं होता, यह केवल त्याग, बलिदान और निष्ठा से उपजती है। पीर अली खान का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास का अमर स्तंभ है। उनकी स्मृति हमारे राष्ट्रीय जीवन में सदैव प्रेरणा देती रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी गाथा केवल पटना के पार्क तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे देश की चेतना में अंकित हो। जब तक भारतवर्ष रहेगा, तब तक पीर अली खान की शहादत का गौरव भी जीवित रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रिश्ते में आ गई हैं दूरियां, कहां बिगड़ रही बात

**शितों में बढ़ती दूरियां बातचीत, जिम्मेदारी की कमी और पुराने दर्द को साथी पर थोपने का परिणाम हैं। रिलेशनशिप कोच के अनुसार, परफेक्ट साथी की तलाश और सोशल मीडिया पर दूसरों को गलत साबित करने की बजाय, हमें अपने अंदरूनी घावों को भरने, आत्म-सम्मान बढ़ाने और वचन निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि रिश्तों में सुधार हो।**

आज के तेज-रफ्तार दौर में, ज्यादातर लोगों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि उनके रिश्ते क्यों और कहां बिगड़ रहे हैं। रिश्ते में आई दरार के लिए लोग आमतौर पर छोटी-छोटी बातों, बिजी दिनचर्या और हालातों को दोष देते नजर आते हैं, लेकिन समस्या इससे कहीं ज्यादा गहराई में छिपी है। हर दिन जब हम अपने पार्टनर को समय नहीं दे पाते, जाने-अनजाने में उनकी बेइज्जती कर देते हैं और उनके रूठ जाने पर उनसे बात करने की बजाय उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। इन सबका नतीजा यह होता है कि हमारा रिश्ता बिखरने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि हम हालातों और एक दूसरे को दोष देने की बजाय रिश्ते को ठीक करने के लिए सही कदम उठाएं। रिलेशनशिप कोच और थेरेपिस्ट ने एक पोस्ट में बताया कि आजकल रिश्तों को असल में क्या बिगाड़ रहा है और हमें इसके बजाय क्या करना चाहिए। उन्होंने आसान शब्दों में यह बातें समझाई।



**बातचीत, जिम्मेदारी व समझ की कमी, क्या करें?**

सोचिए कि कहीं आप अपने पुराने दर्द को अपने साथी पर तो नहीं डाल रहे। कई बार हम वही साथी चुनते हैं जो हमें वैसे ही तकलीफ देता है जैसे बचपन में माता-पिता ने दिया था।

**बिल्कुल परफेक्ट साथी की तलाश, क्या करें?**

अपने अंदर के घायल हिस्सों को संभालिए। खुद को इतना पूरा महसूस करें कि किसी साथी के बिना भी आप खुश रह सकें।

**दूसरों को गलत साबित करने वाले पोस्ट, क्या करें?**

अपनी नजर दूसरों पर नहीं, अपने अंदर की हीलिंग पर रखें। समझिए कि कैसे आपकी कुछ आदतें ऐसे लोगों को खींचती हैं जिन्हें आप असल में नहीं चाहते। अपने अंदर छुपे गहरे दर्द और भावनाओं को समझने के लिए आंतरिक काम करें। चार मजबूत आदतों पर ध्यान दें, ताकि बिना सालों तलाश किए आप अपनी रुकावटें दूर कर सकें।

**सिर्फ बातें, बिना काम और बिना लगातार कोशिश**

जो कहते हैं, उसे निभाने की आदत डालें। अपना वचन निभाने से ही आत्म-सम्मान बढ़ता है।

**दिमागी खेल और कंट्रोल की चाह, क्या करें?**

खुद का ऐसा जीवन बनाएं जिसमें आपकी जरूरतें पूरी हों। जिन गुणों की आप दूसरों से उम्मीद रखते हैं, उन्हें पहले खुद में लाएं। सोचिए, मैं किसी और की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता हूं?

# गर्माती दुनिया में ठंडक देते वस्त्र

वैश्विक तपन अब कोई दूर का खतरा नहीं रह गया है। यह हमारी जिंदगी, काम और जीने के तरीकों को बदल रहा है। जैसे-जैसे गर्मियां और अधिक गर्म और प्रचंड हो रही हैं, गर्मी में सिर्फ सूती कपड़े पहनना ठंडक के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ठंडक देने के नए उपाय खोजने की मांग बढ़ रही है - ऐसे उपाय जो बिना अधिक बिजली खर्च किए गर्मी से बचा सकें। इसके लिए सबसे पहले यह समझना होगा कि हमें ठंडक कैसे मिलती है। शरीर को ठंडक मुख्यतरू चार प्रमुख तरीके से मिलती है-

विकिरण- जब गर्मी अदृश्य ऊर्जा के रूप में बाहर निकलती है।

संचरण- जब गर्मी छूने से स्थानांतरित होती है, जैसे गरम तवे को छूना।

संवहन- जब बहती हवा गर्मी को साथ ले जाती है, जैसे ठंडी हवा का झोंका।

वाष्पीकरण- जब पसीना वाष्पित होकर शरीर से गर्मी बाहर ले जाता है। आधुनिक विज्ञान अब ऐसे कपड़े और पहनने योग्य उपकरण बना रहा है, जो इन चारों तरीकों को और ज्यादा असरदार बना सकें।

**ठंडक देने वाले स्मार्ट कपड़े**

वैज्ञानिक ऐसे खास कपड़े बना रहे हैं, जो सूरज की हानिकारक गर्मी को रोकें और शरीर की प्राकृतिक इन्फरेड ऊर्जा को बाहर निकलने दें। इसके कुछ उदहारण हैं-

**नैनोपोरस पॉलीएथिलीन कपड़ा**- यह सूती कपड़े से लगभग 2 डिग्री सेल्सियस ज़्यादा ठंडा रखता है, क्योंकि यह शरीर की गर्मी को बाहर जाने देता है और सूरज की रोशनी को रोकता है।


**मेटाफैब्रिक**- यह कपड़ा अलग-अलग तरंगदैर्ध्य के प्रकाश को परावर्तित करता है और शरीर की गर्मी को वायुमंडलीय झरोखे यानी वे किरणें जो अंतरिक्ष में बिखर जाती हैं के जरिए बाहर निकलने देता है। लेकिन ये कपड़े कभी-कभी शहर की इमारतों और सड़कों से निकलने वाली गर्मी को सोख लेते हैं। इसके अलावा नमी और वायु प्रदूषण भी इनके काम में बाधा डालते हैं। इसलिए वैज्ञानिक अब विकिरण प्रक्रिया को संवहन और वाष्पीकरण के साथ मिलाकर ऐसे कपड़े बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तविक परिस्थितियों में भी काम करें।

**संचरण और संवहन**- संचरण एक कारण है जिससे कुछ कपड़े छूते ही ठंडे लगते हैं। यदि इनमें बोरोन नाइट्राइड जैसे उच्च ऊष्मा चालक कण मिलाए जाएं, तो ए कपड़े त्वचा की गर्मी को जल्दी बाहर खींच लेते हैं। दूसरी ओर, एयरोजेल फाइबर (जो ध्रुवीय भालू के फर से प्रेरित हैं) इंसुलेटर का काम करते हैं और अत्यधिक गर्म माहौल में बाहर की गर्मी को रोकते हैं। संवहन प्रकृति का अपना एयर कंडीशनर है। ढीले, हवादार कपड़े गर्म हवा को बाहर निकालते हैं और ठंडी हवा को अंदर लाते हैं। कुछ स्मार्ट कपड़े तो ऐसे भी हैं जिनमें नमी-संवेदनशील रेशे होते हैं, जो पसीना बढ़ने पर छोटे-छोटे छिद्र खोल देते हैं और पसीने को तेजी से सुखा देते हैं।

**वाष्पीकरण की भूमिका**- साधारण कपड़ों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वे पसीना सोख लेते हैं और गीले हो जाते हैं, जिससे ए भारी व असुविधाजनक लगते हैं। अब वैज्ञानिक ऐसे कपड़े बना रहे हैं जो हमारी त्वचा की तरह काम करें - यानी पसीने की बूंदों को बाहर निकाल दें। इससे शरीर सूखा बना रहता है। कुछ कपड़े तो छोटे-छोटे विद्युत आवेश का इस्तेमाल करके पसीने को सक्रिय रूप से बाहर पंप कर देते हैं। इससे न सिर्फ पहनने में आराम मिलता है बल्कि कपड़े की कूलिंग क्षमता भी बढ़ जाती है क्योंकि भीगे कपड़े ज़्यादा गर्मी सोखते हैं।

**पहनने योग्य शीतलक**- हमेशा सिर्फ कपड़े ही अत्यधिक गर्मी से नहीं बचा सकते। यहां काम आते हैं पहनने योग्य शीतलक। पंखे से लैस जैकेट और लिक्विड-कूलिंग वेस्ट पहले से मौजूद हैं, लेकिन ए भारी, ज़्यादा बैटरी खाने वाले और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए असुविधाजनक हैं।

एक नया विकल्प है किरिगामी-आधारित उपकरण। यह आकार और सतह बदलकर गर्मी को नियंत्रित करता है और लैब टेस्ट में शरीर की आरामदायक सीमा को लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा देता है। एक और समाधान है सौर ऊर्जा से चलने वाले कपड़े, जो ऑर्गेनिक सोलर पैनल और इलेक्ट्रोकैलोरिक डिवाइस की मदद से जरूरत के हिसाब से शरीर को ठंडा या गर्म रखते हैं। लेकिन अभी इनमें कई चुनौतियां हैं - जैसे बैटरी का जीवन, लचीला. पन और तार की फिटिंग।



**कृत्रिम बुद्धि और शीतलन**

एक हालिया प्रयास स्मार्ट और निजी कूलिंग सिस्टम्स है। इसमें ऐसे पहनने योग्य सेंसर होंगे जो शरीर का तापमान, पसीना, हार्ट रेट और तनाव के स्तर को मापेंगे। इसके आधार पर एआई खुद ही पहचान लेगा कि शरीर ज़्यादा गर्म हो रहा है और तुरंत कूलिंग सिस्टम चालू कर देगा। जल्द ही स्मार्ट कपड़ों में ऐसी तकनीकें भी आ सकती हैं जो खुद शरीर से ऊर्जा पैदा करें। जैसेरू थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर, जो शरीर की गर्मी से ऊर्जा बनाएंगे। पिजोइलेक्ट्रिक सिस्टम, जो शरीर की हलचल से बिजली बनाएंगे। मॉइस्चर-इलेक्ट्रिक डिवाइस, जो पसीने से बिजली पैदा करेंगे, लेकिन सिर्फ तकनीक काफी नहीं है। कूलिंग कपड़े तभी सफल होंगे जब वे रोजाना पहनने योग्य हों मजबूत और धोने योग्य हों पर्यावरण के अनुकूल हों ताकि प्रदूषण न फैले। पर्सनल कूलिंग सिर्फ आराम का सवाल नहीं है। धूप में काम करने वाले मजदूरों, किसानों, डिलीवरी कर्मचारियों और फायरफाइटर्स जैसे लोगों के लिए यह जीवन और मौत का फर्क साबित हो सकता है। वहीं एथलीट्स और साहसी यात्रियों के लिए भी ऐसे कपड़े मददगार होंगे, जो आपको गर्मी से बचाएं और ज्यादा ऊर्जा भी न खाएं।

**–स्रोत फीचर्स**

# फ्रांस में बजट कटौती के खिलाफ पांच लाख लोग जुटे

## स्कूली बच्चों ने हाईवे ब्लॉक किए, पत्थरबाजी हुई, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 141 गिरफ्तार



**पेरिस।** फ्रांस में बजट कटौती को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रेड यूनियनों ने गुरुवार को हड़ताल की अपील की थी, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। पेरिस, लियोन, नांतेस, मार्सिले, बोर्डो, टूलूज और कैएन जैसे शहरों में सड़कें जाम हो गईं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों में 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, जबकि यूनियनों ने संख्या 10 लाख बताई है। सुरक्षा के मद्देनजर देश भर में 80,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और 141 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। कुछ जगहों पर पत्थरबाजी और आंसू गैस का इस्तेमाल हुआ, लेकिन ज्यादातर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे। कई जगह स्कूली बच्चों ने भी हाईवे ब्लाक किए। फ्रांस की सरकार ने 2026 के बजट में करीब 52 अरब डालर की कटौती का प्लान बनाया है। इसमें पेंशन फ्रीज करना, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च कम करना, बेरोजगारी भत्ता घटना और दो राष्ट्रीय छुट्टियां हटाना शामिल है। सरकार का कहना है कि देश का घाटा यूरोपीय यूनियन के 3 प्रतिशत मानक से दोगुना है, और कर्ज जीडीपी का 114 प्रतिशत हो गया है। लेकिन लोग इसे अमीरों के लिए राहत और गरीबों पर बोझ मानते हैं। यूनियनों का कहना है कि अमीरों पर टैक्स बढ़ाओ। महंगाई से पहले ही जिंदगी मुश्किल हो गई।

### प्रदर्शन की प्रमुख 4 वजह

#### राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

#### बजट में कटौती

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा।

#### 2 साल में 5 पीएम

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

#### ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। इन विरोध प्रदर्शनों को वामपंथी राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबाउड ने अगस्त में ही इस आंदोलन का समर्थन किया था। अब इससे अन्य वामपंथी दल भी जुड़ गए। सोशलिस्ट पार्टी ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। वहीं, न्यू पापुलर फ्रंट (एनपीएफ) और नेशनल रैली (आरएन) जैसे दल, जिन्होंने संसद में बजट के खिलाफ वोट देकर पिछली सरकार गिराई थी। वे दल भी यूनियनों के साथ सड़कों पर हैं, और अमीरों पर ज्यादा टैक्स की मांग कर रहे हैं।

देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ये आंदोलन नई सरकार के लिए बड़ा खतरा हैं। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को अब बजट पास करने में मुश्किल होगी। संसद बंटी हुई है और किसी के पास बहुमत नहीं है। प्रदर्शन से ट्रेन, बस, मेट्रो रुक गई है, स्कूल बंद करने पड़े हैं और बिजली उत्पादन 1.1 गीगावाट कम हुआ है। इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और सरकार पर बजट बदलने का दबाव बढ़ेगा।

## रूसी परमाणु पनडुब्बियों ने किया मिसाइल परीक्षण

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रशांत फ्लीट की दो परमाणु पनडुब्बियों ने ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक क्रूज मिसाइल दागी। प्रशांत फ्लीट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फ्लीट ने अपने बयान में कहा कि बहुउद्देशीय सबमरीन क्रास्नोयार्स्क और ओम्स्क ने अपने 250 किलोमीटर दूर समुद्री लक्ष्य पर ओनिक्स तथा ग्रनिट नाम की क्रूज मिसाइलें दागीं। तकनीकी निंगरानी आधारित डाटा के मुताबिक मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। परीक्षण के दौरान लक्ष्य क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए प्रशांत सागर बेड़े के जहाजों और नौसेना विमानन इकाइयों को तैनात किया गया था।



उत्तराखंड। चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र के एक गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बाद बचाव अभियान के दौरान एसडीआरएफ के जवान।

## गाजा में मानवीय पहुंच प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो

**संयुक्त राष्ट।** मेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनजीसी) के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया, जिसमें इजरायल से गाजा में मानवीय पहुंच और आपूर्ति पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने की मांग की गई थी।

मसौदे में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थाई युद्धविराम के साथ-साथ हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की बिना शर्त, सम्मानजनक और तत्काल रिहाई की भी मांग की गई थी। सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्ईय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका के पास वीटो शक्ति है। अमेरिकी वीटो की सुरक्षा परिषद में व्यापक आलोचना हुई। अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अमर बेंडजामा ने कहा कि मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले 14 परिषद सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय जनमत के आह्वान को दोहराते हुए विवेक से काम लिया है। उन्होंने कहा कि यह परिषद फिर से विफल रही कि मानवता की अंतरात्मा पर एक और धब्बा। उन्होंने कहा कि खुली आंखों के सामने हो रहे नरसंहार के सामने यह शर्मनाक है। बेंडजामा ने कहा इस समय, कोई अस्पष्टता नहीं हो सकती। हममें से प्रत्येक को या तो नरसंहार को रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी, या फिर इसमें शामिल लोगों में गिना जाना होगा। सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने कल के मतदान परिणाम को 'एक गंभीर नैतिक विफलता' बताया। उन्होंने कहा कि यह मसौदा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भाषा और भावना पर आधारित है, जिसका पालन करने की सभी सदस्य देशों ने शपथ ली है।

> सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्यीय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट, छह लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के दक्षिणी-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य घायल हो गया है। यह विस्फोट पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर चमन जिले के एक टैक्सी स्टैंड पर हुआ है। रेस्क्यू 1122 के अनुसार पीड़ितों को जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती किया गया है। चमन में सरकारी चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र 1122 के प्रभारी गफूर उर रहमान ने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और जांच जारी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### थाईलैंड सम्राट ने नए मंत्रिमंडल को दिया समर्थन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के सम्राट महा वजीरालोंगकोर्न ने प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकु के नेतृत्व में बने नए मंत्रिमंडल को अपना समर्थन दिया है। एक शाही आदेश से शुक्रवार को इसकी पुष्टि हुई। आधिकारिक शाही गजट के अनुसार सम्राट ने प्रधानमंत्री अनुतिन द्वारा चुने गए 36 सदस्यीय मंत्रिमंडल को नियुक्त किया, जिसमें छह उप प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में उनके समर्थन के बाद यह नियुक्ति की गई है।

### ऊंची इमारत में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया की व्यावसायिक राजधानी लागोस में एक ऊंची इमारत में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर वीडियो में सात मंजिला अफ्रिलैंड टावर्स के निवासी आग लगने के समय तीसरी और चौथी मंजिल से कूदते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित कर्मचारी जो इमारत के अंदर फंस गए थे, जहां शहर की अधिकांश व्यावसायिक कंपनियां और अन्य संगठन स्थित हैं।

## ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका

> कंपनियों को 10 दिन में पोर्ट को मिली छूट खत्म होगी, ये भारत के पास 10 साल लीज पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को दी गई खास छूट गुरुवार को रद्द कर दी। यह भारत के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि यह बंदरगाह भारत का बहुत जरूरी प्रोजेक्ट है। 29 सितम्बर 2025 से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर अमेरिका जुर्माना लगा सकता है। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दी है। अमेरिका ने कहा: हम ईरान की गलत हरकतों को रोकना चाहते हैं। जब तक ईरान हमले आतंकवाद और अशांति फैलाने में पैसा लगाएगा, हम उसे रोकने के लिए हर कदम उठाएंगे। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'मैक्सिमम प्रेशर' पालिसी का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में शुरू हुई थी। चाबहार को 2018 में अफगानिस्तान की मदद और विकास के लिए छूट मिली थी। अब इसे खत्म कर दिया गया है। भारत इस बंदरगाह को अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक पहुंचने के लिए इस्तेमाल करता है, ताकि पाकिस्तान से न गुजरना पड़े। भारत ने 2024 में चाबहार को 10 साल के लिए लीज पर लिया है। इसके तहत भारत यहां 120 मिलियन डालर निवेश करेगा और 250 मिलियन डालर का क्रेडिट लाइन (सस्ता कर्ज) देगा। अमेरिका का कहना है कि अब हालात बदल गए हैं। पहले अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार थी और चाबहार खाने-पीने की चीजें और सामान भेजने का रास्ता था।

## वैश्विक डाक संघ की प्रशासन परिषद के लिए फिर चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** भारत को दुबई में आयोजित वैश्विक डाक संघ (यूपीयू) के 28वें अधिवेशन में यूपीयू की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय ने इस सफलता की सराहना करते हुए सदस्य देशों का आभार जताया है। दूरसंचार मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूपीयू के निकायों के लिए भारत का पुनः निर्वाचित भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। भारत 1876 से यूपीयू का सदस्य रहा है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मज़बूत बनाने में निरंतर योगदान देता रहा है।

# जैश के बाद लश्कर के आतंकी ने बयां की ऑपरेशन सिंदूर से तबाही की कहानी

## पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है

**इस्लामाबाद।** जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था।

उसने यह भी कहा कि इस आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। हालांकि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। कासिम ने कैमरे के सामने खड़े होकर इस सच को कबूल किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लश्कर कमांडर कासिम कहता नजर आ रहा है कि मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो भारतीय हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। यह मस्जिद पहले से भी बड़ी बनाई जाएगी। वायरल हो रहे वीडियो में कासिम एक निर्माणाधीन जगह के पास खड़ा दिखाई दे रहा है। जिसमें वह कह रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। कासिम आगे यह भी कबूल करता है कि इस मस्जिद में कई मुजाहिदीन और तलबाने प्रशिक्षण हासिल किया और विजय हासिल की। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिनमें मुजाहिद और तलबा (छात्र) शामिल थे और वे यहां से फतह (जीत) के लिए निकले। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि जिस इमारत को नष्ट किया गया, वह अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होती थी। एक और वीडियो में लश्कर के इस आतंकी ने पाकिस्तान के युवाओं से अपील की कि वे मुरिदके में मरकज तैयबा में होने वाले 'दौरा-ए-सुफ्फा' नाम के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों।





# रूस के कामचटका में 7.8 तीव्रता का भूकंप

## सुनामी का अलर्ट जारी, बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 4 भूकंप आए

**मॉस्को।** रूस के कामचटका के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह 7.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। इसके बाद 5 आफ्टरशाक महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इसके बाद सुनानी की चेतावनी जारी की गई। तट पर 30 से 62 सेंटीमीटर ऊंची लहरें देखी गईं।

कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने बताया कि सभी आपातकालीन सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस क्षेत्र में आज आए भूकंप समेत 4 बड़े भूकंप 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए भूकंप के वीडियो में घरों में फर्नीचर और लाइटें हिलती हुई दिखाई दीं। झटके इतने तेज थे कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी हिलती नजर आईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 128 किलोमीटर दूर, जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूस की स्टेट जियोफिजिकल सर्विस ने बताया कि बाद में तीव्रता घटकर 7.4 हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा-आज (19 सितम्बर) की सुबह एक बार फिर कामचटका के लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। कामचटका के पूर्वी तट के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। जनता को सतर्क किया जा रहा है। भूकंप के बाद सामाजिक संस्थानों और रिहायशी इमारतों में नुकसान की जांच शुरू कर दी गई है। कुरिल द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस और पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने अलास्का के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की सलाह जारी की थी, जिसे बाद में हटा लिया गया।

## चीन ने महिला विकास की उन्नति पर जारी किया श्वेतपत्र

**बीजिंग।** चीन में राज्य परिषद् सूचना कार्यालय द्वारा 'नए युग में महिलाओं के सर्वांगीण विकास में चीन की उपलब्धियां' शीर्षक से एक श्वेतपत्र जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पांच अध्यायों वाला यह श्वेतपत्र बीजिंग में आयोजित होने वाली 2025 की लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक नेताओं की बैठक के मद्देनजर है। यह श्वेतपत्र नए युग में लैंगिक समानता और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में चीन के दर्शन, सिद्धांतों और नवीन परिपाटियों का परिचय प्रदान करता है। यह श्वेतपत्र चीनी महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करते हुए महिलाओं की उन्नति के लिए वैश्विक प्रयासों में शामिल होने की चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। श्वेतपत्र लैंगिक समानता की खोज को एक महान कार्य बताता है और इस बात पर बल देता है कि चीनी महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने और अपने सपनों को साकार करने के इतने व्यापक अवसर पहले कभी नहीं मिले थे।

# नेपाली पीएम सुशीला बोलीं: हम जीरो स्टेट की स्थिति में

> न इमारतें बची और न ही डॉक्यूमेंट्स, जेन-जी आंदोलन की आग में सब राख



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के सिंह दरबार में 9 सितम्बर को हुई भयानक आगजनी ने देश के सरकारी ढांचे को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर है कि नेपाल की नई अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शपथ लेते ही कहा कि हम शून्य स्थिति (जीरो स्टेट) में हैं। उनके पास कैबिनेट है, लेकिन मंत्रालयों के पास न तो इमारतें बची हैं और न ही जरूरी कागजात।

सिंह दरबार परिसर, जो कभी भव्य महल और 20 से ज्यादा मंत्रालयों का केंद्र था, अब मलबे का ढेर बन चुका है। आग की लपटों ने संसद, भ्रष्टाचार विरोधी विशेष अदालत, और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों को नष्ट कर दिया। सरकारी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, कंपनी रजिस्ट्रेशन, और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के मूल कागजात जलकर राख हो गए। अकेले सुप्रीम कोर्ट की 60 हजार से ज्यादा फाइलें राख हो गईं। जेन-जी आंदोलन के दौरान सिंह दरबार से डाक्यूमेंट्स बाहर फेंक दिया गया। संसद, राष्ट्रपति भवन से लेकर सुप्रीम कोर्ट, भ्रष्टाचार विरोधी अदालत और स्थानीय सरकारों की 300 से अधिक इमारतें भी आग की भेंट चढ़ गईं। पीएम कार्की ने कहा देश चलाने वाली सभी संस्थाएं और दस्तावेज नष्ट हो गए हैं।

# अमेरिका ने बीएलए पर बैन के प्रस्ताव को किया वीटो


## यूएन में पाकिस्तान-चीन का प्रस्ताव रोका, पिछले महीने यूएस ने ही आतंकी संगठन किया था घोषित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती यूनिट मजीद ब्रिगेड पर बैन के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान और चीन ने मिलकर सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में रखा था। दोनों देशों ने बीएलए को प्रतिबंधित संगठन घोषित करने की मांग की थी।

यूएनएसी की बैठक में पाकिस्तान ने दावा किया कि बीएलए, मजीद ब्रिगेड, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहे हैं और सीमा पार हमले कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान से फैल रहा आतंकवाद पाकिस्तान की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती है। अमेरिका के साथ ब्रिटेन और फ्रांस ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया है। इससे पहले अमेरिका ने ही पिछले महीने बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया था। बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है। इनमें कई आत्मघाती हमले भी होते हैं। अमेरिका ने कहा है कि बीएलए को अल-कायदा से जोड़ने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इस वजह से इसे संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध सूची में नहीं डाला जा सकता। इस सूची में आने पर किसी भी संगठन पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति फ्रीज और हथियार खरीदने पर रोक लग जाती है। पिछले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। इन्हीं आरोपों का हवाला देते हुए अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया था। बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे।



> बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108